CMYK

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, गुरुवार 7 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 277 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है: अखिलेश यादव पेज 2



करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे सिराज और कृष्णा खेल टाइम्स



हमें सिर्फ कश्मीर चाहिए, कश्मीरी नहीं सम्पादकीय



नेतन्याहू ने गाजा पर कब्जे का बनाया प्लान आर्मी चीफ ने जताया विरोध पेज 12

## RBI ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5 प्रतिशत पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई ने जून में ब्याज दर 0.50 फीसदी घटाकर 5.5 फीसदी की थीं। यह फैसला मानेटरी पॉलिसी कमेटी की 4 से 6 अगस्त तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कमेटी के



**■ 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा, लोन महंगे नहीं होंगे, ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी**

सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। टैरिफ अनिश्चितता के कारण ये फैसला लिया गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है, उसे रेपो रेट कहते हैं। इसमें बदलाव नहीं होने का मतलब है कि ब्याज दरें न तो बढ़ेंगी न घटेंगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मानसून सीजन अच्छा चल रहा है। साथ ही, त्योहारों का सीजन भी नजदीक आ रहा है, जो आमतौर पर आर्थिक गतिविधियों में उत्साह और तेजी लाता है। ये अनुकूल माहौल, सरकार और रिजर्व बैंक की सहायक नीतियों के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य में अच्छा संकेत देता है। भले -शेष पृष्ठ दो पर

## धराली त्रासदी: 5 की मौत, 9 जवान सहित 100 लापता

### दो शव बरामद, 400 का रेस्क्यू, केरल के 28 टूरिस्ट का अभी तक सुराग नहीं, सर्च ऑपरेशन जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/ उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में बादल फटने से प्रभावित इलाकों धराली, हर्षिल और सुखी टॉप में सर्च ऑपरेशन जारी है। त्रासदी में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। 100 से ज्यादा लोग लापता हैं। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ ,आईटीबीपी और आर्मी बचाव कार्य में जुटी हैं। आईटीबीपी के प्रवक्ता कमलेश कमल ने बताया कि 400 से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू किया गया है। 100 से ज्यादा



**■ पीएम ने दिल्ली में उत्तराखंड के सांसदों से मुलाकात की**

**■ वायुसेना के विमान राहत सामग्री लेकर पहुंचे**

अभी भी फंसे हैं। शाम तक उन्हें भी बचा लिया जाएगा। एनडीआरएफ डीआईजी शहीदी ने कहा कि सेना के 9 जवान लापता हैं। बुधवार सुबह पीएम मोदी ने उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। इसके बाद धामी ने धराली और दूसरी जगहों का एरियल सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर मीटिंग भी -शेष पृष्ठ दो पर

### पौड़ी जिले में बादल फटा

**देहरादून।** उत्तराखंड में बुधवार को भी भारी बारिश जारी है। पौड़ी जिले में बादल फटा है। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक महिला का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है। वहीं, बाकुंडा गांव में भी बादल फटा, जहां 5 नेपाली मजदूरों के बहने की सूचना है।

### अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा के लिए राज्य सरकारें 4 हफ्ते में अधिसूचनाएं जारी करें

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उच्चतम न्यायालय ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे अनाथ, कमजोर वर्गों और वंचित समूहों के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत कोटे के तहत मुफ्त शिक्षा देने की अनुमति संबंधी अधिसूचनाएं चार सप्ताह के अंदर जारी करें। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा कि दिल्ली, मेघालय, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात ने पहले ही अनाथ बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 12 (1)(सी) की परिभाषा में शामिल करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। बाकी राज्य भी इस संबंध में प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी कर लें।

### बिहार मतदाता सूची से गायब 65 लाख लोगों का शनिवार तक विवरण दे ईसी: SC

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह विशेष पुनरीक्षण के दौरान बिहार मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों (मृत और स्थायी पलायन करने वाले) का विवरण शनिवार तक दे। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुयान और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर यह निर्देश दिया।

### महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब क्यों नहीं: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने महिलाओं को सीडीएस (कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज) परीक्षा के जरिए भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) नौसेना अकादमी (आईएनए) और वायुसेना अकादमी (एएफए) में शामिल न करने को लेकर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की बेंच ने बुधवार को कहा महिला अफसरों को सेना में परमानेंट जॉब नहीं मिल रही। यह मामला गंभीर है।

# ट्रम्प का भारत पर रंजिशन वार: 25 % एक्स्ट्रा टैरिफ थोपा

### 21 दिन बाद होगा लागू, अब कुल 50% टैरिफ, रूसी तेल खरीदने की बताया वजह

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को इससे जुड़े एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा।

इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था। अब तक अमेरिका की तरफ से भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। ट्रम्प ने रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया है। मंगलवार को उन्होंने कहा था कि भारत रूस के साथ व्यापार करके यूक्रेन के खिलाफ रूसी वॉर मशीन को ईंधन देने का काम कर रहा है। इस वजह से



**■ कुछ भारतीय सामानों पर टैरिफ लागू नहीं होगा**

अमेरिका को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। ट्रम्प ने बुधवार के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में लिखा है कि भारत सरकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से रूस से तेल आयात कर रही है। ऐसे में अमेरिका में दाखिल होने वाले भारत के सामानों पर 25 फीसदी का एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। यह शुल्क 21 दिन बाद से लागू होगा। हालांकि कुछ खास परिस्थितियों में इस टैरिफ से छूट भी दी जाएगी जैसे कि यदि कोई सामान पहले ही समुद्र में लद चुका है और रास्ते में है, या यदि वह कुछ खास तारीख से पहले अमेरिका में पहुंच चुका है। इससे पहले मार्च 2022 में -शेष पृष्ठ दो पर

### अडानी के खिलाफ अमेरिका में जांच से ट्रम्प की धमकियों से बच रहे हैं मोदी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिका में पीएम मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है इसलिए श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। श्री ट्रम्प की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करता है। उनका कहना था कि यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं। राहुल गांधी 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत, कृपया समझे। पीएम मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, इसका कारण अडानी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है।

## सपा नेताओं की बुद्धि गधे जैसी: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सपा नेताओं की बुद्धि गधे जैसी हो गई है। सपा नेताओं ने ग से गणेश को ग से गधा पढ़वाया, इन्होंने ग से गधा पढ़ाकर गणपति की अवमानना करने का काम किया है। वे बुधवार को मुरादाबाद पहुंचे और उन्होंने बिलारी के पीपली गांव में अटल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही बटन दबाकर विकास की कई परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

सीएम योगी ने कहा कि सपा के जीवन का हिस्सा था नकल कराना। उन्होंने नकल कराकर युवाओं और पीढ़ी को खोखला किया। सपा को शिक्षा का मॉडल देखना है तो अटल आवासीय स्कूल देखें। हमने एक लाख 54 हजार विद्यालयों की काया बदली। सपा ने हमें एक लाख 54 हजार जर्जर स्कूल दिए, भवन कब गिर जाए, पता नहीं था। स्कूल में बच्चों के लिए टॉयलेट तक की व्यवस्था नहीं थी। हमने कायाकल्प के -शेष पृष्ठ दो पर

**ग से गधा पढ़ाकर गणपति का अपमान किया**

**यूपी के सीएम ने मुरादाबाद में कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण**



### सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थी पिछली सरकारें: योगी

**बरेली (ब्यूरो)।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पिछली सरकारें सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं।

बरेली में 2264 करोड़ रुपये की 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के अवसर पर उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए।

## यूट्यूबर एल्विश को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने रेव पार्टियों में कथित तौर पर 'सांप के जहर' का इस्तेमाल के आरोपी यूट्यूबर एल्विश यादव उर्फ सिद्धार्थ के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे पर बुधवार रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने इस इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली एल्विश यादव की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने

**■ 'सांप के जहर' विवाद मामले में शीर्ष अदालत ने लगाई रोक**

वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम के तहत उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्रवाई को चुनौती दी है। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता को राहत दी और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया।

### पीएम ने कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन-03 बिल्डिंग का उद्घाटन किया। यह 2019 में शुरू हुई सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का हिस्सा है और सीएसएस की 10 में से पहली बिल्डिंग है। कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन सबसे पहले किया गया है। इसे दिल्ली के अलग-अलग जगहों पर स्थित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर उनके बीच बेहतर कोआर्डिनेशन और कामों में तेजी लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत

रांची/चाईबासा, वार्ता

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी को झारखंड के चाईबासा की एक एमपी-एमएलए अदालत ने 2018 में एक रैली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े एक मामले में बुधवार को जमानत दे दी।

राहुल गांधी सुबह करीब 10.55 बजे अदालत में पेश हुए। इस दौरान कांग्रेस सांसद के वकील ने कहा कि राहुल गांधी झारखंड



**■ झारखंड की चाईबासा कोर्ट से मिली जमानत**

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अदालत में पेश हुए। उन्होंने जमानत मांगी थी, जो मंजूर हो गई। अब हम प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। यह मामला 2018 में चाईबासा में एक चुनावी रैली के दौरान दिए गए भाषण से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने अमित शाह पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसी को लेकर प्रताप कुमार नाम के एक शख्स ने चाईबासा के मजिस्ट्रेट कोर्ट में उनके खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। प्रताप कुमार का आरोप है कि राहुल गांधी ने जानबूझकर यह बयान दिया था।

### राज्यमंत्री से अभद्रता करने वाला कनिष्ठ अभियंता निलंबित

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उप्र के सीतापुर के कोरैया गांव में पिछले 20 दिनों से बिजली गुल होने से कारागार राज्य मंत्री और हरगांव (सीतापुर) विधायक सुरेश राही नाराज़ होकर मंगलवार देर शाम को धरने पर बैठ गए। कनिष्ठ अभियंता के व्यवहार से दुखी मंत्री के विरोध के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ने मंगलवार देर रात एक कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया।

## सूरत के तीन स्टूडेंट्स ने बनाई एआई सुपर बाइक

सूरत, वार्ता

**गुजरात के** सूरत में तीन स्टूडेंड्स ने एआई आपरेटेड बाइक बनाई है। इस बाइक के 50 फीसदी पुर्जे कबाड़ से और बाकी 50 फीसदी खुद स्टूडेंट्स ने ही तैयार किए हैं। बाइक तैयार करने में 1.80 लाख रुपये की लागत आई है।

भगवान महावीर यूनिवर्सिटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के शिवम मौर्य, गुरप्रीत अरोड़ा और गणेश पाटिल ने इस बाइक को 'गरुड़' नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसे डिजाइन करने में



उन्हें करीब एक साल का समय लगा है। शिवम मौर्य ने बताया कि बाइक वाईफाई और सेल्फ-ड्रिवन सिस्टम पर काम करेगी। इसमें दो अत्याधुनिक सेंसर लगाए गए हैं। इन सेंसर की मदद से बाइक खुद ही सड़क पर स्थिति का आकलन कर लेती है। अगर कोई दूसरा वाहन इसके 12 फीट के दायरे में आता है, तो बाइक की स्पीड

**■ 50 प्रतिशत पुर्जे कबाड़ से और बाकी के खुद ही तैयार किए, 1.80 लाख रुपये आई लागत**

**■ छात्रों ने बाइक को 'गरुड़' नाम दिया**

अपने आप स्लो हो जाती है। अगर कोई वाहन 3 फीट के दायरे में आता है, तो बाइक पूरी तरह रुक जाती है। बाइक सवार को बस 3 फीट दूर रुकें कमांड देना होगा और बाइक बिना ब्रेक लगाए रुक जाएगी। यह फीचर हादसों जैसी स्थिति से बचने में काफी मददगार साबित होगा। इस बाइक के दिमाग को रासबेरीपाय के नाम से जाना जाता है, जो एक छोटा कंप्यूटर है। यह सिस्टम कमांड मिलने के बाद अपना काम करना शुरू कर देता है। वायरलेस मोबाइल चार्जिंग सिस्टम भी उपलब्ध बाइक के दूसरे फंक्शन भी पूरी -शेष पृष्ठ दो पर

## 11 अगस्त से मेरी अदालत में अर्जेंट सुनवाई नहीं: सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा कि 11 अगस्त से उनकी अदालत में सीनियर वकील अर्जेंट सुनवाई की मांग नहीं कर सकते। हालांकि जूनियर वकीलों को इससे छूट दी गई है।

गवई ने कहा कि कम से कम मेरी अदालत में तो इसका पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बाकी जस्टिस को भी इस प्रथा को

**■ कहा: 'सीनियर वकीलों को मनाही, जूनियर वकील अर्जी दाखिल कर सकते हैं**

अपनाना चाहिए। आमतौर पर वकील दिन की कार्यवाही की शुरुआत में एजेंसी का हवाला देकर जस्टिस के सामले केस की तत्काल सुनवाई की मांग करते हैं। इससे पहले से लिस्टेड मामले छूट जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य का दर्जा बहाल करने को उमर ने दलों को लिखा पत्र

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने संसद में महत्वपूर्ण उपस्थिति रखने वाले राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाली का प्रयास करने का आग्रह किया है। अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने औपचारिक तौर पर कई दलों से संपर्क किया है और संसद के चालू सत्र में विधेयक पेश करने के लिए उनके समर्थन का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मैंने संसद में बड़ी संख्या में सांसदों वाले सभी दलों को पत्र लिखकर उनसे जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के वादे को पूरा करने में मदद करने का अनुरोध किया है। यह वादा जनसभाओं, संसद और यहां तक कि उच्चतम न्यायालय में भी किया गया था।

### इण्टर व हाईस्कूल कम्पार्टमेंट परीक्षा का परिणाम जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2025 की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा का परिणाम बुधवार को जारी कर दिया जिसमें हाईस्कूल का रिजल्ट 100 फीसद व इण्टर मीडिएट का परिणाम 91 फीसद से ऊपर है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इस बार हाईस्कूल कम्पार्टमेन्ट/ इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा में 15985 बालक तथा 4783 बालिका कुल 20768 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 14685 बालक तथा 4460 बालिका कुल 19145 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसी तरह इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में 12495 बालक तथा 13128 बालिका कुल 25623 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

# यूपी के 13 जिलों के मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के मामले में जवाब तलब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ समेत मान्यता प्रदान करने के आग्रह वाली एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद नियत कर इस बीच मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के वकील को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की याचिका पर दिया। याची ने प्रदेश के 13 जिलों के राज्य मेडिकल कालेजों को पर्याप्त संसाधन, स्टाफ मुहैया कराने समेत मान्यता देने का मुद्दा उठाया है। एक अखबार में प्रकाशित खबरों के आधार पर याची ने कहा कि प्रदेश के 13 जिलों में स्थित राज्य मेडिकल कालेजों को 70 फीसदी संसाधन, स्टाफ आदि की कमी की वजह से मान्यता नहीं मिल सकी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की रिव्यू कमेटी ने इनको मान्यता प्रमाणपत्र देने की अर्जी खारिज कर दी।

ये मेडिकल कालेज कुशीनगर, कौशांबी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, पीलीभीत, औरैया, सोनभद्र, बुलंदशहर, गोंडा, बिजनौर, चंदौली और लखीमपुर खीरी के हैं। याची का कहना है कि जनहित में राज्य सरकार को इन मेडिकल कालेजों में पर्याप्त संसाधन, स्टाफ आदि की व्यवस्था तत्काल करनी चाहिए, जिससे इन्हें केंद्रीय आयोग से मान्यता प्रमाणपत्र मिल सके। और इन जिलों के लोगों को बड़े शहरों में इलाज के लिए भागदौड़ न करनी पड़े। मामले की सुनवाई के समय मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया वकील ने याचिका में उठाए गए मुद्दों का जवाब पेश करने के लिए समय देने का आग्रह किया। जिसे कोर्ट ने मंजूर कर मामले को अगली सुनवाई के लिए तीन हफ्ते बाद सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

# यूपी के किसानों को आज से मिलेगी सब्सिडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



## 75 जिलों में ई-लॉटरी से किया जाएगा चयन

**लखनऊ।** योगी सरकार यूपी के किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्रों का लाभ दे रही है। किसानों का पारदर्शिता से इसका लाभ मिले, इसके लिए सभी 75 जनपद में जिलाधिक.ारी की अध्यक्षता में कृषि विभाग ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों को चुनेगा। यह प्रक्रिया सभी जनपदों में गुरुवार और शुक्रवार को होगी। प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट आफ क्रॉप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग तथा नेशनल मिशन ऑन एडिबल (ऑयलसीड) योजना के अंतर्गत मिनी ऑयल मिल एक्स्ट्रैक्शन यूनिट एवं तिरपाल की बुकिंग किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गई है।

इसका पारदर्शी पूर्ण चयन ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा कराया जाएगा। कृषि विभाग के मुताबिक सभी 75 जनपदों में सात और आठ अगस्त को स्थानीय स्तर पर ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके लिए जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा संबंधित किसानों और जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्यों को सूचित किया गया है। ई-लाटरी के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति जिला स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों का विवरण विभागीय पोर्टल पर बुधवार तक अनिवार्य रूप से फीड कर लिया गया।समिति के कार्यालय ज्ञाप की पीडीएफ फाइल भी विभागीय पोर्टल पर अपलोड रहेगी। कृषि विभाग ने निर्देश जारी किया है कि ई-लाटरी की प्रक्रिया के लिए ऐसे स्थान का चयन किया जाए, जहां इसे अधिक से अधिक किसान देख सकें। सीएम योगी की मंशानुरूप पारदर्शिता के साथ यह प्रक्रिया कराई जाए। इसके लिए बड़ी स्क्रीन लगाकर भी व्यवस्था की जाए। ई-लॉटरी में चयनित किसानों को मोबाइल पर एसएमएस भेजा जाएगा। सूचना एवं बिल अपलोड की अंतिम तिथि की सूचना के साथ-साथ प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को भी सूचित किया जाएगा। ई लॉटरी में चयनित न होने वाले किसानों की जमानत धनराशि अधिकतम छह महीने में वापस कर दी जाएगी।

### अधिकारियों की कार्यशैली पर बिफरे राधामोहन दास

**लखनऊ।** भाजपा के राज्यसभा सांसद राधामोहन दास अग्रवाल ने अधिकारियों को उनकी कार्यशैली को लेकर जमकर फटकार लगाई है। अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि इसी को थूक कर चाटना कहते हैं, लेकिन अभी भी अधूरा चाटा जा रहा है असुरन से लेकर खजांची चौराहे तक नाला तोड़ना होगा। मेरा कोई निजी झगड़ा नहीं था। मजबूरी थी कि मैं शहर का विधायक था और देख रहा था कि अधिकारी मूर्खतापूर्ण काम कर रहे थे।

## अयोध्या के 48 गांवों पर खतरा, पीपा पुल बहकर बनारस पहुंचा

# 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ के पानी में डूबे

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी में बाढ़ विकराल रूप धारण कर चुकी है। एक दिन पहले सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया था। बाढ़-बारिश से 40 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रयागराज, वाराणसी, उन्नाव, गाजीपुर, मिर्जापुर, चित्रकूट, बुलंदशहर समेत 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। नदी-नालों का पानी घरों में घुस चुका है, सड़कें डूब चुकी हैं और कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

लगातार हो रही बारिश भी मुश्किल खड़ी कर रही है। ग्रामीण इलाकों में 360 से अधिक मकान भरभराकर ढह चुके हैं। प्रयागराज के सलोरी, छोटा बघाड़ा में लोग बाढ़ के कारण पलायन कर रहे हैं।



मिर्जापुर में मंगलवार की रात करीब 7 बजे चुनार तहसील के रैयपुरिया गांव के पास रखे गए पीपे बह गए। इसमें 30 से 35 पीपे कैनाल नारायनपुर के पास रुके हैं। नारायनपुर चौकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा ने पीपा बहने की जानकारी दी। उधर, अयोध्या में सरयू नदी कहर बरपा रही है। 48 गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मिर्जापुर जनपद के कछवां थाना क्षेत्र के बजहा गांव में उस समय कोहराम मच गया, जब एक किसान गाय चराते समय बाढ़ के पानी में डूब गया। गांव वालों ने किसान राजेंद्र को डूबते देख तत्काल बाहर निकालकर पहले सीपीआर दिया, इसके बाद कछवां सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### उप्र में बाढ़ से दो दर्जन जिले प्रभावित राहत कार्य में जुटी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 24 जिलों के 913 गांव प्रभावित हुए हैं। लगभग 83,091 लोग बाढ़ का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिनमें से 19 हजार 167 लोग सरकारी बाढ़ आश्रय स्थलों में जाने को मजबूर हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने कहा, दो लाख से अधिक व्यक्तियों को राहत सहायता मिली है। सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि अब तक 517 घर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और 360 लोगों को आर्थिक सहायता मिल रही है। 33,252 हेक्टेयर से ज्यादा ज़मीन जलमग्न हो गई है। 1,640 नावों और मोटरबोटों के ज़रिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। अब तक 17,924 खाने के पैकेट और 2,47,277 लंच पैकेट बांटे जा चुके हैं। 40 से ज्यादा सामुदायिक रसोई में बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंगलवार सुबह तक, राज्य में 24 घंटों में 22.7 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य बारिश 6.4 मिमी होती है, जो सामान्य से 255 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटों में अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा की तीव्रता में मामूली कमी देखी गई। इस बीच, राहत और बचाव कार्यों की निगरानी के लिए 11 मंत्रियों का एक दल बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करता रहा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज का हवाई सर्वेक्षण किया और बाद में एक राहत शिविर का दौरा किया, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

# सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा प्रदेश के कई जिले बाढ़ से जूझ रहे है। लाखों की आबादी के सामने खाने-रहने, दवा, इलाज का संकट है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। बाढ़ से खेती-बाड़ी, जानवर और फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है।

सरकार नुकसान भरपाई के लिए तैयार नहीं है। बाढ़ पीड़ितों की न प्रयागराज, फतेहपुर, बलिया में मदद हो पा रही है और न तो वाराणसी, हमीरपुर से लेकर अन्य जिलों में कोई मदद हो रही है। 20-20 हजार करोड़ रुपए बजट खर्च हुए उसके बाद भी



जलभराव है, सड़कों में गड्ढे है। बाढ़ पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रष्टाचार है। सरकार की अकर्मण्यता से आम जनता के साथ सत्तारूढ़ दल के विधायक, मंत्री भी धरना और प्रदर्शन करने पर मजबूर है। किसी की कोई सुनवाई नहीं है। भ्रष्टाचारियों और अराजक तत्वों से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में किसानों, नौजवानों, महिलाओं, आम जनता सभी को धोखा दिया है। सरकारी बजट को लुटाने के सिवा कोई काम नहीं किया।



**सेंसेक्स** 80583.99
**निफ्टी** 24574.20



**सोना रु.** 100672
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 113576
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत दरों को स्थिर रखने की घोषणा के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.35 अंक (0.31 प्रतिशत) फिसलकर 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। आज बैंकिंग को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में निवेशक बिकवाल रहे। फार्मा, आईटी, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलिटी क्षेत्रों में ज्यादा गिरावट रही। जहां आईटी और फार्मा में गिरावट का कारण अमेरिकी आयात शुल्क और बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी को माना जा रहा है, वहीं रेपो दर में कटौती न होने की वजह से रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक गिर गए। प्रमुख सूचकांकों में सुबह उतार-चढ़ाव देखा गया।



सेंसेक्स 15.27 अंक की मामूली गिरावट में 80,694.98 अंक पर खुला और मंगलवार की तुलना में 100 अंक से अधिक की बढ़त बनाता हुआ ऊपर 80,834.43 अंक तक गया। लेकिन रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों में घोषणा के बाद अचानक 80,448.82 अंक तक उतर गया। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियां लाल निशान में रहीं। सन फार्मा का शेयर 2.33 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 1.97 और बजाज फाइनेंस का 1.67 प्रतिशत टूट गया। इंफोसिस में 1.64 फीसदी, एचसीएल टेक में 1.38 फीसदी और इटरनल में 1.04 प्रतिशत की गिरावट रही। टीसीएस, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी लाल निशान में रहे। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 2.19 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बीईएल में 0.80 प्रतिशत और ट्रेंट में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, स्टेट बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए।

## सोना 1,00,672 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने के दाम अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 596 रुपए बढ़कर 1,00,672 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का भाव 1,00,076 रुपए पर था। चांदी की कीमत भी 1,154 रुपए बढ़कर 1,13,576 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,422 रुपए पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 थी। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 थी, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,270 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

# चावल, गेहूं महंगे, दालों-खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी का भाव बढ़ा

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल और गेहूं की औसत कीमतों में तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा, जबकि चीनी महंगी हो गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा 23 रिंगिट गिरकर 4,267 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 53.85 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब तीन रुपए की तेजी के साथ 3,832.51 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी तीन रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा महंगा हुआ और 2,840.93 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी आठ रुपए बढ़कर 3,296.13 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 74 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 16 रुपए प्रति क्विंटल टूटा। पाम ऑयल तकरीबन 12 रुपए की तेजी में रहा। सूरजमुखी तेल भी 12 रुपए प्रति



क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 14 रुपए और वनस्पति 29 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन चार रुपए प्रति क्विंटल नरम हुई। चना दाल 12 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल करीब पांच रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में तीन रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, दाल मूंग पांच रुपए प्रति क्विंटल से अधिक सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे, जबकि चीनी तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7962.33 रुपए, मसूर काली 8134.81 रुपए, मूंग दाल 10123.90 रुपए, उड़द दाल 10493.52 रुपए, अरहर दाल 10929.83 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आरबीआई ने...** ही ग्लोबल ट्रेड की चुनौतियां बनी हुई हैं, लेकिन भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं कुछ हद तक कम हुई हैं। आरबीआई ने फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया था। मानेटरी पॉलिसी कमेटी की ओर से ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी। दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई गई। जून में तीसरी बार दरों में 0.50 फीसदी कटौती हुई। यानी, मानेटरी पॉलिसी कमेटी ने तीन बार में ब्याज दरें एक फीसदी घटाई। किसी भी सेंट्रल बैंक के पास पॉलिसी रेट के रूप में महंगाई से लड़ने का एक शक्तिशाली टूल है। जब महंगाई बहुत ज्यादा होती है, तो सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट बढ़ाकर इकोनॉमी में मनी फ्लो को कम करने की को. शिश करता है।

**धराली त्रासदी....** की। इधर, केरल के 28 टूरिस्ट्स का ग्रुप धराली की घटना के बाद से लापता है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि एक दिन पहले सभी ने गंगोत्री की यात्रा पर जाने की बात कही थी, लेकिन लैंडस्लाइड के बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका है। धराली गांव में 1864, 2013 और 2014 में भी पहाड़ पर बादल फटे थे। इससे खीर नाले ने तबाही मचाई। भूगर्भ वैज्ञानिकों ने तीनों ही आपदाओं के बाद धराली गांव को कहीं और बसाने की सलाह राज्य सरकार को दी। यह भी बताया कि आपदा के लिहाज से धराली टाइम बम पर बैठा है, लेकिन इसे शिफ्ट नहीं किया गया। आपदा में धराली में स्थित प्राचीन कल्प केदार महादेव मंदिर भी मलबे में दफन हो गया। भागीरथी नदी किनारे स्थित 1500 साल पुराना यह मंदिर पंच केदार परंपरा से जुड़ा है। स्थानीय लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र था। उत्तराखंड की त्रासदी को लेकर पीएम मोदी ने दिल्ली में उत्तराखंड के चार सासंदों से मुलाकात की। इसमें अजय भट्ट, माला राज्यलक्ष्मी शाह, त्रिवेंद्र सिंह रावत और अनिल बलूनी शामिल रहे। बरेली स्थित एमआई-17 और एएलएच एमके-3 हाई अलर्ट पर हैं। आगरा से एएन-32 और सी-295 विमान प्रभावित क्षेत्रों में मिशन के लिए देहरादून पहुंच चुके हैं।

**ट्रम्प का...** अमेरिका ने एक आदेश जारी कर रूसी तेल और उससे जुड़े उत्पादों के अपने देश में आयात पर पूरी तरह रोक लगा दी थी। अब ट्रम्प प्रशासन ने यह पाया कि भारत उस रूसी तेल को खरीद रहा है, जिससे रूस को आर्थिक मदद मिल रही है। इस वजह से अब अमे. रिका ने भारत पर यह नया टैरिफ लगाने का फैसला किया है। अप्रैल 2025 में जारी एक और आदेश में कुछ खास उत्पादों को पहले ही टैरिफ से छूट दे दी गई थी वे छूट अब भी जारी रहेंगी। इन सामानों में सेमीकंडक्टर्स, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोटिव पार्ट्स, तांबा और अन्य धातु व खनिज शामिल हैं। इसका मतलब है कि भारत से होने वाले इन सामानों के भेजे जाने पर अब भी एक्सट्रा टैरिफ लागू नहीं होगा। इस आदेश में यह भी बताया गया है कि अगर भविष्य में जरूरत पड़ी, तो राष्ट्रपति इसमें संशोधन कर सकते हैं, यानी टैरिफ की दर बदल सकते हैं या और नए प्रावधान जोड़ सकते हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि भारत अच्छा बिजनेस पार्टनर नहीं है। ट्रम्प के मुताबिक, भारत के टैरिफ दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह बात लोग खुलकर नहीं कहते हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को ही भारत के फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स पर 250 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे शुरू में फार्मास्युटिकल्स पर छोटा टैरिफ लगाएंगे, लेकिन फिर इसे एक से डेढ़ साल में बढ़ाकर 150 फीसदी और फिर 250 फीसदी कर देंगे। ट्रम्प ने कहा था कि हम चाहते हैं कि दवाइयां हमारे देश में ही बनाई जाएं। उनका मानना है कि अमेरिका फार्मा प्रोडक्ट्स के लिए बहुत ज्यादा विदेशों पर निर्भर है, खासकर भारत और चीन पर। इस टैरिफ से भारतीय फार्मा सेक्टर पर बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिका भारत से जेनेरिक दवाइयां, वैक्सीन और एक्टिव इंग्रेडिएंट्स खरीदता है। 2025 में अमेरिका को भारत का फार्मास्युटिकल निर्यात 7.5 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपये) से ज्यादा रहा। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली सभी जेनेरिक दवाओं की लगभग 40 फीसदी भारत से आती हैं।

**सपा नेताओं...** माध्यम से स्कूलों की काया बदली। सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी, लैब्स, स्मार्ट क्लास हमने स्कूलों को दिए. जो विद्यालय बचे हैं हम वहां भी आधुनिक शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं। हमने कल्याण सिंह की बीजेपी सरकार में ग से गणेश पढ़ाया तो विरोध किया। तब सपा ने कहा कि ग से गणेश नहीं, ग गधा होता है। समाजवादी पार्टी ने गणपति की अवमानना की, इसीलिए उनकी बुद्धि गधे जैसी हो गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह समेत बीजेपी के कई नेता और जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। पीपली गांव के बाद मुख्यमंत्री मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचे और इसके बाद सीएम का 24 बटालियन पीएसी ग्राउंड पर कार्यक्रम प्रस्तावित है। रात को मुख्यमंत्री मुरादाबाद में ही रुकेंगे और कल गुरुवार को संभल जाएंगे।

**सूरत के तीन...** तरह से टचस्क्रीन डिस्प्ले पर आधारित है। इसमें डिस्प्ले पर जीपीएस, फोन कालिंग और म्यूजिक जैसे फीचर्स भी इस्तेमाल किए गए हैं। राइडर को आगे-पीछे की गाड़ियों को देखने के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा, इसमें वायरलेस मोबाइल चार्जिंग सिस्टम भी उपलब्ध है। इको मोड पर 220 किलोमीटर की रेंज यह बाइक इको मोड पर 220 किलोमीटर और स्पोर्ट मोड पर 160 किलोमीटर की रेंज देती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बाइक की लिथियम बैटरी सिर्फ दो घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाती है, जो कि एक सामान्य बाइक से कहीं ज्यादा फास्ट है। बाइक वाईफाई और सेल्फ ड्राइव सिस्टम पर काम करेगी शिवम मौर्य ने बताया कि हमें बाइक बनाने में एक साल का समय लगा। हमारी टीम में तीन छात्र हैं। बाइक में आगे और पीछे कैमरे लगे हैं, जिससे डिस्प्ले पर आगे और पीछे के वाहन दिख सकते हैं। जीपीएस, ब्लूटूथ कूलिंग, म्यूजिक सुनने जैसी सुविधाएं हैं। डिस्प्ले को राइडर कंट्रोल कर सकता है। बाइक में आगे और पीछे सेंसर लगे हैं, इसलिए बाइक अपने आप रुक जाएगी। राइडर जो कमांड देगा, उतनी दूरी तय करने के बाद बाइक अपने आप रुक जाएगी, उदाहरण के लिए अगर आगे वाला वाहन बाइक से तीन फीट दूर है और कमांड दिया जाए कि बाइक रुकनी चाहिए, तो ब्रेक लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे हादसों से बचा जा सकेगा। इस बाइक को ड्राइवरलेस बनाने की भी तैयारी की जा रही है। भविष्य में इसे ड्राइवरलेस बनाना भी संभव इस बारे में आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े विनोद देसाई ने बताया कि भविष्य को ध्यान में रखकर इस तरह की बाइक बनना संभव है। इस बाइक की बात करें, तो इसकी बैटरी हल्की है, जिससे ये जल्दी चार्ज हो जाती है। भविष्य की डिमांड भी यही है। साथ ही इसके फंक्शंस को देखते हुए भविष्य में इसे ड्राइवरलेस बाइक में कन्वर्ट करना भी संभव है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# लखनऊ में टैक्सी चालकों की बगावत

## किराया, कल्याण और सम्मान की मांग पर सड़क पर उतरे ओला-उबर ड्राइवर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में ओला और उबर जैसी ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं से जुड़े चालकों ने लंबित मांगों को लेकर बड़ा मोर्चा खोल दिया है। आलमबाग स्थित इको गार्डन पर एक हज़ार से अधिक टैक्सियां कतारबद्ध खड़ी हैं,

और टैक्सी चालकों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी आवाज़ नहीं सुनी जाती, तब तक वे गाड़ी नहीं चलाएंगे। यह आंदोलन न केवल टैक्सी चालकों की रोज़मर्रा की दिक्कतों की कहानी कहता है, बल्कि इस वर्ग की बढ़ती असंतोष और उपेक्षा का प्रमाण भी बन चुका है। यह विरोध राष्ट्रीय ड्राइवर यूनियन 'शक्ति' के नेतृत्व में शुरू हुआ है, जिसमें प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर के अनेक पदाधिकारी शामिल हैं। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन सिंह, प्रांतीय महासचिव प्रवीण विश्वकर्मा, संगठन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी रामकृष्ण पांडे, महेन्द्र वर्मा, शिवकरण यादव, चंद्रेश कुमार, राहुल तिवारी और अन्य यूनियन सदस्यों की अगुवाई में यह हड़ताल बीते कुछ दिनों से लगातार जारी है। चालकों का कहना है कि कंपनियां लगातार उनका शोषण कर रही हैं, और सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं। चालकों की मुख्य मांगों में सबसे पहली और अहम मांग न्यूनतम 25 प्रति किलोमीटर किराए की दर तय करना है। उनका कहना है कि ईंधन, रखरखाव, बीमा और किश्तों की बढ़ती लागत के बावजूद कंपनियां उनसे 7-10 प्रति किलोमीटर में सवारी करवाती हैं, जो सरासर अन्याय है। इसके अतिरिक्त चाल. कों के खातों को बिना किसी सूचना या जांच के निलंबित कर दिया जाता है, जिससे उनका रोज़गार रुक जाता है और कोई निवारण तंत्र भी मौजूद नहीं है। ड्राइवर यूनियन चालकों के लिए कल्याण बोर्ड के गठन की भी मांग कर रही है, जिससे दुर्घटना, बीमारी या आपात स्थिति में सहायता मिल सके। चालकों का यह भी आरोप है कि ओला और उबर जैसी कंपनियां मनमाने ढंग से कमीशन वसूलती हैं, बोनस या इनसेंटिव की योजनाएं या तो समाप्त कर दी गई हैं या इतनी कठिन बना दी गई हैं कि आम चालक उन्हें हासिल ही नहीं कर पाता। साथ ही, चालकों की रेटिंग और शिकायतें सुनने की कोई स्पष्ट प्रक्रिया नहीं है, जिससे उनका आत्मसम्मान भी प्रभावित होता है। यूनियन मांग कर रही है कि ऐप आधारित सेवाओं को नियमित किया जाए और एक ऐसा प्रावधान हो जिसमें चालक की बात को भी सुना जाए,

और उसे व्यवसायिक सुरक्षा मिले। हड़ताल के कारण शहर में हजारों यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। आम यात्रियों को या तो दोगुने किराए में टैक्सी लेनी पड़ी या फिर सार्वजनिक परिवहन का सहारा लेना पड़ा। कई इलाकों में यात्री घंटों तक टैक्सी के इंतजार में खड़े नजर आए। दूसरी ओर चालकों का कहना है कि यह असुविधा दुखद है, लेकिन अगर वे आज खामोश रहे तो कल उनकी गाड़ियां सड़क पर चलना बंद कर देंगी। सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस वार्ता या आश्वासन नहीं मिला है। यूनियन नेताओं ने परिवहन विभाग और मुख्यमंत्री कार्यालय को ज्ञापन भी भेजा है, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक चुप्पी बनी हुई है। यूनियन ने घोषणा की है कि जब तक न्यूनतम किराया तय नहीं होता, खातों की मनमानी बंद नहीं होती, और एक स्थायी समाधान की दिशा में पहल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। टैक्सी चालकों की यह हड़ताल केवल एक व्यवसायिक मांग नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, जीविका और सुरक्षित भविष्य के लिए किया गया संघर्ष है।

# एसआईआर संविधान विरोधी कदमः अखिलेश



### भाजपा को हार का डर, वोटिंग अधिकार छीनने की साजिशः सपा अध्यक्ष का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर संविधान विरोधी कार्यप्रणाली अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि एसआईआर (सस्पेक्टेड इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन) जैसे कानून के जरिए भाजपा जनता से वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह एक हारती हुई पार्टी की बौखलाहट है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन द्वारा एसआईआर का विरोध दरअसल संविधान को बचाने की कोशिश है। भाजपा की वर्चस्ववादी सोच लो. कतांत्रिक चुनाव प्रणाली को स्वीकार नहीं करती। उसकी राजनी. तिक संस्क्रति में चुनाव नहीं, केवल मनमाने मनोनयन का चलन है। यह एकतंत्री प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए घातक है और देश की संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करने वाला कदम है। अखिलेश यादव ने जनता से आह्वान किया कि वे भाजपा की इस लोकतंत्र विरोधी साजिश को समझें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सजग रहें।

### उत्तरकाशी की त्रासदी पर अखिलेश की चिंता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में आई भीषण आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस विनाश के पीछे केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा लगातार किए जा रहे पर्यावरणीय दुर्व्यवहार की भी भूमिका है, जिसे अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। अखिलेश यादव ने मांग की कि उत्तरकाशी में राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों का जीवन सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने कहा कि हर एक जीवन अनमोल है और संकट की इस घड़ी में सरकार को त्वरित, संवेदनशील और निर्णायक हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार आपदाएं बढ़ रही हैं, घटनाएं बार-बार दोहराई जा रही हैं।

# दोपहर बाद थमी बारिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सीतापुर जिले में बीते रविवार से बारिश हो रही थी। सोमवार और मंगलवार को तो इस बारिश ने सभी को परेशान करके रख दिया।



मौसम को देखकर लोगों को ऐसा लग रहा था कि जैसे आसमान साफ होगा ही नहीं, वही यह बारिश भी नहीं थमेगी। हालांकि बुधवार दोपहर बाद बारिश थमी तो, लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि बारिश के चलते शहर के कई मोहल्ले जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। शहर का पूर्णागिरि नगर, मुंशीगंज, खूबपुर आदि मोहल्ले जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। पूर्णागिरि नगर में तो पंपिंग सेट लगाकर पानी को बाहर निकलने का प्रयास किया जा रहा है। शहर का गुरुद्वारा मार्ग और रंपा रोड भी जल भराव से जूझ रहा है। सड़क टूटी-फूटी होने के कारण यहां पर सड़क पर पानी भरा है। मौसम विभाग के चेतावनी के चलते सोमवार से बुधवार तक विद्यालय बंद है। जिसकी वजह से छात्रों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। हालांकि बुधवार को बारिश थमने से लोगों ने राहत की सांस ली है। यह मौसम कब तक साफ रहेगा इस संबंध में अभी कुछ स्पष्ट नहीं है।

# कल्पनाथ राय को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और मऊ जनपद के विकास पुरुष स्वर्गीय कल्पनाथ राय की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अजय राय ने कहा कि कल्पनाथ राय न केवल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे, बल्कि उन्होंने पूर्वांचल की राजनीति में एक नई चेतना का संचार किया। गोरखपुर विश्वविद्यालय छात्रसंघ से राजनीति की शुरुआत करने वाले कल्पनाथ राय कई बार सांसद रहे और केंद्र सरकार में इंदिरा गांधी तथा राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

# लगातार बारिश व बाढ़ से प्रदेश में हालात भयावह

### डेढ़ लाख से अधिक प्रभावित, 20 से अधिक लोगों की मौत की सूचना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लगातार बारिश और नदियों के उफान से उत्तर प्रदेश में बाढ़ की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। प्रदेश के पूर्वी जिलों समेत लखनऊ सहित कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं और जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है।

अब तक प्रदेश में बाढ़ और वर्षा जनित हादसों में 20 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इन मौतों में लखनऊ के इंदिरा डैम में डूबे दो लोगों की घटना भी शामिल है। जबकि कई अन्य स्थानों से भी जनहानि की खबरें सामने आ रही हैं। मंगलवार तक यह संख्या 16 थी, लेकिन बुधवार को और जानें जाने की सूचना के साथ यह आंकड़ा 20 से अधिक तक पहुंच गया है। राज्य के लगभग 21 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं, जिनमें बारा. बंकी, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गाजीपुर, बलिया, वाराणसी, प्रयागराज और मिर्जापुर जैसे जिले प्रमुख हैं। इन जिलों के करीब 913 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जबकि 33 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, करीब 1.72 लाख से अधिक लोग इस आपदा से प्रभावित हैं और लगभग 19 हजार से अधिक लोग विभिन्न राहत शि. विरों में शरण लिए हुए हैं। कई हजार लोग अपने घर छोड़कर ऊंचे स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। वाराणसी में गंगा का पानी 84 प्रमुख घाटों को पूरी तरह डुबो चुका है और शहर के तटवर्ती मोहल्लों में नाव ही एकमात्र साधन बन गई है। प्रयागराज, बलिया, गाजीपुर और मिर्जापुर जैसे जिलों में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बलिया में गंगा खतरे के निशान से 2.2 मीटर ऊपर है, गाजीपुर में 1.47 मीटर, वाराणसी में 0.96 मीटर और मिर्जापुर में 0.74 मीटर ऊपर दर्ज की गई है। प्रयागराज में यमुना नदी भी लगातार बढ़ रही है और चेता. वनी स्तर के बेहद करीब पहुंच चुकी है। वहीं राजधानी लखनऊ में गोमती नदी का जलस्तर खतरे के करीब है और कई क्षेत्रों में भारी जलभराव से स्थानीय लोग परेशान हैं। इंदिरा डैम, डालीगंज, अमीनाबाद, ऐशबाग और चारबाग जैसे इलाकों में जलनिकासी की भारी समस्या बनी हुई है। गोमत. ीनगर और आसपास के निचले इलाकों में लोग घरों के भीतर फंसे हैं, जबकि प्रशासन ने प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन से जुड़ी टीम-11 के तहत मंत्रियों को प्रभारी बनाकर प्रभावित जिलों में राहत और बचाव कार्यों की निगरानी सौंपी गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें युद्धस्तर पर काम कर रही हैं। मेडिकल टीमों को सक्रिय किया गया है और सामुदायिक रसोई के जरिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है।

# बैराजों से छोड़ा गया पानी बढ़ा रहा मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** बुधवार को बैराजों से शारदा और घाघरा नदियों में साढ़े 3 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया है । जिसकी वजह से खतरा बढ़ रहा है।

जिले के गांजरी क्षेत्र से शारदा और घाघरा नदियां गुजरती हैं। तहसील लहरपुर , बिसवां और महमूदाबाद क्षेत्र के सैकड़ों गांव शारदा और घाघरा नदी के किनारे बसे हुए हैं। यही वजह है कि प्रतिवर्ष बरसात के मौसम में नदी के किनारे बसे गांव बाढ़ की मुसीबत का सामना करते हैं। बुधवार को शारदा बैराज से 1 लाख 72 हजार क्यूसेक से अधिक पानी शारदा नदी में छोड़ा गया है। जबकि गिरजा बैराज से भी 1लाख 72 हजार क्यूसेक से अधिक पानी घाघरा नदी में छोड़ा गया है। इस वजह से शारदा और घाघरा नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। खासकर लहरपुर तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। प्रशासन के मुताबिक भी शारदा नदी व घाघरा नदी में जलस्तर बढ़ रहा है । तहसील लहरपुर में शारदा नदी के तटवर्ती ग्रामों रमपुरवा, रतौली, सोंसरी, बरेती, हरकी बेहड़, चटेला, बड़ेला, बसंतापुर के ग्रामीणों को सतर्क किया गया है।

# कलक्ट्रेट में पीएआई संस्करण 2.0 पर कार्यशाला आयोजित

### डीएम, सीडीओ व डीपीआरओ ने दी विस्तृत जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को पंचायत स्तर के डाटा सत्यापन एवं पंचायत मूल्यांकन सूचकांक (पीएआई) संस्करण 2.0 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी संजय चौहान ने की।



सीडीओ सूरज पटेल और डीपीआरओ मनोज त्यागी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में बताया गया कि पीएआई 2.0 के अंतर्गत जुलाई 2025 से नवंबर 2025 तक ग्राम पंचायत से राज्य स्तर तक चरणबद्ध तरीके से डाटा एकत्रीकरण, अपलोडिंग और सत्यापन किया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव व संकल्प (फैसिलिटेटर) द्वारा गांव से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों की सूचनाएं एकत्र कर पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। इन सूचनाओं में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय आदि संस्थानों का भौतिक निरीक्षण शामिल रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर डाटा प्रविष्टि के बाद ब्लॉक स्तर पर संबंधित विभागों द्वारा सत्यापन किया जाएगा। किसी भी त्रुटि की स्थिति में डाटा पुनः ग्राम पंचायत को संशोधन के लिए भेजा जाएगा। तत्पश्चात जिला स्तर पर डीएलवीटी टीम द्वारा अंतिम सत्यापन किया जाएगा और राज्य टीम को ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तय समयसीमा के भीतर अपने-अपने कार्य पूरे करें। उन्होंने कहा कि सटीक और समय पर डाटा प्रविष्टि व सत्यापन से पंचायतों के प्रदर्शन का सही मूल्यांकन हो सकेगा, जिससे राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कारों में ग्राम पंचायतों को स्थान दिलाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सारी सूचनाओं पब्लिक फोरम पर उपलब्ध रहेंगे। डीएम ने मीडिया से भी उनका क्रॉस वेरिफिकेशन कर सूचित करने की बात कही। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, और विभिन्न समाचार-पत्रों/चौनलों से मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कुएं में गिरने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बेनीवाइजपुर निवासी नीरज उम्र 30 वर्ष पुत्र मुन्ना लाल शराब पीने का आदि था। बुधवार को वह नशे में धुत होकर गांव के एक कुए में गिर गया। घटना की सूचना तत्काल ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नीरज को कड़ी मशक्कत से कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने नीरज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव भेजा। वहां पर डॉक्टरों ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि कुएं में काफी देर रहने के कारण उसकी मौत हो गई। इधर ग्रामीणों का कहना है कि गांव में किसी को तैरना नहीं आता था।

# रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष से 1250 पीड़िताओं को 41.75 करोड़ की सहायता

### महिला सशक्तिकरण की दिशा में योगी सरकार की पहल, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला सुरक्षा और न्याय के क्षेत्र में एक और ठोस कदम बढ़ाते हुए 'रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष' के अंतर्गत इस वर्ष अब तक 1250 पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को घ41.75 करोड़ की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की है। यह धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से पहुंचाई गई है। सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना हेतु 50 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है।

योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि अपराध पीड़ित महिलाओं को पुनर्स्थापन, मानसिक संबल और सामाजिक गरिमा दिलाना भी है। इस योजना के तहत एक लाख रुपये से लेकर दस लाख रुपये तक की राशि गंभीर आपराधिक मामलों में क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाती है। इससे पूर्व, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी 2842 पीड़ित महिलाओं को घ100 करोड़ की सहायता राशि प्रदान की गई थी, जिससे सरकार की संवेदनशीलता और दृढ़ इच्छाशक्ति का स्पष्ट संकेत मिलता है। क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए जिला. धिकारी की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति गठित की गई है, जो प्रत्येक मामले की समीक्षा कर संस्तुति देती है। इसके बाद मुख्यालय स्तर से लाभार्थी को सीधे भुगतान किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और अपराध पीड़ितों के न्याय हेतु गंभीर प्रयास कर रही है। 'रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष' इस दिशा में एक महत्त्वपूर्ण और मानवीय पहल मानी जा रही है।

# रायबरेली में स्वामी प्रसाद मौर्य पर स्वागत के बहाने हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रायबरेली।** राजनीतिक नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर मंगलवार को उस समय अप्रत्याशित हमला हो गया जब वे फतेहपुर की ओर जाते समय रायबरेली में सारस चौराहे पर रुके थे।

यह घटना मिलएरिया थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत की तैयारियों के बीच दो अज्ञात युवकों ने माला पहनाने के बहाने अचानक स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ अभद्रता की। बताया जा रहा है कि युवकों ने उन्हें थप्पड़ मारा और 'टीप' (अचानक धक्का या चोट) देने की कोशिश की। इस घटनाक्रम से वहां मौजूद समर्थकों में अफरा-तफरी मच गई। स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ मौजूद समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए युवकों को दौड़ाकर पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद नाराज समर्थकों ने सड़क पर विरोध जताया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। समाच. ार लिखे जाने तक इस संबंध में स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी थी। गौरतलब है कि स्वामी प्रसाद मौर्य हाल ही में कई तीखे बयानों और अपने राजनीतिक रुख के कारण चर्चा में रहे हैं। इस हमले के पीछे की मंशा और आरोपियों की पहचान की जांच की जा रही है।

# मथुरा में डिप्टी कमिश्नर कमलेश पांडेय यौन शोषण के आरोप में निलंबित

### विशाखा समिति की भूमिका भी संदिग्ध, छह सदस्य भी निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य कर विभाग मथुरा में तैनात डिप्टी कमिश्नर कमलेश कुमार पांडेय को एक अधीनस्थ महिला अधिकारी द्वारा लगाए गए यौन शोषण और अनैतिक व्यवहार के आरोपों के प्रथम ख्रष्टया सही पाए जाने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

उन्हें अब तक के आदेशों के तहत संयुक्त आयुक्त, बांदा कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। प्रकरण की प्रारंभिक जांच आंतरिक परिवाद समिति (विशाखा समिति) को सौंपी गई थी, परंतु प्राप्त सूचनाओं के अनुसार समिति पर यह आरोप लगे हैं कि उसने अपनी जिम्मेदारियों का समुचित निर्वहन नहीं किया और आरोपी अधिकारी को बचाने का प्रयास किया। समिति की इस कथित लापरवाही और पक्षपातपूर्ण रुख के ख्रष्टिगत उसके छह सदस्यों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित अधिकारियों में सहायक आयुक्त कोमल छाबड़ा (सचल दल इकाई-2, मथुरा), उपायुक्त प्रतिभा (विशेष अनुसंधान शाखा), सहायक आयुक्त पूजा गौतम (राज्य कर खंड-2), उपायुक्त संजीव कुमार (खंड-5), राज्य कर अधिकारी सुनीता देवी (खंड-3) और उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार (खंड-3) के नाम प्रमुख हैं। पूरे प्रकरण की जांच अब विशेष सचिव ख्रतिका ज्योत्सना को सौंपी गई है, जिन्हें जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह मामला सरकारी संस्थानों में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और आंतरिक शिकायत निवारण तंत्र की निष्पक्षता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। शासन ने इस पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए, त्वरित और कठोर कदम उठाने की पहल की है।

# प्रधान के देवर पर खाताधारक से धोखाधड़ी कर तीन हजार रुपये निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कर्नलगंज गोंडा।** तहसील कर्नलगंज व थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर में भ्रष्टाचार और दबंगई के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में एक ताजा प्रकरण में गांव निवासी बच्चालाल पुत्र राममिलन ने ग्राम प्रधान के देवर संतोष श्रीवास्तव पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर संतोष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित बच्चालाल का कहना है कि 18 जुलाई 2025 को संतोष श्रीवास्तव ने उन्हें संदेश भेजकर बताया कि उनके पेंशन के पैसे आ गए हैं और उन्हें दुकान पर आकर ले लें। जब वह दुकान पर पहुंचे तो संतोष के कर्मचारी ने उनका अंगूठा लगवाया और नेटवर्क समस्या बताते हुए चार-पांच दिन बाद आने को कहा।

इसके बाद बच्चालाल जब 24 जुलाई को बैंक पहुंचे तो उन्हें पांच हजार रुपये ही प्राप्त हुए। बैंक कैशियर से जानकारी मिली कि उनके खाते में सिर्फ 850 रुपये बचे हैं और 18 जुलाई को तीन हजार रुपये निकाले जा चुके हैं। जब उन्होंने संतोष से इस बाबत पूछा तो वह अनभिज्ञता जताने लगे। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने गांव में इस घटना का जिक्र किया तो संतोष और उनके सहयोगी अब्दुल रऊफ ने उन्हें पैसे लौटाने का आश्वासन दिया और मामला शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने बच्चालाल को धमकी देते हुए कहा कि यदि उन्होंने यह बात आगे बढ़ाई तो वे ह्कोढ़ीह्न हो जाएंगे। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र के साथ बैंक पासबुक की छायाप्रति भी संलग्न करते हुए मांग की है कि किसी सक्षम अधिकारी से सम्यक जांच कराई जाए और उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज हो। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान का परिवार लोगों को काम का लालच देकर अयोध्या ले जाकर जबरन कसम दिलवाता है, जो पूर्णतः नियमविरुद्ध है।

# दो दोषियों को 10 वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** महोली कोतवाली में वर्ष 2011 में महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डूडावल निवासी बेचेलाल पुत्र बदलू राम, प्रदीप पुत्र विश्राम के खिलाफ मारपीट हत्या के प्रयास आज धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने सबूत को देखने, गवाहों और दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद बेचेलाल और प्रदीप को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोनों दोषियों को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वही 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

# कर्नलगंज-कटरा मार्ग पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के कर्नलगंजख्रकटरा बाजार मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। उमरिया नहर के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान ग्राम पंचायत दिनारी (उसरेरिया) थाना कर्नलगंज निवासी 25 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र राम कैलाश और 21 वर्षीय मोहित कुमार पुत्र चंदी प्रसाद के रूप में हुई है। दोनों युवक किसी कार्य से पहाड़ापुर गए थे और देर रात बाइक से लौटते समय यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को रामगढ़ मोड़ के समीप झाड़ियों में स्प्लेंडर बाइक नंबर यूपी 43ग6155 क्षतिग्रस्त हालत में मिली। वहीं, पास ही दोनों युवक लहूलुहान स्थिति में पड़े मिले। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें कटरा बाजार सीएचसी भेजा, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, अनिल कुमार का विवाह मात्र चार माह पूर्व हुआ था। उसकी असामयिक मृत्यु से पूरा परिवार सदमे में है। वहीं, मोहित की कम उम्र में हुई मौत ने गांव को गहरे शोक में डाल दिया है। एक ही गांव के दो युवकों की एक साथ मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर रात में तेज रफ्तार से दौड़ने वाले भारी वाहन हादसों का कारण बनते हैं। सड़क सुरक्षा और रात्रिकालीन निगरानी की कमी को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एकादशी पर खाटू श्याम जी का भजन कीर्तन

## धार्मिक भजनों पर झूमे भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एकादशी तिथि पर नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं बाहर से आये भजन कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

मंगलवार को एकादशी पर्व के अवसर पर खाटू श्याम सेवा समिति शिवाला मंदिर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहले श्याम बाबा का श्रृंगार किया गया। वही भक्तों द्वारा मंदिर में पहुंचकर बाबा की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद गायक राहुल मस्ताना गढ़ एवं यशिका शर्मा ने श्रद्धालुओं को भजनों पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। खाटू श्याम सेवा समिति के मुकेश गोयल ने बताया कि एकादशी तिथि पर बाबा के कीर्तन का विशेष महत्व है। इस मौके पर पंडित सत्यवीर गिरी, पंडित पप्पू गिरी, देवेंद्र शास्त्री, महेश शर्मा, संजीव शर्मा, मुकेश गोयल, संदीप अग्रवाल, राघव शर्मा, दिव्या शर्मा, काजल,अशोक रस्तोगी, योगिता सक्सेना, आशु चौहान, हिरदेश अग्रवाल, भूरे प्रजापति, गोल्डन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



हसनपुर। खाटू श्याम के भजनों पर झूमती महिलाएं।

# बंदरों के हमले में रालोद नेता के भाई की पत्नी की मौत

## दो सप्ताह पूर्व हुई थी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बंदरों के हमले से घबराकर मकान के जीने से नीचे गिरकर घायल हुई महिला की दिल्ली में उपचार के दौरान 14 दिन के बाद इंतकाल हो गया। महिला की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है।

तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं रालोद के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी के बड़े भाई मुनाजिर हुसैन चौधरी उर्फ मुन्ने की पत्नी शगुफ्ता चौधरी 24 जुलाई को अपने घर गांव गंगवार में छत पर चढ़ी हुई थी। इस दौरान बंदरों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया। जिससे वह घबरा कर जीने से लुढ़कते हुए पक्के फर्श पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गई थी। उनको पुत्रों द्वारा हसनपुर में चिकित्सक को दिखाया गया। उसके बाद उपचार के लिए उन्हें मुरादाबाद ले गये। लेकिन हालात नाजुक होने पर परिजन सर गंगाराम अस्पताल दिल्ली ले गये थे। उसके बाद अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन उनकी हालत बिगड़ती चली गई। बीती शाम उपचार के दौरान शगुफ्ता चौधरी आयु 60 वर्ष का इंतकाल हो गया। जैसे ही यह खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में बिना कार्रवाई किये हुए शगुफ्ता चौधरी को सपुर्द खाक कर दिया गया। इस समय हसनपुर तहसील क्षेत्र में बंदरों का आतंक मचा हुआ है। जनता द्वारा लगातार बंदरों को पकड़वाये जाने की प्रशासन से मांग की जा रही है। लेकिन इस ओर को कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

# छात्र-छात्राओं ने सैनिकों के लिए बनायी राखी

## रक्षाबंधन कार्यशाला में देशभक्ति की झलक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। रक्षाबंधन के पावन पर्व को खास और यादगार बनाने के लिए सोमवार को ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल में विशेष रक्षाबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के अंतर्गत कक्षा तीन से पांच तक के छात्र-छात्राओं ने सैनिको के लिए अपने नन्हें हाथों से सुंदर-सुंदर राखियाँ तैयार कीं, जो उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशन में सैन्य बलों को भेजी जाएंगी।

छात्रों ने कागज, मोती, रिबन और रंग-बिरंगे धागों का उपयोग कर अपनी कल्पनाओं को राखियों के रूप में आकार दिया। हर एक राखी में देशभक्ति, प्रेम और सम्मान की भावना झलक रही थी। प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने कहा इन नन्हें बच्चों के हाथों से बनी राखियाँ सिर्फ सजावट का सामान नहीं हैं, बल्कि ये संवेदनाओं, आभार और देशप्रेम का प्रतीक हैं। निर्देशिका राखी अग्रवाल ने कहा बच्चों ने सैनिकों के लिए जो भावनाएं व्यक्त की हैं, वह शब्दों में नहीं कही जा सकतीं। यह कार्यशाला हमारे बच्चों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का एक उत्कृष्ट माध्यम बनी है। प्रिंसिपल अंजिली दुबे ने कहा रक्षा बंधन की इस कार्यशाला ने न केवल बच्चों की रचनात्मकता को मंच दिया, बल्कि उनमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और सेवा भावना को भी मजबूती से रोपित किया। राखियाँ तैयार करते समय बच्चों की आंखों में गर्व और चेहरे पर मुस्कान साफ दिखाई दे रही थी। कार्यशाला के समापन पर शिक्षकों ने भी बच्चों को सैनिकों के महत्व और उनके त्याग के बारे में बताया, जिससे बच्चों को समझ आया कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन का नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति के प्रति कृतज्ञता जताने का पर्व है, जो हमारी रक्षा करता है।अब ये राखियाँ उत्तर प्रदेश शासन की ओर से सैन्य बलों तक पहुंचाई जाएंगी, जहां ये राखियाँ न सिर्फ उनके हाथों में बंधेंगी, बल्कि उनके दिलों को भी छू जाएंगी।

# आपसी भाईचारे के साथ मनायें त्यौहार

## कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रक्षाबंधन स्वतंत्रता दिवस तथा जन्माष्टमी आदि पर्वो के मद्देनजर कोतवाली परिसर में उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी की अध्यक्षता में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी त्योहारों को लेकर उपजिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी ने कहा कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाये। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने कहा कि हर साल की तरह अमन-शांति से सभी मिलकर त्योहारों को मनाये। ऐसा काम न करें, जिससे माहौल खराब हो। किसी भी कीमत में नई परंपरा न पड़ने दें और सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान लोगों ने रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी में सफाई-व्यवस्था दुरुस्त करवाने व विद्युत आपूर्ति सुचारु रखने की मांग की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, संजय शर्मा, मुकेश गुप्ता,मनोज गोयल, विवेक शर्मा,शाहनवाज अंसारी, मोहसिन खान, जावेद जरताप, चमन अंसारी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## बच्चों ने बनाई राखियां, डीएम ने सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कंपोजिट विद्यालय गजरौला के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गईं सुन्दर राखियां को वीर सैनिकों के लिये गए पत्रों को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र ने सराहा और स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित करने की बात कही। दोनों अधिकारियों ने छात्रा अलीशा, ईशा, शिफा के साथ साथ प्रधानाध्यापिका रेखा रानी की भी प्रशंसा की। बता दें कि कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों ने सुन्दर सुंदर राखियां और चिट्ठियां बनाईं, जिस पर रेखा रानी ने स्वरचित कविताएं लिखवाईं। एसएमसी में गोष्ठी में अभिभावकों व एआरपी ने भी इस प्रयास की सराहना की।

# बिना भेदभाव के कराये जा रहे विकास कार्य




## क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो ने क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में कहा कि वह बिना भेदभाव के ब्लाक क्षेत्र में विकास कार्य करा रहे हैं।

ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। ब्लाक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो ने कहा कि मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजि. विका मिशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन आदि के बारे में जानकारी होना जरूरी है, ताकि क्षेत्र का विकास कराया जा सके। बैठक में पंचम राज्य वित्त के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य भी प्रस्तुत किये गये। उन्होंने कहा कि बीडीसी सदस्यों द्वारा सड़क निर्माण के जो भी प्रस्ताव दिये गये थे, उनमें से अधिकांश को हरी झंडी दे दी गयी है। योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जा रहा है। भाजपा राज में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराये जा रहे हैं। बैठक में खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार गर्ग, अवर अभियंता अरविंद मित्तल, राजव. ीर सिंह, आकाश पाल, ब्रजभान सिंह, सतेन्द्र सिंह, पूजा पाल, रवि कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान भी मौजूद रहे।

# युवक ने सल्फास खाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददात,**

**गजरौला।** एक 24 वर्षीय युवक ने सल्फास खाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने बिना को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला नाईपुरा निवासी एक युवक ने बीती रात सल्फास खा ली। हालत बिगड़ती देखकर परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए मगर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की मौत से परिजन गमगीन हैं। वहीं दूसरी घटना में गजरौला से महेशरा के मध्य खम्भा नम्बर किलोमीटर 51/30 के पास ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और शिनाख्त कराने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि विगत रात्रि करीब 11 बजे की घटना है, शव पीएम को भेज दिया है। शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददात, गजरौला।** अखिल भारतीय जाट महासभा गजरौला द्वारा स्टेशन तिराहे पर स्थित डॉ.श्याम सिंह के प्रतिष्ठान पर एकत्र होकर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के देहांत पर शोक जताया और मौन रखकर भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि सत्यपाल मलिक ने हमेशा समाज व देश हित के कार्य किए। इस मौके पर महासभा गजरौला के अध्यक्ष कामेन्द्र सिंह, डॉ.धीरेन्द्र सिंह, डॉ.ललित चाहल, चौ.दानवीर सिंह, चौ.तेजपाल सिंह, चौ. भूपेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह स्टेट, नेमपाल सिंह, बोबिन सिंह, नरेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, तेजपाल सिंह, सतेंद्र सिंह, अनुज, अंकित, देवेंद्र सिंह, विपिन पंघाल,जोगिंदर सिंह, गौरव चौधरी, राजेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, करण सिंह, कुलदीप देवल, सुभाष चौधरी, लोकेश चौधरी इत्यादि मौजूद रहे।

# विपिन को मिला जोया चौकी का चार्ज

## बीते दिन विवादों में रहने पर एसपी ने की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी ने थाना रहरा की टी प्वाइंट चौकी इंचार्ज विपिन तोमर को जोया चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है। दरोगा विपिन तोमर बीते दिनों विवादों में घिरे रहे थे। किसानों से अभद्रता करने का आरोप भी उन पर लगा था। मामले की जांच सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत द्वारा की जा रही है। वहीं, विशेष जांच प्रकोष्ठ प्रभारी अशोक कुमार वर्मा को एसपी ने अब अपराध शाखा भेज दिया है। दरोगा विपिन तोमर के बदले में थाना गजरौला में तैनात दरोगा लो. केश कुमार को टी प्वाइंट चौकी का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, जोया चौकी प्रभारी अनुज कुमार को शहर कोतवाली भेजा है। करीब डेढ़ महीने पहले ही एसपी ने उन्हें जोया चौकी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी थी। मंडी धनौरा कस्बा चौकी इंचार्ज दरोगा अमित कुमार के पर कतरते हुए उन्हें विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया है। उनके स्थान पर पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत दरोगा सुधीर कुमार पर विश्वास जताते हुए मंडी धनौरा कस्बा चौकी का प्रभारी नियुक्त किया है। लंबे समय के बाद आई इस तबादला सूची को जिले में बड़े पैमाने पर होने वाले फेरबदल का इशारा भी समझा जा रहा है। पुलिस विभाग में चर्चा है कि जल्दी थानों की कमान में भी बड़ा बदलाव हो सकता है। अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रहे कुछ थाना प्रभारियों का चार्ज छीन सकता है तो वहीं कुछ को बड़े थानों की शक्ल में प्रमोशन भी दिया जा सकता है।

## छात्राओं ने पालिकाध्यक्ष को बांधी राखी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। स्कूली छात्राओं द्वारा नगर पालिकाध्यक्ष के कैंप कार्यालय पर पहुंचकर उनका तिलक कर उन्हें राखी बांधी गई। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सभी छात्राओं को गिफ्ट भी दिये गये। भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व को लेकर नगर में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। इसी के तहत नगर के विद्यालय श्री लाल सत्य प्रकाश लक्ष्मी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राएं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के कैंप कार्यालय पर पहुंची और उनको तिलक कर राखी बांधकर मिष्ठान खिलाया। और आगामी रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। इसी दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा सभी छात्राओं को गिफ्ट भी दिया गया। इस मौके पर नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, विद्यालय प्रधानाचार्य सुशील कुमार एवं अक्षी अग्रवाल मौजूद रहे।

# दबंगों ने मन्दिर की भूमि पर खड़े पेड़ उखाड़े

## एसडीएम से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मंदिर की भूमि पर खड़े पेड़ों को दबंगों ने उखाड़ कर फेंक दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। एसडीएम से दबंगों की शिकायत की गई है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव सोहत में ग्राम समाज की भूमि मंदिर के भीतर है। इस भूमि पर मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। 40-50 ग्रामीणों ने 20 आम के पेड़ तथा 180 अन्य पेड़ पीपल, जामुन, शीशम, आंवला, अर्जुन, बरगद आदि के पेड़ लगाये थे तथा हरियाली को बढ़ावा देने का प्रयास किया था। आरोप है कि गांव के दबंग पिता पुत्रों ने मंदिर की भूमि पर खड़े पेड़ों को उखाड़ कर फेंक दिया। ग्रामीणों की शिकायत करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। ग्रामीणों का कहना है की डायल 112 को भी सूचित किया था। पुलिस मौके पर पहुंची थी। दबंगो को समझाने का प्रयास किया था। लेकिन दबंगों ने किसी की एक नहीं सुनी है। मंदिर की भूमि पर हल्का लेखपाल व पुलिस बल की मौजूदगी में पेड़ों को लगवाया जाये। शिकायतकर्ता वीर सिंह पुत्र फकीरचंद ने बताया दबंग किसी की सुनने को तैयार नहीं है वह मारपीट पर उतारू है।

## गुंजन ने बनाई सबसे सुंदर राखी



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। राखी प्रतियोगिता में गुंजन ने प्रथम, गौरी, दिया, रितिका ने दूसरा, कशिश एवं साधना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत जेएस हिन्दू इंटर कालेज में राखी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें देश प्रेम से ओतप्रोत होकर छात्राओं द्वारा तिरंगा राखियां बनाई गई। प्रतियोगिता में गुंजन ने पहला, गौरी, दिया, रितिक ने दूसरा जबकि कशिश एवं साधना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान करीब 150 राखियां छात्राओं द्वारा अपने सैनिक भाईयों को भेजी गई। प्रधानाचार्य डा. जीपी सिंह ने कहा कि देश की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों की भाईयों की कलाई पर भी रक्षाबंधन का धागा सजना जरूरी है। कार्यक्रम में अनिल कुमार, शैलेश कुमार, मधुलिका गुप्ता, डा. वीके सिंह, डा. नरेश कुमार, रजा इमाम, सविता विश्नोई, सावित्री देवी, डा. रीता ढिल्लो, सारिका बहेती, योगिता चौ., प्रीति सैनी, शिवांगी सिरोही, नैंसी शर्मा मौजूद रहीं।

# गरीब बच्चों को संस्था ने कराया भोजन

## सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिन पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। राज्यसभा सांसद एवं कांग्रेस के चर्चित नेता इमरान प्रतापगढ़ी के जन्मदिवस के अवसर पर जन आवाज फाउंडेशन ने एक अनोखी और सराहनीय पहल की। फाउंडेशन की ओर से शहर के अलबरकात रेस्टोरेंट पर 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए मुफ्त भोजन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया और स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष शुऐब चौधरी ने कहा कि इमरान प्रतापगढ़ी केवल एक नेता नहीं बल्कि एक विचार हैं जिन्होंने हमेशा समाज के कमजोर, वंचित और शोषित वर्गों के हक में आवाज बुलंद की है। उनके जन्मदिन को केवल एक औपचारिक आयोजन की तरह न मनाकर इसे सेवा दिवस के रूप में मनाना अधिक सार्थक लगता है। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान और संतुष्टि ही हमारे इस आयोजन की असली कामयाबी है। इमरान साहब की सोच हमेशा इंसानियत और बराबरी की रही है। उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हमने यह छोटा-सा प्रयास किया है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को रेस्टोरेंट में स्वागतपूर्वक बैठाया गया, उन्हें गर्म व ताजा भोजन परोसा गया। कई बच्चों ने पहली बार इस तरह के रेस्टोरेंट में भोजन का अनुभव किया जिससे उनके चेहरे पर एक अलग ही खुशी देखने को मिली। अंत में शुऐब चौधरी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल खाना खिलाना नहीं, बल्कि यह संदेश देना है कि समाज का हर कमजोर बच्चा भी हमारे लिए उतना ही खास है जितना कोई अपना। फाउंडेशन के अन्य सदस्यों और वालंटियर्स ने भी पूरे उत्साह से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। आयोजन दोपहर से लेकर देर शाम तक चला और इस दौरान लगातार बच्चों का आना-जाना बना रहा।

# मकान की दीवार गिरी, परिवार ने भागकर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** लगातार हो रही बारिश के कारण नगर के मौहल्ला मायापुरी में एक मकान की दीवार गिर गई, दीवार गिरता देखकर परिवार के लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।

नगर के मौहल्ला मायापुरी में जयवीर सिंह का परिवार रहता है। लगातार बारिश होने के कारण उसके मकान की दीवार गिर गई है। दीवार गिरता देख परिवार के लोगों ने भाग कर अपनी जान बचा ली वरना एक बड़ी घटना हो सकती थी। जयवीर की पत्नी आशा का कहना है कि दीवार गिरने से उन्हें काफी आर्थिक क्षति पहुंची है। शासन को आपदा में राहत देने वाली योजना के तहत मुआवजा देना चाहिये। बता दें कि लगातार हो रही बारिश के कारण जनपद क्षेत्र में अब तक कई मकान गिर चुके हैं।

# गौशाला में गौसेवा में न बरतें लापरवाही

## चेयरमैन ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बुधवार को नगर पालिका की कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंश को गुड़ और चना खिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया और गौशाला में मौजूद कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गौवंश की देखभाल में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पालिका अध्यक्ष ने बरसात के मौसम में गौवंश के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद ईओ अवधेश वर्मा व वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी से शेड, चारे, पानी और साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भीगते मौसम में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में साफ-सुथरा माहौल और पौष्टिक आहार जरूरी है। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने गौशाला के चारों ओर घूमकर शेड की हालत, जलनिकासी व्यवस्था और पशुओं की स्थिति को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गौवंश की नियमित निगरानी हो, बीमार पशुओं का इलाज प्राथमिकता पर किया जाए और सभी जरूरी संसाधन समय से उपलब्ध कराए जाएं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि गौसेवा केवल परंपरा नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी है। पालिका इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएगी

# भाजपा सभासद को जान से मारने की धमकी

## एसपी से लगायी सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। मंडी धनौरा की राजनीति में उस समय सनसनी फैल गई जब एक भाजपा नेता और उसके सभासद ने खुद की और अपने परिवार की जान को खतरे में बताया। सभासद ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं और सुरक्षा की मांग की है।

सभासद ने पत्र में लिखा है कि उन्हें सोशल मीडिया के जरिए लगातार धमकियां मिल रही हैं, साथ ही व्यक्तिगत रूप से भी उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जिन दो लोगों पर आरोप लगाया है, उनके बारे में बताया गया है कि वे क्षेत्र के बाहुबली और धनबल से संपन्न हैं, जो अपने रसूख और दबदबे के दम पर नगर में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। सभासद का कहना है वह एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। धमकी देने वाले दोनों लोग अपने प्रभाव और पैसे के दम पर डराने की कोशिश कर रहे हैं। अगर समय रहते कार्यवाही नहीं हुई, तो कोई अनहोनी भी हो सकती है। सभासद की शिकायत पर अब न सिर्फ राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है बल्कि आम जनता के बीच भी भय और आक्रोश का माहौल है। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि अगर एक जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिकों की सुरक्षा कौन करेगा। सभासद का कहना है कि पुलिस अधीक्षक ने शिकायत की जांच करा कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

**आवश्यकता है**

अब्दुल रज्जाक मोडर्न वैलफेयर एजुकेशनल सोर्साटी जोया द्वारा संचालित

**अब्दुल रज्जाक (पी.जी.) में**

| | |
|---|---|
| बी.एड. में प्रवक्ता | 06 पद |
| गृहविज्ञान | 01 पद |
| एम.ए. अंग्रेजी | 02 पद |
| कॉमर्स | 02 पद |

**अब्दुल रज्जाक लॉ कालेज में**

| | |
|---|---|
| प्रवक्ता | 03 पद |
| प्राचार्या | 01 पद |

उपरोक्त प्राचार्या एवं प्रवक्ता के लिए सम्बन्धित (पी.जी.) कोर्स 55 प्रतिशत के साथ नेट/पी.एच.डी. तथा प्राचार्या के लिए 15 वर्ष का अनुभव।
प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर सचिव के नाम रजि. डाक द्वारा आवेदन करें।

8909481128, 9720020220

# अनाथ बच्चों को शिक्षा के अधिकार में शामिल करें राज्य: सुप्रीम कोर्ट

## सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की जनहित याचिका पर शीर्ष अदालत का ऐतिहासिक निर्णय





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** लखनऊ की सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय की खंडपीठ, जिसमें न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन सम्मिलित थे, ने एक अत्यंत उदार, संवेदनशील और ऐतिहासिक आदेश पारित किया।

न्यायालय ने सभी राज्य सरकारों को आदेश दिया है कि वे अनाथ बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आईटीई) के अंतर्गत लाएं, और यह सुनिश्चित करें कि ऐसे बच्चों को उनके आसपास के स्कूलों में प्रवेश मिले। यह कार्य संबंधित राज्य सरकारों द्वारा सरकारी आदेश (जी.ओ) जारी करके किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को इस आदेश का पालन करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। न्यायालय ने न केवल इस विषय में मानवीय संवेदनशीलता दिखाई, बल्कि राज्य को 'अनाथ बच्चों का पालक पिता' (Parens Patriae) मानते हुए यह स्पष्ट किया कि जब माता-पिता नहीं होते, तो राज्य की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह बच्चों की देखभाल और शिक्षा सुनिश्चित करे। न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 51 का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य का कर्तव्य है कि सभी अनाथ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। इसके साथ ही, न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य सरकारें यह सर्वेक्षण करें कि कितने अनाथ बच्चे अभी स्कूल से बाहर हैं और उनकी शिक्षा की व्यवस्था की जाए। इस निर्णय से, जब यह पूरी तरह लागू होगा, अनाथ बच्चों को भी उन्हीं सामान्य और प्रतिष्ठित स्कूलों में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा, जैसा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम की मूल भावना है। याचिकाकर्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला ने इसे सुप्रीम कोर्ट का अत्यंत दयालु, दूरदर्शी और आवश्यक कदम बताया है, जिससे भारत के लाखों-करोड़ों अनाथ बच्चों को शिक्षा का समान अवसर मिलेगा। यूनिसेफ (UNICEF) के अनुसार, भारत में 2 करोड़ से अधिक अनाथ बच्चे हैं। परंतु आज तक, इन बच्चों की कोई सरकारी गिनती नहीं की गई है। इस संदर्भ में, सुश्री शुक्ला ने अदालत के समक्ष यह अत्यंत महत्वपूर्ण मांग भी रखी कि देश में चल रही जनगणना में अनाथ बच्चों की गणना अनिवार्य रूप से की जाए। इस पर, भारत सरकार की ओर से उपस्थित महान्यायवादी (Solicitor General) ने सकारात्मक उत्तर दिया कि अनाथ बच्चों को जनगणना डेटा में शामिल किया जाना चाहिए और कहा कि वे इस संबंध में आवश्यक निर्देश प्राप्त करेंगे। सुश्री शुक्ला ने पूरे देश में अनाथ बच्चों की दयनीय स्थिति पर विस्तृत शोध किया है और इस पर आधारित अपनी पुस्तक 'Weakest on Earth – Orphans of India' (प्रकाशक Bloomsbury) लिखी है। उनकी जनहित याचिका के दायर होने के बाद, कई राज्य सरकारों ने अनाथ बच्चों के लिए आरक्षण जैसी योजनाएं लागू की हैं। उनकी इस दिशा में असाधारण और प्रभावशाली कार्य के लिए उन्हें 'Forbes 30 Under 30' की प्रतिष्ठित सूची में भी शामिल किया गया है। यह निर्णय न केवल न्याय का एक सशक्त उदाहरण है, बल्कि यह सर्वोच्च न्यायालय की विशालता, करुणा और संवैधानिक दृष्टिकोण को भी दर्शाता है, एक ऐसा ऐतिहासिक दिन जब देश की सबसे कमजोर और अनसुनी आवाज़ को देश की सबसे ऊंची अदालत ने न सिर्फ सुना, बल्कि उन्हें सशक्त करने का मार्ग भी प्रशस्त किया।

# जनप्रतिनिधियों को महत्व दिलाने की कवायद में जुटे योगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों को विकास योजनाओं में महत्व दिए जाने की कवायद शुरू की है। मुख्यमंत्री ने यहां लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग, नगर विकास विभाग तथा धर्मार्थ कार्य विभागों द्वारा निर्माण कार्यों की प्रगति, कार्ययोजना एवं प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को कार्ययोजना में शामिल करें। विकास कार्यों के लिये प्राप्त सम्पूर्ण धनराशि का व्यय करें, समय से परियोजना पूर्ण करें। योगी ने मंडलायुक्त कार्यालय में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए सभी सम्बन्धित विभागों के प्रमुख सचिवों व अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवीन प्रस्ताव यथा सड़क, पुल, फ्लाई ओवर, बाईपास तथा इंटर स्टेट बार्डर कनेक्टिविटी आदि कार्यों को वरीयता के आधार पर कार्ययोजना में शामिल कर समय से स्वीकृति कराएं तथा गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण कर, आमजन को लोकार्पित करें। बैठक में मण्डल के जनप्रतिनिधिगणों द्वारा दिए गए विभिन्न प्रस्तावों की समीक्षा की गई तथा सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इंटर स्टेट बार्डर कनेक्टिविटी, विकास हेतु सभी पड़ोसी राज्यों की सीमाओं पर बेहतर गुणवत्तापूर्ण सम्पर्क मार्ग बनाने, प्रवेश द्वार बनाने हेतु सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेने, बरसात के बाद युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने हेतु अभी से सर्वे कर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी सड़कों, राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर प्रभावी कार्य कर उन्हें समाप्त करने, सघन आबादी व भारी ट्रैफिक क्षेत्रों में फ्लाई ओवर व बाईपास के प्रस्ताव बनाने, जनमानस की समस्याओं को देखते हुए जनपद की चम्बल, यमुना, उटंगन, पार्वती आदि नदियों पर जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर दीर्घ व लघु सेतु तथा पाल्टून पुल के प्रस्ताव शीघ्र बनाकर कार्य प्रारम्भ करने को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री ने धर्मार्थ कार्य विभाग को मन्दिर में आने वाले दर्शनार्थियों व श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर सभी प्रमुख शहरी व ग्रामीण मन्दिरों के सम्पर्क मार्गों का निर्माण कराने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि आगरा में 28 परियोजनाएं अनुमोदित की गई है। बैठक में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, लक्ष्मी नारायन चौधरी, बेबीरानी मौर्य, राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष डा मंजू भदौरिया, महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, विधायकगण पक्षालिका सिंह, पुरूषोत्तम खण्डेलवाल, डा. जीएस धर्मेश, डा. धर्मपाल सिंह, चौधरी बाबू लाल, छोटेलाल वर्मा, भगवान सिंह कुशवाह, एमएलसी विजय शिवहरे तथा मथुरा, फिरोजाबाद व मैनपुरी जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ड्रोन की अफवाह फैलाने वालों पर होगी रासुका के तहत कार्रवाई

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में ड्रोन देखे जाने और चोरी की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ गैंगस्टर और रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पुलिस की कई टीमें सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस अधीक्षक राज.ेश द्विवेदी ने बताया पिछले एक सप्ताह से जिले के ग्रामीण इलाकों से ड्रोन दिखाई देने की घटनाएं हुई थी। ड्रोन में लाइट जलती दिखाई दे रही थी। ग्रामीणों ने कई बार ड्रोन को अपने कमरे में भी कैद किया। इसी बीच अफवाह फैल गई कि यहां चोर ड्रोन उड़ा रहे हैं और लो. केशन पता करके चोरी कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में ड्रोन उड़ाने पर पूर्णता प्रतिबंध लगा दिया गया है। अगर कोई ड्रोन उड़ता है तो उसके लिए पुलिस से परमिशन लेनी पड़ेगी। ड्रोन से चोरों की अफवाह फैलने के बाद अब पुलिस ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई और रासुका के तहत कार्रवाई करने की कड़ी चेता. वनी दी है। द्विवेदी का कहना है कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की निगरानी बनी हुई है।

# एक नजर

## बिजली कनेक्शन लटकाए रखने पर मुख्य अभियन्ता स्थानान्तरित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने गाजियाबाद में विद्युत फाल्ट को ठीक करने तथा विद्युत कनेक्शन को देने में विलम्ब के कारण गाजियाबाद के मुख्य अभियन्ता का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर कर दिया है। वहीं अन्य अधिकारियों एवं कार्मिकों पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। अध्यक्ष को उपभोक्ता से शिकायत प्राप्त हुई थी कि विगत चार महीने से 40 किलोवॉट के कनेक्शन के लिये आवेदन सम्पूर्ण धनराशि 27615 का भुगतान करने के बाद भी अभी तक कनेक्शन नहीं लगाया गया है। साथ ही लाल कुंआ विद्युत उपकेन्द्र में 24-25 जुलाई को रात्रि में आये व्यवधान को दो दिन ठीक नहीं कराया गया। जिसमें विद्युत आपूर्ति प्रभावित रही। उपभोक्ताओं को अत्यन्त परेशानी हुई। इन दोनो घटनाओं से मुख्य अभियन्ता को पर्यवेक्षकीय शिथिलता का दोषी पाया गया और उन्हें प्रशासनिक आधार पर गाजियाबाद से स्थानान्तरित कर उप्र पावर कारपोरेशन में कर दिया गया। इस बावत डॉ गोयल ने कहा कि बेहतर विद्युत आपूर्ति एवं उपभोक्ता सेवा सभी कार्मिकों का दायित्व है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

## सर्वोदय विद्यालयों में दो चरणों मे मनाया जाएगा तिरंगा अभियान

**लखनऊ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वर्ष 2022 में शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचा. लित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में भी बढ़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बावत समाज कल्याण विभाग ने सभी जिला समाज कल्याण अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालयों में दो चरणों में अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसमे पहले चरण में पुलिस कर्मियों को तिरंगा धागे से राखी बांधने, मूंज से टोकरी बनाने और दूसरे चरण में भव्य तिरंगा मेला, देशभक्ति के डांस, विद्यालय परिसरों को सजाने संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों की दीवारों एवं सूचना पटों की तिरंगा सजावट, तिरंगा प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश के प्रति गर्व, कर्तव्य और एकजुटता का उत्सव है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हमारे विद्यार्थी न केवल भारत के गौरवशाली इतिहास से जुड़े, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवन में आत्मसात करें।

## पीडब्ल्यूडी इंजीनियर पर भड़के दयाशंकर

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया में नवनिर्मित पुल के उद्घाटन में आमंत्रित न किये जाने से खफा उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अपनी भड़ास पीडब्ल्यूडी इंजीनियर पर निकाली। दरअसल, दयाशंकर सिंह को यह पता चला कि उनके जिले में पीडब्ल्यूडी ने उन्हें बिना सूचना दिए एक नवनिर्मित पुल को जनमानस के लिए खोल दिया है। वह आग बबूला हो उठे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर की क्लास लगा दी। उन्होंने गुस्से में कह डाला दिमाग ज्यादा न खराब हो। मैं मंत्री हूं और मुझे ही नहीं बुलाया। मुझे यह बहुत अच्छे से पता है कि आप किस के इशारे पर यह काम कर रहे हैं। मैं यहां का विधायक और मंत्री हूं। मुझे बिना जानकारी दिए पुत्र को कैसे खोल दिया गया। हालाकि बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री उन्होने कहा कि अधिशासी अभियंता ने पूर्व में अनुरोध के बावजूद भी पुल न खोलने के लिए औपचारिक परीक्षण और प्रशासनिक स्वीकृति के अभाव का हवाला दिया था। लेकिन अचानक किसी ऐसे व्यक्ति के प्रभाव में आकर बिना अनुमति या सूचना के ही पुल को खोल दिया जिससे कि उन्हे इसका श्रेय न मिल सके।

## राष्ट्रीय जनसत्ता दल सभी सीटों पर लड़ेगा विधानसभा चुनाव: अक्षय प्रताप

**कौशांबी।** राष्ट्रीय जनसत्ता दल के वरिष्ठ नेता एवं विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी 2027 में विधानसभा चुनाव पूरे प्रदेश में लड़ेगी और बड़ी जीत हासिल करेगी। श्री सिंह ने पत्रकारों से कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश में तीसरे नंबर की पार्टी है। उनकी पार्टी जातिवादी मानसिकता के खिलाफ है। जनसत्ता दल सर्व समाज की पार्टी है। उनके दल को सभी जाति के लोगों का समर्थन मिलता है। कुंडा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया लगातार कई बारसे विधायक निर्वाचित होते रहे हैं जबकि कुंडा विधानसभा क्षेत्रमें केवल 10 हजार मतदाता है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 'राहत' लेकर पहुंच रहे योगी के मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार के मंत्री बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 'राहत' लेकर पहुंच रहे हैं। ग्राउंड जीरो पर उतरे मंत्रियों ने बाढ़ प्रभावित जिलों का भ्रमण किया और राहत कार्यों का जायजा लेते हुए पीड़ितों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से कहा कि आपदा की इस घड़ी में जरूरतमंदों तक अविलंब सहायता पहुंचाना, राहत सामग्री का निरंतर वितरण करना योगी सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्रियों ने प्रशासन को निर्देश दिया कि बाढ़ पीड़ितों के भोजन, पेयजल, चिकित्सा समेत सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। प्रयागराज में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बाढ़ राहत शि. विर का निरीक्षण कर आपदा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के भोजन, पेयजल एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था हेतु अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध तत्परता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने प्रयागराज व कौशांबी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा करते हुए जल निकासी, स्वच्छता व अन्य समस्याओं के समाधान का निर्देश अधिकारियों को दिया। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने भदोही में गंगा नदी में आई बाढ़ से प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सीतामढ़ी में राहत सामग्री का वितरण किया। स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि हर जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। आपदा की इस घड़ी में हर पीड़ति के साथ राज्य सरकार साथ खड़ी है। कैबिनेट मंत्री ने 100 से अधिक बाढ़ प्रभावितों को राहत पैकेट वितरित किया। साथ ही आपदा में जान गंवाने वाले पांच लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का चेक भी दिया। वाराणसी के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने सोमवार को विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी के साथ बाढ़ राहत शिविर गोपी राधा इंटर कॉलेज, रविंद्रपुरी और प्राथमिक कन्या विद्यालय नगवां का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में रह रहे बाढ़ प्रभावित लोगों से कहा कि आपदा की घड़ी में शासन और प्रशासन आपके साथ है। किसी भी प्रकार की परेशानी पर तुरंत प्रशासन को अवगत कराएं। प्राथमिकता से हर किसी की सहायता की जाएगी। उन्होंने शिविर में बच्चों को चॉकलेट-बिस्किट भी दी। कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने मीरजापुर के जिला पंचायत सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, राहत शिविरों एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।

# भाजपा बताए 2014 के मुकाबले देश का क्षेत्रफल अब कितना है: अखिलेश

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तिरंगा यात्रा पर कटाक्ष करते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बताये कि 2014 के मुकाबले अब देश का क्षेत्रफल कितना है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जनेश्वर मिश्र की 93वीं जयंती के मौके पर उन्होने कहा कि भाजपा सरकार बताये कि जब 2014 में वह केंद्र की सरकार में आयी थी तब देश का क्षेत्रफल कितना था और अब देश का क्षेत्रफल कितना है। भाजपा सरकार जब ये जवाब दे दे तब तिरंगा लेकर घूमे। उन्होने कहा कि श्री जनेश्वर मिश्र ने जीवनपर्यंत समाजवादी आंदोलन को मजबूत किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया, छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र और मुलायम सिंह यादव ने जो समा. जवादी रास्ता दिखाया था।

# दो कारों की टक्कर में सिपाही की मौत चार घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में चौबेपुर थाना क्षेत्र के लरग रोड के पास बहिरासनपुर में हुई सड़क दुर्घटना में चंदौली जिले की भूपौली चौकी पर तैनात सिपाही वीर बहादुर सिंह की मृत्यु हो गई।

इस हादसे में चौकी प्रभारी अमित सिंह, उनकी पत्नी, उनका बच्चा और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। अपर पुलिस आयुक्त विजय सिंह ने बताया कि वैगन आर कार से चौकी प्रभारी अमित सिंह, उनकी पत्नी, बच्चा और सिपाही वीर बहादुर सिंह वाराणसी की ओर आ रहे थे। लरग रोड के पास बहिरासनपुर में विप. रीत दिशा से आ रही क्रेटा कार से उनकी गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई।

हादसे के बाद सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सिपाही वीर बहादुर सिंह को मृत घोषित कर दिया। 2018 बैच के सिपाही वीर बहादुर सिंह अम्बेडकरनगर जिले के निवासी थे।

# रामलला के दरबार तक अब यात्रा होगी और सहज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के गौरव को पुनः स्थापित करने और राम भक्तों को सहज, सुरक्षित और भव्य अनुभव देने के लिये 'आस्था पथ' का निर्माण कराया जा रहा है।

यह मार्ग भक्ति पथ से राम गुलेला होते हुए सीधे श्रीराम जन्मभूमि पथ तक पहुंचता है, जो न केवल भौगोलिक रूप से बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी अयोध्या के हृदय को जोड़ता है। 0-225 किलोमीटर लंबा यह मार्ग लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जा रहा है। यह मार्ग अब केवल एक सड़क नहीं, बल्कि श्रद्धा, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीता-जागता प्रतीक बन चुका है। रामायण के अनुसार, श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा और लोक कल्याण का प्रतीक रहा है। जिस पथ पर प्रभु श्रीराम कभी माता कौशल्या के साथ चले होंगे, वही मार्ग आज 'आस्था पथ' के रूप में विकसित हो रहा है। यह मार्ग अतीत की सांस्कृतिक विरासत और वर्तमान की विकास दृष्टि का अद्वितीय संगम है। इस मार्ग के माध्यम से श्रद्धालु अब राम जन्मभूमि मंदिर तक और भी सहजता से पहुंच सकेंगे। जिस स्थान को देखने के लिए वर्षों तक प्रतीक्षा की गई, वह अब आधुनि. कता और आस्था के समन्वय से सुसज्जित किया जा रहा है। 12 दिसम्बर 2023 को प्रारंभ हुए इस कार्य को लोक निर्माण विभाग खंड चार द्वारा तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता शशि भूषण सिंह के अनुसार, मार्ग में यूटिलिटी डक्ट, ड्रेनेज, जलापूर्ति पाइप लाइन, सीसी मार्ग जैसे सुविधाजनक ढांचे पहले ही तैयार किए जा चुके हैं। बारिश के मौसम में जलभराव न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए उन्नत ड्रेनेज सिस्टम डाला गया है। स्ट्रीट लाइटिंग और फर्नीचर जैसे सौंदर्यात्मक कार्य अंतिम चरण में हैं, जबकि फुटपाथ निर्माण के लिये स्वीकृति मिल चुकी है और यह कार्य भी अगस्त माह के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है।

# वाराणसी में घटने लगा है गंगा नदी का जलस्तर

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने के बाद बुधवार से घटना शुरू हो गया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, जलस्तर 72.16 मीटर दर्ज किया गया है। हालांकि, काशी में गंगा अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, 28 जुलाई को गंगा का जलस्तर 67.27 मीटर, 29 जुलाई को 67.97 मीटर, 30 जुलाई को 68.71 मीटर, 31 जुलाई को 69.36 मीटर, 1 अगस्त को 69. 92 मीटर, 2 अगस्त को 70.87 मीटर, 3 अगस्त को 71.56 मीटर, 4 अगस्त को 72.02 मीटर और 5 अगस्त को 72.23 मीटर दर्ज किया गया था। मंडलायुक्त एस- राज. लिंगम ने बताया कि जिले में आई बाढ़ की स्थिति का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को राहत शिविरों में रह रहे लोगों और बाढ़ प्रभावितों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए कहा, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। नगर निगम को उचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जलजमाव वाले क्षेत्रों में एंटी-लार्वा दवाओं और चूने का छिड़काव करने के साथ-साथ नियमित फॉगिंग कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# रील बनाने वालों पर पुलिस की टेढ़ी नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में उफनाती नदियों पर रील बनाने वालों पर पुलिस सख्ती करेगी। पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती ने आज शहर के सभी थाना प्रभारियों को बाढ़ ग्रस्त इलाकों में निगरानी करने का निर्देश दिया हैं। थानेदारों ने अपने अपने बाढ़ ग्रस्त इलाकों मे दौरा करके बाढ़ के पानी में सेल्फी ना लेने और उफनाती गंगा मे स्नान न करने की घोषणा करायी। अगर किसी ने भी पुलिस के निर्देशों का पालन नही किया और पानी मे सेल्फी या रील बनाते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस उपायुक्त अभिषेक भारती ने इसकी निगरानी के लिए एसीपी की एक टीम भी गठित की हैं।

# ट्रैक्टर ट्राली में उतरा करंट, दो की मौत तीन घायल

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के परौर क्षेत्र में मंगलवार देर रात डीजे से लदी ट्रैक्टर ट्राली बिजली के तार की चपेट में आने से ट्रैक्टर ट्राली पर बैठे लोग नीचे गिर गए जिसमें दो लोगों की पहिए से कुचलकर मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि थाना परौर क्षेत्र के कुंडलिया गांव के रहने वाले लोगों ने बदायूं के कछला गंगा नदी से जल लाकर प्राचीन मंदिर पटना देवकली में जलाभिषेक करने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली किराए पर बुक की थी।श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली पर डीजे लगाकर और बरसात से बचने के लिए लोहे के हेगल लगाकर पन्नी बांध रहे थे।

तभी बिजली का तार ट्राली के ऊपर लगे डीजे से छू गया जिसके कारण ट्रैक्टर ट्राली में करंट फैल गया। उन्होंने बताया कि करंट लगने से चालक सुखबीर (30) तथा जसवीर (16) ट्रैक्टर ट्राली से नीचे गिर गए और ट्राली का पहिया उनके ऊपर से निकल गया। इस हादसे में जसवीर की मौके पर ही मौत हो गई।

# बस्ती में सरयू का जलस्तर लाल निशान के पार

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में सरयू नदी का जलस्तर बुधवार को लाल निशान को पार कर गया है। केन्द्रीय जल आयोग के सूत्रों ने बताया कि सरयू नदी का जलस्तर खतरे के बिन्दु 92-730 को पार करते हुये हाई फ्लड बिन्दु 94-01 से करीब 0-130 सेमी- नीचे है। अगर निरन्तर जलस्तर बढ़ता रहा तो बाढ़ की चपेट में कई गांव आ जायेंगे। बढ़ते जलस्तर से सुबिका बाबू गांव में नाव चलने लगी है। टेढ़वा, विशुनदासपुर गांव में भी बाढ़ का पानी धीरे-धीरे फैलने लगा है। नदी का जलस्तर बढ़ने से केशवपुर गांव के पास कटान शुरू हो गया है जिसे रोकने के लिए बाढ़ खण्ड द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

# वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर मिला ड्रोन

**वाराणसी।** वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 के पास रेलवे ट्रैक पर मंगलवार शाम एक अवैध ड्रोन गिरा हुआ पाया गया।

सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे प्रशासन मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। ड्रोन के उपयोगकर्ताओं की तलाश जारी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अवैध ड्रोन उपयोगकर्ताओं पर नजर रखने और कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। आरपीएफ इंस्पेक्टर संदीप यादव ने बताया कि ड्रोन की जांच बम निरोधक दस्ते (बम स्क्वॉड) द्वारा भी की गई।

प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि ड्रोन का उपयोग सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए किया गया था। ड्रोन के कैमरे के फुटेज की भी जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# यूनानी कार्यालय का बाबू घूस लेते गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में एंटी करप्शन की टीम ने छापेमारी कर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय के बाबू को घूस लेते समय रंगे हाथ पकड़ लिया।

वह विभाग के ही एक वार्ड ब्वाय की चिकित्सा प्रतिपूर्ति की बिल तैयार करने के लिए 18 हजार रुपये घूस ले रहा था। एंटी करप्शन की टीम ने उसके खिलाफ पडरौना कोतवाली में एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जिले के अहिरौली बजार थानान्तर्गत सिहुलिया निवासी ध्रुव नारायण ओझा हाटा तहसील के सकरौली स्थित आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में वार्ड ब्वाय हैं। उन्होंने पिछले दिनों चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के कार्यालय में आवेदन किया था।

नियमानुसार भुगतान के लिए कार्यालय के कनिष्ठ सहायक को बिल बनाकर प्रेषित करना होता है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी का कनिष्ठ सहायक ओमप्रकाश भारती बिल ही नहीं बना रहा था। वार्ड ब्वाय ओझा ने उससे संपर्क कर बिल बनाने को कहा तो उसने बीस हजार रुपये की रिश्वत मांगी। ओझा के अनुसार उससे रुपये नहीं होने बात कही तो उसने बिल बनाने से इंकार कर दिया। अपनी पीड़ा बतायी तो ट्रैप टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनायी। तय योजना के अनुसार ओझा ने कनिष्ठ सहायक से संपर्क किया तो वह 18 हजार रुपये की रिश्वत लेकर बिल बनाने को तैयार हो गया। तय योजना के अनुसार मंगलवार को दोपहर में एंटी करप्शन गोरखपुर ट्रैप टीम पडरौना के छावनी स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के कार्यालय के बाहर पहुंच गई।

टीम का इशारा पाते ही ओझा 18 हजार रुपये लेकर कार्यालय में कनिष्ठ सहायक के पास पहुंचे। उसे 18 हजार रुपये दिए। रुपये लेकर वह गिन रहा था तभी ट्रैप टीम पहुंची और उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत लेने वाला कनिष्ठ सहायक ओमप्रकाश भारती पुत्र स्व वंशराज प्रसाद, ग्राम कस्तूरबा पोस्ट शंकर पटखौली तहसील कसया व थाना चौरा खास का निवासी है।

# मूसलाधार वर्षा ने क्षेत्र में मचाई तबाही

## नचना नदी में उफान के कारण नगर बना झील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा ने क्षेत्र में तबाही मचा दी। नगर की नचना नदी में उफान के कारण नगर झील बन गया है। सीएचसी व विद्युत गृह में पानी भर गया है। मुख्य बाजार व सीएचसी में लाखों का नुकसान हुआ है। नदी नाले उफान पर है। गरीबों पर आफत बनकर बारिश टूट रही है। फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। कई स्थानों पर भारी भरकम वृक्ष उखड़ कर गिर गए। क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। सीएचसी के चिकित्सकों ने सड़क पर खड़े होकर टीबी आदि के मरीजों को दवाएं दी।



गौरतलब है कि लगातार तीन दिनों से पड़ रही भारी वर्षा ने नगर व क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी है। बीती रात्रि पहाड़ी मैदानी इलाकों में लगातार मूसलाधार वर्षा होने से नगर के बीच बहने वाली नचना नदी व अमला नदी में भारी उफान आ गया। जिस कारण नगर झील में तब्दील हो गया है। जामा मस्जिद के समीप मुख्य बाजार सब्जी मण्डी, इस्माइल मार्केट में दुकानों में पानी भर जाने के कारण दुकानदारों को लाखों का नुकसान हो गया है। सिमरन गिफ्ट शॉप के स्वामी मौहम्मद परवेज, दिलशाद गारमेंट, वसीम अहमद परचून वाले, उस्मान अंडे वाले, अयाज कपड़े वाले, खालिद परचून वाले, अकरम जूते वालों ने बताया कि बीती रात नचना नदी में पानी आने की वजह से दुकानों में पानी भर गया। जिससे दुकानदारों का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। नगर में यह तबाही 15 वर्षों के बाद हुई। उधर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर खालिद अख्तर व डॉक्टर सर्वेश निराला ने बताया कि अस्पताल व स्टाफ निवास में लगभग चार फिट पानी भर गया। माईनर ओपीडी, डॉक्टरों के चेंबर, आपातकालीन कक्ष, महिला प्रसव केंद्र आदि में पानी भर गया। गोदाम में रखी दवाइयां व इंस्ट्रूमेंट पूरी तरह से खराब हो गए हैं। जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। पानी उतरने के बाद ही नुकसान का अवलोकन किया जाएगा। अमला नदी में आए पानी के कारण डोडा कॉलोनी में जल भराव के कारण कॉलोनीवासी अपने घरों में कैद होकर रह गए। नगर के विद्युत गृह उपकेंद्र में जल भराव के कारण विद्युत आपूर्ति ठप रही। कालागढ़ मार्ग स्थित धोबी घाट नचना नदी में उफान के कारण मार्ग अवरूद्ध हो गया। दोनों ओर वाहनों की भारी भीड़ लगी रही तथा जसपुर तिराहा से मेघपुर मोड़ तक पानी भर जाने के कारण कई घंटे तक यातायात बाधित रहा। थाने के सामने पेट्रोल पंप के समीप पिलखन के दो वृक्ष जड़ से उखड़ जाने तथा कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड पर भी एक वृक्ष उखड़ जाने के कारण दोनों स्थानों पर काफी समय तक यातायात बाधित रहा।

पहाड़ों पर भारी वर्षा के कारण पीली बांध जलाशय से छोड़े गए पानी के कारण बनैली नदी में आए उफान के कारण नदी में सब्जी की खेती पूर्ण रूप से नष्ट हो गई तथा नदी के आसपास के खेतों में पानी भर गया तथा बनैली नदी के तट पर बसे गांव में भी पानी भर गया। मूसलाधार वर्षा के चलते फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है तथा आम आदमी का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो कर रह गया।

इस प्राकृतिक आपदा में हुए दुकानदारों व किसानों विशेष कर सब्जी काश्कारों के हुए नुकसान का प्रशासन को जांच कर मुआवजे देकर नुकसान की भरपाई करनी चाहिए।

# कपड़ा मंत्री से मिला बुनकर मजदूर विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल

## बुनकरों की समस्याओं का निदान कराने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बुनकर मजदूर विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कपड़ा मंत्री राकेश सचान के सरकारी आवास लखनऊ पर मुलाकात कर बुनकरों की समस्याओं को रख उनका निदान कराने की मांग की।



समस्याओं में मुख्य रूप से बुनकर सब्सिडी, बिजली बकाया बिल को जीरो करने, पावरलूम बुनकर प्रमाण पत्र की मौजूदा अवधि दो साल को समाप्त कर पांच साल करने की मांग की गई। गरीब बुनकर समाज के उत्थान और विकास के लिए सरकार द्वारा नई-नई प्रभावी स्कीमों को चलाकर बुनकरों को सीधा लाभ पहुंचाने का काम किया जाए, जिससे बुनकरों का विकास हो सके।

मंत्री के सामने हथकरघा व बिजली अधिकारियों द्वारा किए जा रहा बुनकरों के उत्पीड़न का मामला उठाया गया। मंत्री ने बुनकरों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए हथकरघा पावरलूम अधिकारियों को सख्त आदेश करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में बुनकर पावरलूम प्रमाण पत्र पर अवैध वसूली को बंद किया जाएं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा बुनकर पावरलूम परिचय पत्र पर अवैध वसूली खत्म कर फ्री में बनाने का कार्य किया जाए। जो हथकरघा अधिकारी आदेश का उल्लंघन करने अवैध वसूली करने का काम करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बुनकर मजदूर विकास समिति के संघर्ष की बदौलत बुनकरों की बहुत बड़ी जीत हुई है।

प्रतिनिधिमंडल में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री शाहबुद्दीन अंसारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मौहम्मद नाजिम अंसारी, उत्तर प्रदेश प्रभारी कारी लईक अंसारी, प्रदेश सचिव मुफ्ती मोहसीन, लखनऊ मण्डल अध्यक्ष वकील अहमद अंसारी, मशहूर शायर फैसल स्योहारवी, मौहम्मद इरशाद आदि लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली में छात्रों और शिक्षकों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** दिल्ली में एसएससी प्रोटेस्ट और अन्य परीक्षाओं में होने वाली धांधली और खामियों के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में ग्रामीण युवाओं और छात्रों ने विरोध में प्रदर्शन किया।

ग्राम पंचायत तैय्यबपुर गौरवा में एसएससी प्रोटेस्ट और अन्य परीक्षाओं में होने वाली खामियों और दिल्ली में छात्रों और शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार, लाठीचार्ज के खिलाफ मुख्य मार्ग से समग्र विद्यालय गौसपुर तक कैंडिल मार्च निकालकर शिक्षकों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओ ने विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षक दीपक कुमार, भूपेंद्र सिंह, सुनील कुमार, ज्ञान सिंह व छात्र विकास कुमार, करमवीर सिंह, खेमेंद्र सिंह, कुलदीप कुमार, विवेक शर्मा, राजा, शिवम सैनी, हर्ष, सौरभ, कुनाल, बॉबी अभिषेक, पंकज, निवेश आदि उपस्थित रहे।

# कृषि में नवाचार और योजनाओं पर चर्चा

## किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए किया प्रोत्साहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बिंदल पेपर्स शुगर मिल लिमिटेड, चांदपुर की चीनी मिल सोसाइटी ने आज ग्राम शिवाला कलां में एक गन्ना सट्टा प्रदर्शन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गन्ने की खेती में ड्रिप इरिगेशन (टपक सिंचाई), प्राकृतिक खेती, जैव नियंत्रण और ड्रोन तकनीक जैसी आधुनिक और नवोन्मेशी पद्धतियों को बढ़ावा देना था।



इस मौके पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, गन्ना पर्यवेक्षक भोपाल सिंह, समिति कर्मी रोहताश कुमार और चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक उपस्थित थे। सट्टा प्रदर्शन के दौरान 99, 999 प्लॉट्स के चिह्नीकरण, सीएलए से अधिक सर्वे वाले किसानों के राजस्व रिकॉर्ड्स की जांच और नए सदस्यों को गन्ना क्षेत्र आवंटित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए। जिन सदस्यों ने सट्टा होने के बावजूद गन्ने की सप्लाई नहीं की, उनका डेटा भी एकत्र किया गया। किसानों की सभी समस्याओं को एक रजिस्टर में दर्ज किया गया ताकि उनका उचित समाधान किया जा सके। चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक ने बताया कि मिल द्वारा फसल सुरक्षा के लिए ड्रोन छिड़काव की सुविधा प्रदान की जा रही है।

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने किसानों को विभाग की विभिन्न नवोन्मेशी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन योजनाओं में पंचामृत खेती, ट्रेंच प्लांटिंग (गहरी नाली विधि), सहफसली खेती, ड्रिप इरिगेशन, रटून मैनेजमेंट डिवाइस और ट्रेस मल्चिंग (गन्ने की पत्ती का उपयोग) शामिल हैं। उन्होंने विशेष रूप से प्राकृतिक खेती पर जोर दिया, जिसके तहत रासायनिक खादों और कीटनाशकों का उपयोग कम करके मिट्टी और पर्यावरण को स्वस्थ रखा जा सकता है।

इस दौरान यह भी बताया गया कि गांव में कुल 1-200 हेक्टेयर गन्ने का रकबा गैर-सदस्य किसानों के पास है। इनमें से 2 नए किसानों को सदस्य के रूप में चिन्हित किया गया है और उन्हें जल्द ही गन्ना रकबा आवंटित करने की कार्यवाही की जा रही है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से बिंदल पेपर्स शुगर मिल लिमिटेड ने किसानों को न केवल उनकी समस्याओं के समाधान में सहायता प्रदान की है, बल्कि उन्हें आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है जो भविष्य में गन्ने की पैदावार और गुणवत्ता में सुधार लाएगी।

# बी.एड. प्रथम वर्ष का परीक्षाफल घोषित, नूतन चौधरी रही प्रथम







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ साइंस के बी.एड. पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

बी.एड. के विभागाधयक्ष एम. एस. अंसारी ने बताया की बी.एड. प्रथम वर्ष में नूतन चौधरी ने 78.14 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, आंचल कश्यप ने 78 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान और निशा सिंह व तान्या मिश्रा ने संयुक्त रुप से 77.14 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कृष्णा कालेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि हमारा सदैव यही प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को एक अच्छा शैक्षिक वातावरण उपलब्ध हो जिससे कि वह भविष्य में अपना उज्जवल भविष्य बना सके एवं भविष्य में अच्छे शिक्षक बन सकें।

इसके साथ-साथ उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी मेहनत एवं जज्बे को इसी प्रकार बनाये रखें, जिससे आने वाली सरकारी अध्यापक परीक्षा में उनका चयन सुनिश्चित हो सके।

कालेज के संस्थापक एवं निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविश्य की कामना की।

# बाईपास पर फंसी रोडवेज बस

## यात्रियों में मची चीख-पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पानी में डूबे नहटौर-नूरपुर बाईपास पर एक रोडवेज बस चालक ने यात्रियों की जान जोखिम में डालते हुए बस निकालने की कोशिश की। बस निकालने के दौरान पानी अधिक होने के कारण रोडवेज बस बीच में बंद हो गई। जिसको लेकर यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर मौहल्लेवासी व पुलिस मौके पर पहुंची। यात्रियों को कड़ी मशक्कत के बाद बस का पिछला सीसा तोड़कर निकाल कर पानी से बाहर लाया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार गांगन नदी का जल स्तर बढ़ने पर नहटौर नूरपुर बाईपास पानी में डूब गया है। बताया जाता है कि नहटौर नूरपुर बाईपास पर करीब 4 फीट तक पानी चढ़ गया था। बुधवार की रात करीब 2:30 बजे मुरादाबाद डिपो की एक बस हरिद्वार से मुरादाबाद जा रही थी। नहटौर के हल्दौर चेक पोस्ट पर बस आने पर पुलिसकर्मी ने कांवड़ यात्रा को लेकर उसे आगे जाने से रोक दिया। इसके बाद बस चालक बस को अन्य रास्तों से निकालकर धामपुर मार्ग पर ले गया और धामपुर मार्ग से नूरपुर मार्ग पर ले जाने के लिए उसने बस को नहटौर नूरपुर बाईपास मार्ग से ले जाने का प्रयास किया। नहटौर नूरपुर बाईपास मार्ग पानी में डूबा हुआ था। बस नहटौर-नूरपुर बाईपास मार्ग पर बीच रास्ते में जाकर पानी अधिक होने के कारण बंद हो गई। बस में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। पानी बस के अंदर तक पहुंच गया। पानी बस के अंदर पहुंचने पर यात्री बुरी तरह से भयभीत हो गए। यात्रियों की चीख पुकार सुनकर मौहल्लेवासी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मोहल्लेवासियों ने पानी में घुसकर यात्रियों को किसी तरह से कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बाहर निकाला। नगर पालिका की टीम भी मौके पर पहुंची। रोडवेज बस के चालक ने यात्रियों की जान जोखिम में डालकर बस को पानी से भरे मार्ग से निकालने की कोशिश की। इस दौरान एक बड़ा हादसा होने से टल गया। बाद में रोडवेज बस को भी पानी से बाहर निकाला गया। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि सभी यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया है और अन्य बस की व्यवस्था करके उनके गंतव्य को भेज दिया गया। नहटौर-नूरपुर बाईपास मार्ग पर बैरिकेडिंग लगवा दी गई है।

# एसडीएम व सीओ ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** एसडीएम नितिन तेवतिया एवं सीओ देश दीपक द्वारा तहसील क्षेत्र के ब्लॉक जलीलपुर गंगा खादर क्षेत्र में बाढ़ संभावित गांव का दौरा करते हुए उन्होंने वहां कई गांव में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण भी किया।

ग्राम रायपुर खादर, खानपुर खादर, मीरापुर सीकरी आदि गांवों में भारी वर्षा के कारण जलस्तर में हुई वृद्धि के दृष्टिगत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी अपनी बात साझा करते हुए निरीक्षण के दौरान समीपवर्ती क्षेत्रों का जायजा लिया एवं संभावित खतरे की आशंका को देखते हुए ग्रामवासियों को जागरूक किया। एसडीएम एवं सीओ ने लोगों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे बच्चों व पशुओं को नदी, नहर, बरसाती नाले आदि के समीप न जाने दें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस / प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित करें। ग्रामीणों से आपात स्थिति से निपटने हेतु तैयार रहने की अपील की।

## एक नजर

### खादर क्षेत्र में जलभराव से चिंता

**चांदपुर।** पिछले दो तीन दिन से पहाड़ों और क्षेत्रीय स्थानों पर हो रही लगातार वर्षा के चलते गंगा नदी में जलस्तर बढ़ता जा रहा है। साथ ही लगातार हो रही वर्षा से ब्लॉक जलीलपुर खादर गंगा क्षेत्र में कई गांव बाढ़ के जैसी चपेट में है, जिसको लेकर ग्रामीणों में चिंता सताने लगी है। ब्लॉक जलीलपुर के कुछ गांव तो ऐसे हैं जो गंगा नदी के किनारे और बहुत ही निकट बसे हुए हैं जिनमें वर्षा हो या फिर गंगा का बढ़ता जलस्तर उनके लिए बाढ़ जैसी स्थिति बन जाना माना जा रहा है। एसडीएम चांदपुर नितिन तेवतिया ने गंगा खादर क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया है और संबंधित विभाग अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए है। गंगा खादर के एक गांव में ग्रामीणों ने नाव चला कर दिखाया कि यहां बाढ़ जैसी स्थिति है। ग्रामीणों का कहना कि यदि लगातार वर्षा होती रही और गंगा नदी का जलस्तर बढ़ेगा तो गावों में आने वाली बाढ़ जैसी तबाही से ग्रामीणों को सामना करना पड़ेगा। जिसकी चिंता ग्रामीणों को सताने लगी है।



### अपना दल का सदस्यता अभियान



**चांदपुर।** अपना दल (एस) पार्टी के मुरादाबाद मंडल परिक्षेत्र अध्यक्ष जकी उल नासिर ने पार्टी की गाइड लाईन के अनुपालन में पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से चांदपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग का आयोजन अपने आवास पर कर पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया। उन्होंने पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन रखने वालों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के पश्चात पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन से कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर महिला और पुरुषों के साथ-साथ युवाओं की एक टीम ने बैठक में पहुंचकर सदस्यता ग्रहण की। परिक्षेत्र अध्यक्ष नासिर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार सभी साथी आगामी जिला पंचायत चुनावों की जोरदार तैयारी करने मे जुट जाये। इस अवसर पर कुलदीप सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नजीबाबाद, सूर्य प्रताप सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष (आई.टी) सैल, हारून मंसूरी जिला सचिव, कमल सिंह जाटव प्रदेश उपाध्यक्ष, डाल चंद सैनी पूर्व जिला उपाध्यक्ष, राशिद अल्वी पूर्व अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष, हनीफा खातून पूर्व जिला महासचिव महिला मंच, नसिक अहमद, जैद अहमद, मोहम्मद अब्दुल्ला, शाकिर अहमद आदि ने पार्टी के प्रति निष्ठा और लगन से काम करने का संकल्प लिया।

### दुर्घटना में घायल दूसरे युवक की मौत

**नांगल सोती।** बाइक की नीलगाय से टक्कर लगने पर गंभीर रूप से घायल हुए दूसरे युवक की भी उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि मंगलवार को बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। नांगल- चंदक मार्ग पर गांव चंदोक और चंदक रेलवे फाटक के बीच बाइक सवार दो युवकों की नीलगाय से टक्कर लग गई थी, जिस पर बाइक चालक सुफियान की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके दूसरे साथी मोहित (20 वर्ष) को पुलिस ने उपचार के लिए बिजनौर भिजवाया था, जहां से उसे मेरठ और मेरठ से दिल्ली रेफर कर दिया था। बुधवार की सुबह उपचार के दौरान मोहित की भी मौत हो गई, जिससे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# स्कूल की अनफिट गाड़ियों पर पुलिस की कार्रवाई

## स्कूल प्रशासन में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्थानीय पुलिस ने अनफिट स्कूली गाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कई स्कूल बसों की जांच की गई, जिनमें से कुछ को तकनीकी रूप से अनुपयुक्त पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व एआरटीओ विभाग ने सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया था कि वे अपने यहां चल रही बसों की स्थिति की जांच करें और यदि कोई गाड़ी अनफिट है तो उसे सेवा से हटा दिया जाए। विभाग द्वारा साफ चेता. वनी दी गई थी कि केवल उन्हीं गाड़ियों से बच्चों की आवाजाही कराई जाए जो पूर्णतः फिट और सुरक्षित हों। लेकिन चेतावनी के बावजूद कुछ स्कूलों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते पुलिस को सक्रिय होकर चेकिंग अभियान चलाना पड़ा। अभियान के दौरान कुछ अनफिट गाड़ियां पकड़ी गईं, जिससे स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। कुछ स्कूल बसें पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए इधर-उधर रास्ता बदलती भी देखी गईं। इस दौरान कई बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि उन्हें स्कूल में रोकना पड़ा या फिर बारिश में भीगते हुए घर जाना पड़ा। हालांकि अधिकांश अभिभावकों ने पुलिस की इस कार्रवाई को सराहा है और इसे बच्चों की सुरक्षा के लिए एक सराहनीय कदम बताया है। स्कूल प्रशासन की लापरवाही किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। ऐसे में प्रशासन की सख्ती की आवश्यकता है। वहीं पुलिस का कहना है कि एक स्कूल की गाड़ी को पकड़ा गया है जो अनफिट थी।

### कब सुधरेगा स्कूल बस सिस्टम

**स्योहारा।** अभिभावकों की राय से नगर में बच्चों की स्कूली बस सेवाओं की हालत दिन-ब-दिन चिंताजनक होती जा रही है। अधिकांश स्कूलों द्वारा भारी शुल्क वसूलने के बावजूद बच्चों को अनफिट और जर्जर गाड़ियों में लाया ले जाया जा रहा है। अभिभावकों की मानें तो वे स्कूल प्रशासन को हर महीने सम्मानजनक राशि देते हैं ताकि उनके बच्चों को सुरक्षित और सुविधा संपन्न परिवहन सेवा मिले, लेकिन इसके बदले उन्हें चिंता और डर ही मिलता है।

# खो बैराज का जलस्तर बढ़ने की संभावना

## प्रशासन रख रहा हर स्थिति पर नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में तीन दिनों से हो रही भारी वर्षा के कारण शेरकोट में स्थित हो बैराज का जलस्तर 75000 क्युसेक पानी गुजर रहा है जो स्थिर बना हुआ है। जलस्तर बढ़ने की संभावना है। सुरक्षा की दृष्टि से सिंचाई विभाग के अधिकारी तथा राजस्व विभाग हर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।



खो बैराज शेरकोट के जेई हरवीर सिंह ने खो बैराज पर बताया कि विगत तीन दिनों से पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही वर्षा के लगातार जारी रहने के कारण सोमवार प्रातः 3:00 बजे तक 75 हजार क्युसेक जलस्तर बना हुआ था। खो बैराज में पानी निकासी की क्षमता 1 लाख क्यूसेक है। खो बैराज पर शेरकोट में हुई वर्षा 144 एमएम जबकि हरेवली की 44 एमएम तथा कालागढ़ में 119.6 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई। शेरकोट तथा उसके ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा लगातार जारी है। सिंचाई विभाग द्वारा खौ बैराज शेरकोट के मेनगेट पर बाढ़ से बचाव हेतु दिशा निर्देश की फ्लैक्सी भी लगाई गई है।

### एडीएम प्रशासन व एसडीएम ने किया ग्रामों का दौरा

**शेरकोट।** भारी वर्षा के चलते खो नदी का जल स्तर बढ़ने पर एडीएम प्रशासन विनय कुमार व एसडीएम रितु रानी ने ग्राम कोपा में खो नदी का निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को दिशा निर्देश देते हुए ग्रामीणों से अपने-अपने जंगल ना जाने और समय-समय ध्यान रखने का आहवन किया है। वहीं जल स्तर बढ़ने से ग्रामीणों मे चिंता बनी हुई है। जबकि तहसील प्रशासन आसपास के इलाकों मे नजर बनाये हुए है।



# दंगाईयों से मुक्त हुआ बरेली: योगी

## सीएम ने 1258.33 करोड़ की 222 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1004.50 करोड़ की 322 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- योगी आदित्यनाथ बोले नाथ कॉरिडोर बना शहर की पहचान
- सीएम ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुधवार को जनपद बरेली के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान 1258.33 करोड़ की 222 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1004.50 करोड़ की 322 परियोजनाओं का शिलान्यास बटन दबाकर किया गया। इस अवसर उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र माह में नाथ नगरी में आकर देव आदि देव महादेव के चरणों में नमन करने का उन्हें सौभाग्य मिला है, साथ ही विकास योजनाओं के लिए जनपद वासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बरेली पर दंगे का दाग था, आज नाथ कॉरिडोर से पहचान होती है। नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत अलखनाथ, त्रिवटीनाथ, धोपेश्वरनाथ, पशुपतिनाथ, तपेश्वरनाथ, मढ़ीनाथ, वनखंडीनाथ जैसे मंदिरों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। न्यू बरेली में विकास प्राधिकरण, नगर निगम और जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्य कराया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए, और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए, जिसके अन्तर्गत मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत लाभार्थी राखी व नीलम को ऋण स्वीकृति चेक प्रदान किया गया। बैंक ऋण के लाभार्थी बिशम्बर दत्त व सुमन बक्शी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही रोजगार मेले के माध्यम से चयनित लाभार्थी शेखर प्रताप सिंह व प्रवीन कुमार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। खाद्यान्न भण्डारण/अन्नपूर्णा भवन योजना के अन्तर्गत गीता देवी व सुधा देवी को चाभी प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थी कमलेश कुमारी व रेनू को चाबी व खाद्यान्न किट प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनान्तर्गत लाभार्थी छाया देवी व राहुल को चेक प्रदान किया गया। नन्दिनी कृषक समृद्धि योजनान्तर्गत लाभार्थी देवदत्त व रीता देवी को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूल प्रतियोगिता/एशिया पैसिफिंक डेफ गेम में पदक विजेता खिलाड़ी विनय तोमर व अनमोल कुमार को प्रमाण पत्र, मेडल ट्रैकसूट एवं बैग प्रदान किया गया। खेल में प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिकाओं अंजुन व दिनेश को प्रमाण पत्र, ताइक्वांडो स्वर्ण राष्ट्रीय किट प्रदान किया गया। आरके इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी अमन सक्सेना व आदर्श सिंह को टेबलेट वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत रीता कली व कमल को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। उ0प्र0 राज्य आजीविका मिशन योजनान्तर्गत सरोज कुमारी व रीना को आरएफ व सीआईएफ की धनराशि का डमी चेक प्रदान किया गया। उज्जवल योजना के अन्तर्गत शीला देवी को गैस चूल्हा प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि कुछ असामाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ मंदिरों में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़कर काम कर रही है। 2017 से पहले बरेली हर तीसरे महीने दंगों की आग में जलता था, अब वह नाथ कॉरिडोर और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब किसी योजना में जाति, मजहब या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। यह नया भारत है, जो सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। आज बरेली में तेजी के साथ विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है, आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बरेली मण्डल को नई विकास की उड़ान मिलने वाली है, विकास के साथ विरासत भी के सिंद्धात के अन्तर्गत बरेली समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर है, विकास सबका तुष्टिकरण किसी का भी नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 1258.33 करोड़ की 222 परियोजनाओं का लोकार्पण और रू0 1004.50 करोड़ की 322 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। लोकार्पण के अन्तर्गत रू0 486.24 करोड़ की लागत से विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण कार्य, रू0 354.80 करोड़ की लागत से ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य, रू0 172.15 करोड़ की लागत से पुरानी जिला जेल का पुनर्निर्माण कार्य, रू0 129.51 करोड़ की लागत से राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य, रू0 47.90 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य, रू0 29.85 करोड़ की लागत से बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का निर्माण कार्य व शिलान्यास के अन्तर्गत रू0 499.99 करोड़ की लागत से ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य, रू0 199.64 करोड़ की लागत से विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्य, रू0 147.15 करोड़ की लागत से बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य, रू0 66.06 करोड़ से नगर निगम के निर्माण कार्य, रू0 64.06 करोड़ की लागत से धर्मार्थ कार्य, रू0 21.54 करोड़ की लागत से शिक्षा हितार्थ कार्य सम्मिलित हैं।

इस अवसर पर मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य सुरेश कुमार खन्ना, मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन धर्मपाल सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहका. रिता जेपीएस राठौर, राज्यमंत्री वन एवं पर्यावरण डा. अरुण कुमार, राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग संजय सिंह गंगवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य मौजूद रहे।

## बहेड़ी में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मेला श्री रामल.ीला प्रांगण में चल रही सात दिवसीय संगीतमय में श्रीमद् भागवत कथा का यज्ञ पूजन भंडारे के साथ समापन हुआ। इस मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।




श्रीमद भागवत कथा के समापन के दिन कथा व्यास पंडित मधुर गोपाल शास्त्री ने कहा कि श्रीमद भागवत की रचना द्वापर के अंत में भगवान की प्रेरणा से ही महर्षि वेदव्यास जी द्वारा की गई थी।

उन्होंने कलियुग की विशेषताओं का वर्णन करते हुए कहा कि इस युग में मनुष्य की आयु कम होगी, और जीवों को वेदों को समझने में ही समय लग जाएगा। वेदों की भाषा क्लिष्ट होने के कारण मनुष्य की पूरी आयु इन्हें समझने में ही समाप्त हो जाएगी।

श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर यज्ञ पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कथा का रसपान किया, और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का आनंद लिया। ऐसे धार्मिक आयोजनों से लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है, और समाज में एकता और सौहार्द का वातावरण बनता है। श्रीमद् भागवत कथा जैसे कार्यक्रमों से लोगों को जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों की जानकारी मिलती है, और वे अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित होते हैं।

इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नगर पालिका चेयरमैन रश्मि जायसवाल, चेयरमैन पति बॉबी जायसवाल, बन रैंजर एस एस चौहान, शरद मिश्रा, बन दरोगा मोहनलाल रस्तोगी, सीताराम दुवे, सभासद रमेश सिंह, हिरदेश पंडित जी, राजीव शांखदार, दिनकर गुप्ता आदि शामिल थे।

## पुत्रवधू और उसके परिजनों ने घर के ताले तोड़कर जेवरात, नगदी चुराई

- कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने अपने पुत्र और इसकी पत्नी के गलत चाल चलन के कारण उनसे सम्बंध विच्छेद कर दोनों को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया। इसके बाद भी पुत्रवधू और उसके मायके वाले ग्रामीण के बंद मकान के ताले तोड़ घर में रखे सोने चांदी के जेवरात व 65 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लावाखेड़ा तालिब हुसैन गांव के निरंजन सिंह का पुत्र गौरव कुमार गंगवार और पुत्र वधू लता रानी उनसे आए दिन अभद्र व्यवहार और मारपीट करते हैं। जिससे परेशान होकर उन्होंने उनसे सम्बंध विच्छेद कर उसे रजिस्ट्रार कार्यालय में आक करा दिया।

23 जून को उनकी पुत्र वधू और पुत्र के बीच झगड़ा हो गया था, जिसपर पुलिस ने उनके बेटे का शांति भंग में चालान कर दिया था, और उनकी पुत्रवधू अपने मायके ग्राम ज्योहरा मजरा काशीपुरा थाना मिलक जिला रामपुर में रह रही थी। 25 जून को वह और उनकी पत्नी गांव में आए हुए थे, जिससे कस्बे में स्थित उनके मकान में ताले पड़े हुए थे, कि उनकी पुत्रवधू वहां पहुंची और घर के ताले तोड़ने लगी, घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में वह ताले तोड़ते हुए कैद हो गयी। जिसकी सूचना आस पड़ोस के लोगों ने उन्हें दी तो उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसपर पुलिस ने वहां पहुंचकर उसे डांट डपट कर भगा दिया। इसके अगले दिन 26 जून को पड़ोसियों ने उन्हें सूचना दी कि तुम्हारे घर के ताले टूटे पड़े हैं, जिसपर वह वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनकी पुत्रवधू लता रानी उसके पिता सुखलाल, भाई अरविंद व सुभाष ने उनके घर में लगे ताले तोड़ दिए, और घर के अंदर घुस कर कीमती जेवरात व 65 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए, और पुत्र वधू घर के अंदर मौजूद मिली।

वह उनके घर पर कब्जा किए हुए है। जबकि सम्बंध विच्छेद हो जाने के बाद उसे उनके घर में रहने का कोई अधिकार नहीं है। घटना की रिपोर्ट कोर्ट के आदेश पर थाना नवाबगंज में दर्ज करायी गयी है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के बाद इसकी जांच में जुट गई है।

## तालाब में उतरती मिली युवक की लाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव सोरहा निवासी देवेंद्र की लाश तालाब में उतराती हुई मिली। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा घर में मचा कोहराम।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह सोरहा गांव के लोग अपने खेत पर जा रहे थे। तभी उन्होंने सोरहा से धौर सतुईया जाने बाले रोड पर स्थित तालाब में एक लास उतराती हुई ग्रामीणों ने देखी जिसकी सूचना उन्होंने ग्राम प्रधान को दी।

ग्राम प्रधान ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी।गांव में देखने बालों की भीड़ लग गई। देवेंद्र पुत्र दुर्गा प्रसाद उम्र 36 बर्ष के रूप में की। देवेंद्र की मौत की खबर सुनकर परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तलाव से बाहर निकाल कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।देवेंद्र सोमवार को काम पर जाने के लिए घर से कहकर निकला था। काफी खोज वीन के बाद भी उसका पता ना लग सका। देवेंद्र हलवाई का काम करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी लक्ष्मी और दो लड़के और एक लड़की को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## सेवानिवृत शिक्षक के खिलाफ दायर की गई याचिका को सीजीएम ने किया खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव हरहरपुर मटकली के दो शिक्षकों के बीच छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम के रहने वाले शिक्षक मो० अहमद मौजूदा समय में सिंघाई कायस्थान के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात हैं, उन्होंने अपने ही गांव के सेवानिवृत शिक्षक नफीस अहमद पर झूठी शिकायतें करने के साथ ही गुजरी 26 जनवरी की शाम गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में धारा 173(4) वीएनएसएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की याचना की थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलका पाण्डे ने प्रधानाध्यापक मो० अहमद द्वारा धारा 173(4) के तहत दाखिल किए गए प्रार्थना का गहनता से परीक्षण किया, साथ ही थाना हाफिजगंज पुलिस द्वारा भेजी गई रिपोर्ट का अवलोकन किया, जिसमें आवेदक द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। कोर्ट ने याची के अधिवक्ता के तर्कों को गंभीरता से सुना और उसके बाद दाखिल किए गए प्रार्थना पत्र को सारहीन मानते हुए इसे निरस्त कर दिया। कोर्ट द्वारा प्रधानाध्यापक मो. अहमद द्वारा 173(4) के तहत दायर किए गए प्रार्थना पत्र को 17 जुलाई को खारिज किए जाने पर सेवानिवृत शिक्षक नफीस अहमद के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई है। सेवानिवृत शिक्षक नफीस अहमद ने बताया कि इससे पहले भी मो. अहमद ने अपनी पत्नी की ओर से भी एक मुकदमा डाला गया था, जिसे भी कोर्ट ने खारिज कर दिया था, अब वह उनके खिलाफ मानहानि का वाद दायर करेंगे।

## सेटेलाइट फ्लाईओवर होगा वाईशेप पीलीभीत बाईपास होगा सिक्सलेन

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में बरेली मंडल की विकास योजनाओं को दी रफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली मंडल के चार जनपदों बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर की विकास योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कई सांसद, विधायक समेत जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। सर्किट हाउस में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने जनप्रति. निधियों और अधिकारियों के साथ संवाद किया, और उनकी जमीनी समझ व अनुभव के आधार पर नए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के प्रस्ताव पर आधुनिक सैटेलाइट फ्लाईओवर को वाईशेप में बनाये जाने, पीलीभीत बाईपास को सिक्सलेन में बदले जाने को मंजूरी दी गई। जिससे पीलीभीत रोड की ओर आवागमन सहज और दुर्घटनामुक्त हो सकेगा। मुख्यमंत्री बहुप्रतीक्षित नाथ गलियारा योजना को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए। सुभाषनगर अंडरपास को प्राथमिकता में शामिल किया गया, इससे शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने में सहूलियत होगी। पवन विहार कॉलोनी के पीछे हरूनगला से लेकर नागदेवता मंदिर तक नई सड़क का निर्माण को स्वीकृति दी गयी। यह मार्ग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को भी और बेहतर बनायेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक विधायक से उनके क्षेत्रों की प्राथमिक समस्याओं और विकासात्मक जरूरतों पर सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना के प्रस्ताव से पहले जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श अनिवार्य है। नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य ने बताया कि विकास योजनाओं के प्रस्ताव पहले ही दिये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बैठक में उन विकास प्रस्तावों की समीक्षा की। पीडब्ल्यूडी समेत विकास विभाग के अफसरों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

विकास कार्यों में ब्लॉक मुख्यालयों तक कनेक्टिविटी, इंटर-कनेक्टिविटी सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, बाईपास, आरओबी, अंडरपास, फ्लाईओवर, मेजर और माइनर ब्रिज, रोड सेफ्टी उपाय, सिंचाई के प्रोजेक्ट शामिल रहे, इनसे क्षेत्र की भौगोलिक चुनौतियां दूर होंगी। स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि बरेली मंडल में इंटरस्टेट कनेक्टिविटी को बेहतर करने की आवश्यकता वाले सभी कार्यों को विधायकों की अनुशंसा के आधार पर पहले चरण की कार्ययोजना में शामिल किया जाए, साथ ही नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि किसी भी परियोजना का प्रस्ताव तैयार करने से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन अनिवार्य रूप से लिया जाए।

बैठक में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, बरेली प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, राज्यमंत्री संजय गंग. वार, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. डीसी वर्मा, बाबूराम पासवान, विवेक कुमार, डॉ. श्याम बिहारी लाल, राजीव सिंह बब्बू, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य, एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीआईजी अजय कुमार साहनी, डीएम अविनाश कुमार सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पहुंचेंगे पुलिस-लेखपाल आपके द्वार, सुनेंगे फरियाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** अगले साल होने वाले ग्राम पंचायत चुनाव को देखते हुए ग्रामीणों की जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए अब पुलिस और राजस्व विभाग से लेखपाल आपके द्वार पर पहुंचेंगे। गांव में खुराफातियों की कुंडली खंगालने के साथ ही जन समस्याओं के समाधान का निस्तारण पैमाइश, आय जाति, खसरा खतौनी आदि की समस्याओं का रजिस्ट्रर लेकर लेखपाल आपके द्वार पर जाकर निस्तारण की उम्मीद जगाएंगे। इसके लिए अगले सप्ताह से आपकी समस्या का निदान के लिए जिम्मेदार आपके द्वार पहुंचेंगे। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि लोगों की समस्याओं का निस्तारण धरातल पर किया जाना चाहिए। अगली साल प्रस्तावित पंचायत चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराने के लिए डीएम और एसएसपी ने अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**एक नजर**

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री के साथ दबंगों ने की मारपीट

**आधा दर्जन दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव टाह प्यारी नवादा के रहने वाले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री अकीलउद्दीन के साथ गांव के दबंगों ने उस समय घेर कर मारपीट की, जब वह 4 अगस्त की रात करीब 10:15 बजे अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से वापस गांव लौट रहा था।

भाजपा नेता अकीलउद्दीन ने बताया कि जैसे ही वह गांव के बगिया वाले अड्डे पर पहुंचा तो गांव के दबंग शौकत अली, शखावत अली, मरदान शाह, इरशाद शाह, सुल्तान, साजिद, कौसर अली और यूनिस अली ने उसका रास्ता रोक लिया, जब उसने रास्ते से हटने को कहा जिस पर इन दबंगों ने गन्दी गन्दी गालियां देते हुए उसे गाड़ी से खींचकर लात घूसों से बुरी तरह से मारपीट की। आरोप है कि दबंगों ने भाजपा नेता से कहा कि आज इसकी राजनीति खत्म कर दो, बहुत बड़ा नेता बना घूमता है जब देखो योगी मोदी करता रहता है। आरोप है कि दबंगों ने उसकी गाड़ी को भी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को दी गई तहरीर पर पुलिस ने सभी दबंगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## बिजली घर में ताला जड़ने वाले सभासद और उसके साथियों के खिलाफ अवर अभियंता ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मंगलवार 5 अगस्त को केबल न जोड़े जाने से आक्रोशित नगर की बस्ती वहोरनगला के उपभोक्ता सभासद अनुज पाठक के साथ विद्युत उप केन्द्र पर जा धमके थे, और कर्मियों को जबरन कार्यालय से बाहर करते हुए अटल आवासीय विद्यालय के साथ ही कस्बे की विद्युत आपूर्ति बन्द कर दी थी, जो पुलिस के पहुंचने के बाद एक घंटा 45 मिनट बाद शुरु हो पाई थी।

बिजली घर के कर्मियों के साथ अभद्रता किए जाने और बिजली आपूर्ति बन्द किए जाने को लेकर बुधवार को अवर अभियंता साबिर खान ने सभासद अनुज पाठक और उनके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने को पुलिस को तहरीर दी है। अवर अभियंता ने बताया कि सभासद और उनके इस व्यवहार से कर्मियों में भय का माहौल बना हुआ है।

## अब नहीं गूंजती हीर, रांझा के कड़कों की आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** एक जमाना था जब सावन के महीने का कस्बे के लोगों को इंतजार रहता था, पहले सावन से ही मोहल्ला फकीर हज्जाम के चौराहे पर शाम होते ही टाट पट्टी बिछ जाती, और खुशबूदार खमीरे की चिलम हुक्के पर रख दी जाती थी।

इंतजार होता था उस्ताद शेर मोहम्मद का। उस्ताद का चौराहे पर आना और महफिल के बीच अपनी कड़क आवाज से जैसे ही कड़का कहते लोग मस्ती से झूम उठते थे, उनका साथ देने वाले बाबर शाह, मखदूम शाह, फूल शाह वगैरा भी आवाज में आवाज मिला दिया करते थे, उनके कड़के आज भी कुछ लोगों को याद हैं।

मोहल्ले के असगर शाह से आज जब शाह टाइम के संवाददाता ने एक दो कड़का सुनाने की जिद की तो शुरू हो गए।

**मेला लगे है मेरे भैया ले सरवर पीर का कहियो**
**दुनिया धावे है भैया मेले के ताईं जी**
**दुनिया तो मांगे मेरे भैया ले दूध और पूत की कहियो**
**मेरी मुराद है भैया भतीजों माहीं जी।**

दौर बाद और मनोरंजन के साधन उपलब्ध हुए और उन्हें साधनों में दबकर मर गई हीर रांझा और गौरी नवल्दे के कड़के की आवाज।

दूसरी तरफ यह भी हुआ के पुराने लोग अल्लाह को प्यारे हो गए, और नए लोगों ने इन रागों को गृहण नहीं किया। नतीजा यह निकला कि नई पौध अपने परंपरागत राग को बिल्कुल ही भूल गई।

## रक्षाबंधन से पूर्व एफएसडीए टीमें हुई सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बरेली।** हर बार की तरह इस बार भी खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग की टीमें सक्रिय हो गई हैं। संभवत: है कि आज से अभियान चलाया जाएगा। मिठाई की दुकानों पर सैंपिल की कार्रवाई कर जांच को नमूने बाहर भेजे जाएंगे। जब तक रिपोर्ट आएगी तब की सारी मिलावटी मिठाई की बिक्री हो चुकी होगी। इसको लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। बरेली में करोड़ों की लागत से बनाई गई मंडलीय प्रयोगशाला अभी प्रारंभ नहीं हो सकी है।

रक्षाबंधन से पहले मिठाई कारोबारियों ने पन्द्रह दिन पहले ही मिठाई बनाकर फ्रीजर में सुरक्षित रख दी है। अमूमन कई कई दिन पहले से बनाई गई मिठाई खराब हो या अच्छी रक्षाबंधन पर ग्राहकों को बेची जाएंगी। हर बार की तरह इस बार भी एफएसडीए विभाग की टीमें सक्रिय कर दी गई हैं, जो विभिन्न इलाकों में जाकर दुकानों पर मिठाई के सैंपिल लेंगी और नमूने लखनऊ भेजेंगी।

## ईसा मसीह पर इंस्टाग्राम पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

**भीम आर्मी के पदाधिकारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रभु यीशु मसीह पर की गई अभद्र टिप्पणियों के वीडियो पर आक्रोश का माहौल है। भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष समीर मैसी उर्फ सैम मैसी ने थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट कराई है। उन्होंने आरोप लगाय कि यह साजिश के तहत धार्मिक भावनाएं भड़काने की कोशिश की गई है। एफआईआर में स्पष्ट किया है कि इसमें केवल ईसाई समाज ही नहीं, बल्कि मुस्लिम समुदाय पर टिप्पणी की गई है। इससे सांप्रदायिक तनाव पैदा होने की आशंका है।

समीर मैसी ने बताया कि 29 जुलाई 2025 को जब वह इंस्टाग्राम पर सामान्य वीडियो देख रहे थे, तभी उनकी स्क्रीन पर ऐसे वीडियो आए, जिनमें यीशु मसीह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। समीर मैसी ने इसे बेहद अपमानजनक और धार्मिक भावना आहत करने वाला बताया है।

एफआईआर में जिन इंस्टाग्राम यूजर्स पर आरोप लगाए गए हैं, उनके नाम भी दिए हैं। आरोप है कि आरोपियों ने सार्वजनिक रूप से सोशल मीडिया पर इस तरह की और भी क्लिप्स शेयर कर धार्मिक सहिष्णुता पर हमला किया है। समीर ने अपनी शिकायत में तीन अपमानजनक वीडियो के स्क्रीनशॉट संलग्न किए हैं। साइबर सेल ने इनकी जांच शुरू कर दी है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी, जांच को भेजे नमूने



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर-प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी अवनीश राय के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय सी0एल0 यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आगामी रक्षाबन्धन त्यौहार के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थो की उपलब्धता हेतु जनपद-बदायूँ में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जाने वाले विशेष अभियान के क्रम में गुरुवार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 10 खाद्य पदार्थो के नमूने वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए एंव तहसील-बिल्सी पर एफ0 एस0 डब्लू0 द्वारा 15 खाद्य पदार्थों के नमूने मौके पर ही चेक किये गये। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) -द्वितीय सी0एल0 यादव ने बताया कि जिन दुकानों से नमूने लिए गए हैं उनमें गुप्ता मिष्ठान भण्डार बिल्सी के प्रतिष्ठान से बर्फी का नमूना, सुनील किराना स्टोर बिल्सी के प्रतिष्ठान से काजू का नमूना, अशोक मिष्ठान भण्डार बिल्सी के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना, प्रेम किराना स्टोर बिल्सी के प्रतिष्ठान से धनिया पाउडर का नमूना, सुरेश किराना स्टोर ब्रहमखेड़ा बदायूँ के प्रतिष्ठान से सरसों तेल का नमूना, अर्जुन किराना स्टोर ब्रहमखेड़ा बदायूँ के प्रतिष्ठान से सरसों तेल व दलिया का नमूना, मो0 सलीम अला. पुर के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना, इरफान अलापुर के प्रतिष्ठान से पेड़ा का नमूना, सिसौदिया स्वीट्स म्यॉऊ के प्रतिष्ठान से सोहन पापड़ी का नमूना है। उन्होंने बताया कि संग्रहित किए गए कुल 10 नमूने को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढककर रखने। दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्व एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचा. लित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया।

# ग्रामीणों ने बिजली घर का किया घेराव विद्युत विभाग के खिलाफ की नारेबाजी

### हाईटेंशन लाइन का पोल टूटने से पिछले आठ दिनों से अंधेरे में रहने को है मजबूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** पिछले आठ दिन से टूटे पड़े बिजली के हाईटेंशन लाइन के पोल के कारण गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के चलते ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर है। वही गांव में पेयजल की समस्या खड़ी हो गई हैं।बिजली ना होने के चलते इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीस बने हुए हैं। ग्रामीणों ने बिजली घर का घेराव करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है।ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए समस्या के समाधान की मांग की है।

उघैती थाना क्षेत्र के खितौरा विद्युत उपकेंद्र से पोषित खितौरा भगवंत के मजरा तालिबनगर के ग्रामीण ने बिजली घर का घेराव करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। इस दौरान पर सुनील कुमार ,बॉबी, सचिन, विनय, पप्पू, जितेंद्र ,धर्मेंद्र ,आकाश, हरिओम, हिमांशु ,बबलू, दीपक, नितेश सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।इस सम्बंध में खितौरा बिजली घर पर तैनात जेई अमर सिंह ने बताया ग्रामीणों की समस्या का जल्द समाधान कर विधुतापूर्ति बहाल की जाएगी।

# आयोग के सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं, पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या अवनी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई तथा ब्लॉक सालारपुर में जागरुकता चौपाल का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, अतिरिक्त विवाह, घरेलू हिंसा से सम्बन्धित सहित कुल 13 शिकायती पत्र प्राप्त हुये, जिसके गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश मा0 सदस्या द्वारा अधिकारियों को दिए गए। जनचौपाल के दौरान उन्होंने महिलाओं का स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। मा0 सदस्य ने कहा कि महिलाएं अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार के अत्याचार को बर्दाश्त न करें। महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए महिला आयोग हर क्षण उनके साथ खड़ा है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए उनका गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं। वहीं ब्लॉक सालारपुर के सभागार में जागरुकता चौपाल में आयी महिलाओं को मा0 सदस्या द्वारा महिला सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना आर्थिक व सामाजिक उन्नयन करते हुए स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि महिला संबंधी किसी भी शिकायत को महिला आयोग के टोल फ्री नंबर 18001805220 व्हाट्सएप नंबर 6306511708 पर भेजकर दर्ज कराया जा सकता है। आयोग सदस्या ने जनचौपाल के उपरान्त 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 03 शिशुओं का अन्नप्राशन किया।

# शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसहैत।** स्थानीय कस्बे में नवनिर्मित राजकीय हायर सेकंडरी स्कूल का लोकार्पण दातागंज के विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया ने फीता काट कर किया।उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के उन्नति संभव नहीं है। विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्वांगीण विकास में विश्वास रखती है।हम लोग वसुधैव कुटुम्बक वाले लोग हैं। उन्होने कहाकि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे देश को अपना परिवार मानकर निष्पक्ष रूप से विकास कराने का काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा की कमी थी और राजकीय हायर सेकंडरी स्कूल खुलने से विशेष कर हमारी छात्राओं को विशेष फायदा मिलेगा।उन्होंने कहा कि कटरास आदतगंज में भी अगले सप्ताह राजकीय हायर सेकंडरी स्कूल का शिलान्यास किया जाएगा। और क्षेत्र में शिक्षा की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव को बेहतर अध्यापक नियुक्त किए जाने के निर्देश दिये।

कार्यक्रम में ध्रुव देव गुप्ता, अटल भारद्वाज, कुलदीप सिंह आदि नेभी विचार व्यक्त किए उनके साथ उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव, जिला समन्वयक चंद्रभान यादव, यूपी पीसीएल के सहायक अभियंता रामहित पटेल राजकीय डिग्री कॉलेज उसावां के प्राचार्य एसके रावत आदि उपस्थित रहे।

# भारी बारिश होने की संभावना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार निम्न जनपदों में अगले 3 घंटों में कुछ स्थानों पर आंधी/ बिजली के साथ भारी बारिश होने की संभावना के 'रेड अलर्ट' की सूचना प्राप्त हुई है। बिजनौर, मुजफ्फरनगर, बदायूँ, बरेली, हरदोई, लखीमपुर-खीरी, पीलीभीत, शाहजहाँपुर।

# पीएआई की कार्यशाला का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** विकास खंड के अंतर्गत ग्रीन हाउस पैलेस में लाइन डिपार्टमेंट के अधिकारियों ,ग्राम प्रधानों, सचिवो, पंचायत सहायकों ,का एक दिवसीय एस डी जी एस (सतत विकास ) एवं एल एस डी जी (स्थानीय सतत विकास लक्ष्य ) एवं पी ए आई आधारित कार्यशाला का उद्घाटन जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास,खंड विकास अधिकारी शैली गोविल, तथा ए डी ओ पंचायत शशी कान्त शर्मा एवं ब्लाक प्रमुख शिवम सिंह ने दीप प्रज्जवलित एवं मां सरस्वती पर मालाअर्पण करके किया ।मास्टर ट्रेनर शोएब रजा ने एस जी डी एस (सतत विकास ) के 17 लक्ष्य एवं 169 उद्देश्य 2030 तक सशक्त ग्राम पंचायत के बारे में विस्तार से चर्चा की । मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार सक्सेना ने एल एस डी (स्थानीय सतत विकास लक्ष्य ) के अंतर्गत 9 थीम गरीबी मुक्त गांव ,स्वस्थ पंचायत, बाल हितेषी गांव, पर्याप्त जलु युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्याय पूर्ण संगत पंचायत, आदि के बारे में विस्तार से बताया । मास्टर ट्रेनर अंजलि सागर ने पी ए आई 1.0 तथा 2.0 के बारे में विस्तार से समझाया । डी पी एम आयुष सिंह ने पी ए आई 2.0 को फीड करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी । इस मौके पर विभाग द्वारा जलपान एवं भोजन की व्यवस्था उत्तम रही ।

# आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने लिया भाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** केंपस प्लेसमेंट किया गया। डेंसो इंडिया लिमिटेड कंपनी के प्रति. निधि निशांत जांगरा जी के द्वारा कंपनी के वारे में जानकारी प्रदान की गई।

इस प्लेसमेंट में 132 आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने भाग लिया ।जिसमें से लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के बाद 72 अभ्यार्थियों का चयन किया गया । जिसमें प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय ने चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इस चयन में नरेंद्र सिंह ,कार्यदेशक, सचिन कुमार सिंह,अनुदेशक ,अजीत कुमार वर्मा अनुदेशक, आदित्य सोनकर,अनुदेशक, अजय सैनी, शि. शिक्षु का विशेष सहयोग रहा।

# बदायूं में डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बदायूं-दातागंज मार्ग के चौड़ीकरण के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि 27.10 किलोमीटर बदायूं-दातागंज मार्ग को 3 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग को नामित किया गया है। नॉन फॉरेस्ट लैंड (एनएफएल) को जारी कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में बुधवार को आहूत बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 95.33 से 122.43 तक कुल 27.10 किलोमीटर का चौडीकरण किया जाएगा। वर्तमान में यह मार्ग 7 मीटर चौड़ा व दो लेंन का



है जो की 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा, यह मार्ग दो लेन का पेव्ड सोल्जर के साथ होगा। उन्होंने बताया कि चौड़ीकरण के लिए वन विभाग की 8. 16 हेक्टेयर भूमि के लिए नॉन फॉरेस्ट लैंड (एनएफएल) को स्थानीय स्तर पर जारी कर फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए राज्य सरकार व केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। वहां से सैद्धांतिक सहमति प्राप्त होने पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा तथा इसको प्राथमिकता पर जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाएगा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार ,वन विभाग के अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# आज ई-लॉटरी से होगा पात्रों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्वरल मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ कॉप रेज्डयू (सी.आर.एम.) एवं अन्य योजनाओं में 27 जून से 12 जुलाई 2025 तक बुकिंग की गई थी, जिसमें एकल कृषि यंत्र पर अनुदान हेतु ऑनलाईन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से 07 अगस्त 2025 दिन वृहस्पतिवार को दोपहर 12:00 बजे विकास भवन सभागार में गठित जिला स्तरीय समिति के सम्मुख की जायेगी।

इस क्रम में ऑन लाईन एकल कृषि यन्त्रों की बुकिंग करने वाले किसानों को सूचित किया है कि निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर यन्त्रों की ई-लॉटरी प्रकिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# आज कर सकते हैं मध्यस्थ के लिए आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मा0 उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण 30 जुलाई 2025 के अनुपालन में माननीय नालसा एवं एमसीपीसी के निर्देशानुसार स्पेशल मीडिएशन ड्राइव - राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान के अन्तर्गत कैटेगरी "सी" के जिला में लगभग 20 मध्यस्थगण नियुक्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला बदायूँ में वर्तमान में 14 मध्यस्थ अधिवक्ता कार्यरत है। पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता कार्य सुचारू रुप से कराने हेतु 6 अतिरिक्त मध्यस्थगण की नियुक्ति की जानी है।

यह जानकारी अध्यक्ष, नियुक्ति समिति मध्यस्थता केन्द्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सिविल प्रक्रिया (जिला न्यायालय) मध्यस्थता नियमावली, 2021 में दी गयी व्यवस्थानुसार ए.डी.आर. केन्द्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित मध्यस्थता केन्द्र, में न्यायालयों द्वारा सन्दर्भित मामलों में पक्षकारों के मध्य मध्यस्थता कराने हेतु 6 अतिरिक्त मध्यस्थगण की नियुक्ति की जानी है। मध्यस्थ पद हेतु कार्य करने के इच्छुक व्यक्तियों व अधिवक्ताओं से 04 अगस्त 2025 को सायं 04.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गये थे। उन्होंने बताया कि आवेदन करने की तिथि को न्यायहित में बढ़ाकर अब आज 07 अगस्त 2025 गुरुवार को सायं 04. 00 बजे तक कर दिया गया है। इच्छुक व्यक्तियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वह 07 अगस्त 2025 को सायं 04.00 बजे तक आवेदन कर सकते है।

# सुजीत साफ्टवेयर इंजीनियर से बने मत्स्य पालक

### मत्स्य पालन के क्षेत्र में आज अपने प्रदेश का नाम देश-दुनिया में रोशन कर रहे है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पेशे से साफ्टवेयर इंजी. नियर श्री सुजीत कुमार चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार की मत्स्य पालकों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ लेकर मत्स्य पालन के क्षेत्र में आज अपने प्रदेश का नाम देश-दुनिया में रोशन कर रहे है। सुजीत ने पहली बार रायबरेली में समुद्री झींगा की खेती करके खारे पानी से ग्रसित किसानो को एक नयी राह दिखाई है। श्री सुजीत आधुनिक एवं पर्यावरण सुरक्षित ढंग से प्रति एकड़ 2-3 गुना अधिक पंगे. सियस मछली का उत्पादन प्रति वर्ष 1.5-2 कल्चर (फसल) कर रहे है। उनको नैशनल बेस्ट फिश फार्मर (इनलैंड) का अवार्ड वर्ष 2022 में मिला है। जनपद रायबरेली के ग्राम बावन बुजुर्ग बल्ला निवासी श्री सुजीत कुमार चौधरी ने श्री टेक (इंजी. नियरिंग) 11 साल सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम किया है। इनफोसिस में डेढ़ साल और इंडस वैली पार्टनर्स में 9 साल काम किया। इंडस वेली पार्टनर्स में बतौर एसोसिएट डायरेक्टर रहे लगभग 6 साल अमेरिका में काम किया। वर्ष 2016 में नौकरी छोड़ अपनी पहली सॉफ्टवेयर कंपनी इरेमेडियम शुरू की जो आज एक मानी जानी कंपनी बन चुकी है और सफलतापूर्वक नोएडा से चल रही है। श्री सुजीत कुमार चौधरी के माता पिता वर्ष 2020 कोरोना काल में जब बीमार हुए तो इकलौते लड़के होने के नाते उन्होंने अपने माता-पिता की देख रेख करने के लिए नोएडा से लखनऊ बसने का मन बनाया। यहाँ आकर इनकी मुलाकात मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, रायबरेली से हुई। उनसे श्री सुजीत का मत्स्य पालन में हो रहे प्रगति के बारे में पता चला। मत्स्य विभाग से प्रेरणा एवं जानकारी लेते हुए इन्होंने 2020 में ही 3 छोटे तालाब और 4 बायफ्लॉक टैंक से गांव बेहटा खुर्द, रायबरेली में रहमत के साथ ही मत्स्य पालन में कदम रखा। श्री सुजीत कुमार चौधरी ने तालाब के मापदण्डों को कंट्रोल करने हेतु साइंस और टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक रिमोट सेंसर का उपयोग करके ई-रिक्शा पर जिन्दा मछली विक्रय केंद्र बनाया है, जिसमे ऑक्सीजन, तापमान एवं फिल्टर की ययस्था है, इसको ये एकवा व्हील कहते हैं इससे ये जिन्दा मछलियों को सीधे उपभोगता तक पहुंचाते हैं। जिससे इनका मुनाफा बढ़ता है और उपभोक्ता को ताजा, स्वच्छ मछली मिलती है। अभी तक इन्होने ऐसे तीन ई-रिक्शा लांच किए है। श्री सुजीत कुमार चौधरी 1 एकड से 2 से 3 गुना का उत्पादन प्रति वर्ष हर तालाब से पंगेसियस प्रजाति की 1.5-2 फसल लेते हैं, जिससे प्रति वर्ष 1 एकड से औसतन 20 टन उत्पादन होता है। यह अपनी सीड रेअरिंग यूनिट नर्सरी में मछली के बच्चों को 150-200 ग्राम तक बड़ा करते हैं और फिर उन्हें ग्रो आउट तालाब में डालते हैं ये जीरो पॉइंट कल्वर करते हैं जिसमे इनके तालाब कभी भी खाली नही रहते जितनी हार्वेस्टिंग होती है उतने मछली के बच्चे ये उसमे फिर से डालते हैं। सुजीत के मत्स्य फार्म का कुल जमीनी क्षेत्रफल: 350+ एकड़ है। उनका कार्य क्षेत्र: रायबरेली, उन्नाव और प्रतापगढ़ है। औसतन उत्पादन पंगेसियस 10-12 टन प्रति एकड प्रति फसल आई एम सी 4-5 टन प्रति एकड़ प्रति वर्ष तथा झींगा त्र1. 5-2 टन प्रति एकड़ प्रति फसल है। उनकी कंपनी एक्वाक्स प्राइवेट लिमिटेड का चयन प्रतिष्ठित एग्री उड़ान 7.0 एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के लिए किया गया है। यह प्रोग्राम नाबार्ड की सहायता से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी द्वारा चलाया जा रहा है। इस प्रोग्राम में देशभर से कुल 17 कृषि फर्मों का चयन किया गया है। चयनित कंपनियों को मैटरशिप, व्यापार नेटवर्किंग के अवसर और संभावित वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। सुजीत कहते है कि समुद्री झींगा श्रिम्प का गत वर्ष हमारे देश से लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का निर्यात/एक्सपोर्ट हुआ। यह बहुत ही लाभदायक खेती होती है जिसकी कुल अवधि 4 महीने की होती है अभी तक इसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी कम है। इसकी खेती से खारे पानी वाले खेत, जहां कोई फसल नहीं होती या कम होती है उसका सदुपयोग करके किसान अच्छा लाभकमा सकते है।

## एक नजर

### कॉलेज परिसर में हुआ जल भराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** इंटर कॉलेज परिसर में जल भराव की समस्या का निरीक्षण करने पहुंचे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जल्द समाधान का दिया । थाना सिविल लाइन



क्षेत्र के दातागंज तिराहा स्थित रामनारायण वैदिक इंटर कालेज परिसर भारी बरसात के चलते परिसर में घुसा कई फिट बरसात का पानी जिससे विधालय शिक्षण कार्य बंद हो गया मामले की शिकायत इंटर कालेज सुखदेव सिंह राठौर ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष /जिलापभारी बा डॉ दिनेश शर्मा से की थी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कालेज परिसर पहुंचकर जलभराव का निरीक्षण किया किया और समाधान कांख आश्वासन दिया इस मौके पर गन्ना समिति चियरमैन वेदप्रकाश सिंह,अशोक कुमार,पवन कुमार,आदि मौजूद रहे।

### ऋषि आश्रम में चौथा दिन पुष्पाधिवास के रूप में मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया स्थित ऋषि आश्रम के ब्रह्मलीन महंत उमाशंकर शास्त्री महाराज के प्राण प्रतिष्ठा के चौथा दिन यहां पुष्पाधिवास के रुप मनाया गया। जिसमें नगर पालिका परिषद के पूर्व चौयरमेन अनुज वार्ष्णेय समेत आसपास के तमाम लोगों ने यहां पहुंच कर इस धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। साथ ही पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के संचालक वेद व्यास शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन सात जुलाई को यहां प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से की जाएगी। साथ ही दोपहर बाद आश्रम पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर यहां तैयारियां चल रही है। इस मौके पर साधना वार्ष्णेय, रुपा माहेश्वरी, डा,किशनपाल सिंह, वरुण शंखधार, महेश चंद्र सक्सेना, रामप्रकाश शर्मा, शिव गौड़, आदि मौजूद रहे।

# गंगा के जलस्तर में भारी वृद्धि, खादर के ग्रामीणों की बढ़ी चिंता

## बुधवार को बैराज से छूटा इस सीजन का सर्वाधिक 2,26,599 क्यूसेक पानी, देर रात तक और जलस्तर बढ़ने की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मंगलवार को बिजनौर बैराज से छोड़े गए 1,74,339 क्यूसेक पानी का असर तिगरी धाम स्थित गंगा में बुधवार को देखने को मिला। बुधवार को गंगा का जलस्तर बढ़कर 200.70 हो गया है। 24 घंटे के भीतर गंगा के जलस्तर में 40 सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी हुई है। खादर क्षेत्र के गांव दारानगर व मंदिर वाली भुड्डी में बाढ़ का पानी पहुंच गया है, साथ ही इन दो गांवो के अलावा गंगा किनारे स्थित खादर क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं, भले ही तिगरी में खतरे का निशान 202.420 मीटर है, लेकिन जितना जलस्तर इस समय हो रहा है, वह भी चिंता बढ़ाने लायक है, क्योंकि खादर क्षेत्र के खेतों में तो कई कई दिन से पानी भरा हुआ है। बता दें कि इस समय पहाड़ों पर हो रही बारिश और बादल फटने की घटनाओं के कारण गंगा के जलस्तर में खासी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। हरिद्वार और बिजनौर स्थित बैराज से पानी क्षमता से अधिक हो जाने के कारण लगातार डाउनस्ट्रीम में छोड़ा जा रहा है, जिससे गंगा के जलस्तर में तिगरी एवं ब्रजघाट क्षेत्र में भी काफी वृद्धि देखने को मिल रही है। मंगलवार को गंगा का जलस्तर 200.30 सेंटीमीटर था, लेकिन बुधवार को जलस्तर में 40 सेंटीमीटर की बड़ी बढ़ोत्तरी हुई है,

**परेशानी**

**बाढ़ का पानी खेतों में भरने से फसलें डूबीं, किसान परेशान**

इस कारण खादर क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के लोग चिंतित हैं। हालांकि पानी अभी आबादी तक नहीं पहुंचा है, लेकिन खेतों में तो कई दिन से काफी पानी जमा हो है। इस कारण फसलें भी गलने की कगार पर जा पहुंची है, ग्रामीणों के समक्ष पशुओं के लिए चारे का भी इंतजाम नहीं हो पा रहा है। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बाढ़ की आशंका को देखते हुए खादर क्षेत्र के गांवो का ट्रैक्टर और नाव द्वारा भी जायजा लिया है और पुलिस, बाढ़ खण्ड समेत अन्य सभी संबंधित विभागों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिये हैं। डीएम ने लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। वहीं बाढ़ खण्ड विभाग के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों द्वारा लगातार गंगा क्षेत्र और तटबंधों की निगरानी की जा रही हैं। बाढ़ चौकियां भी पूरी तरह से अलर्ट हैं। गंगा के बढ़ते घटते जलस्तर की रिपोर्ट भी सुबह शाम मुख्यालय को उपलब्ध कराई जा रही है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत पुरोहितों की झोपड़ियां और अस्थाई होटल, ढाबों को भी पीछे कराया जा रहा है। वहीं खादर के गांव दारानगर, टीकोवाली,



गजरौला। तिगरीधाम में गंगा में जलस्तर बढ़ने से पानी से घिरीं पुरोहितों की झोपड़ियां व अस्थाई दुकानें।

चकनवाला और मंदिर वाली भुड्डी में गंगा का पानी तेजी से मिट्टी का कटान कर रहा है। बाढ़ खंड विभाग ने मुनादी करवाकर ग्रामीणों को अलर्ट किया है। वहीं एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बाढ़ जैसी आशंकाओं के चलते में अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। वे लगातार गंगा के बढ़ते जलस्तर की मॉनिटिरिंग कर रही हैं। बताया कि गांव के लोग प्रशासन के सम्पर्क में हैं। तहसील क्षेत्र धनौरा के गंगा किनारे पर बसे गांव मंदिर वाली भुड्डी, शीशो वाली, दारानगर, अलीनगर, चकनवाला ऐतवाली, सुल्तानपुर, ओसिता जगदेपुर, कांकाठेर, तिगरी, रसूलपुर भंवर, रसूलपुर एहतमाली, देवीपुर उर्फ मोहसनपुर, पपसरी खादर, मुक. रामपुर, शाहजहांपुर, रमपुर खादर, चांदरा फॉर्म, रानी बसतौरा, बिसा. बली, कुई वाली, देव वाली, पट्टी खादर, झुंडपुरा आदि गांव हैं। इन गांवो को बाढ़ की दुश्वारियां झेलनी पड़ती हैं। वहीं हसनपुर तहसील क्षेत्र में भी कई गांव गंगा किनारे स्थित हैं, जहां पर भी बाढ़ की दुश्वारियां बन सकती हैं।

**इस सीजन में पहली बार बिजनौर बैराज से दो लाख से अधिक क्युसेक पानी छोड़ा गया है, जिससे सीधे तौर पर बैराज से निचली धारा में होकर बहने वाली गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोत्तरी होगी। तिगरी गंगा धाम में बुधवार को पूर्वान्ह में जहां गेज 200.70 मीटर पर था, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद बुधवार की देर रात या बृहस्पतिवार की सुबह जलस्तर बढ़ने की पूरी पूरी आशंका है।**



### दारानगर व भुड्डी गांव में पहुंचा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला। खादर क्षेत्र के गांव दारानगर व मंदिर वाली भुड्डी में बाढ़ का पानी रास्ते में भर गया है, इस कारण लोगों को आवागमन में भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को गंगा का जलस्तर यूं भी काफी बढ़ा हुआ है, उपर से बैराज से लगभग सवा दो लाख क्युसेक पानी भी डिस्चार्ज किया गया है, जिससे आशंका है कि बृहस्पतिवार की सुबह और भी पानी बढ़े। यदि गंगा का जलस्तर बढ़ता है दारानगर, भुड्डी में पहुंचा पानी और भी बढ़ सकता है, साथ ही अन्य गांवो में भी समस्या बढ़ सकती है। गांव दारानगर के किसान मंगत सिंह व भुड्डी के विजय पाल सिंह का कहना है कि बुधवार की सुबह में पानी गांव में घुस गया है। रास्तों में पानी भरने की वजह से हो रही है।**

# बारिश के बाद दो मकान और हुए धराशायी

### लाखों रुपये का घरेलू सामान बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। बारिश में दो और मकान धराशाई हो गए। मलबे में दबकर लाखों रुपये का घरेलू सामान तहस-नहस हो गया। पीड़ित किसान व मजदूर ने तहसील प्रशासन से मकान गिरने से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

पहली घटना क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर की है। यहां किसान गुड्डू का परिवार रहता है। मंगलवार को दिनभर रुक-रुक कर होती रही बारिश का पानी गुड्डू के कच्चे मकान की बुनियाद में पहुंचता रहा। दोपहर में बारिश कुछ देर के लिए रुकी तो जरूरी कामों से परिवार के लोग घर से बाहर आ गए। उसी दौरान मकान भरभरा कर जमींदोज हो गया। मलबे में दबकर अनाज के अलावा घरेलू सामान तहस-नहस हो गया। ग्रामीणों ने मलबा हटवाते हुए बमुश्किल सामान को बाहर निकाला। वहीं, मकान गिरने की दूसरी घटना क्षेत्र के गांव सिरसा जट में हुई। यहां पेशे से मजदूर हैदर का परिवार रहता है। बारिश के कारण मंगलवार देर रात हैदर का मकान भी भरभरा कर धराशाई हो गया। गनीमत रही कि परिवार के लोग पहले ही बाहर निकल आए थे जबकि मलबे में दबने से घरेलू सामान बर्बाद हो गया। एसडीएम सुनीता सिंह ने बताया कि पीड़ित गृहस्वामियों की ओर से मकान गिरने की सूचना दी गई है। सर्वे कराते हुए नुकसान का आंकलन कराया जाएगा। शासन स्तर से मिलने वाली गाइड लाइन के मुताबिक पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

# खुद का अपहरण कर परिजनों से मांगे दो लाख

### साठ हजार रुपये उधार लेकर ऑनलाइन गेम में हारे युवक ने रचा षड़यंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। बदमाशों ने ट्रक चालक के बेटे का अपहरण कर दो लाख रूपये की फिरौती मांगी है। जिससे परिवार में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते पर पुलिस हरकत में आयी तथा नम्बर ट्रेसिंग पर लगा दिया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर में पेशे से ट्रक चालक शहीदुलहक का परिवार रहता है। उनका बेटा इंजमामुल हक मुरादाबाद स्थित एक शॉपिंग मॉल में नौकरी करता है। बीती तीन अगस्त को वह बिना कुछ बताए अचानक घर से लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। आखिर में परिजनों ने



**पुलिस ने गाजियाबाद से किया गिरफ्तार, शांतिभंग में चालान**

कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस के मुताबिक इसी बीच परिजनों के पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले शख्स ने इंजमामुल हक के अपहरण की बात कही। जान बख्शने के बदले में दो लाख रुपये की फिरौती मांगी। अपहरण और फिरौती की बात सामने आते ही पुलिस हरकत में आ गई। तुरंत ही नंबर को ट्रेसिंग पर लगा दिया। जिसकी लोकेशन पहले गाजियाबाद फिर नोएडा और बाद में दिल्ली की मिली। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने युवक संग अपहरणकर्ता की छानबीन शुरू कर दी। दरोगा सुधीर तोमर की अगुवाई में टीम ने लोकेशन के मुताबिक गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली में कई ठिकानों पर इंजमामुल हक की तलाश की और आखिर में इंजमामुल हक को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर घूमते हुए पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस उसे डिडौली कोतवाली ले आई। पूछताछ के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इंजमामुल हक ने बताया कि उसने गांव के ही रहने वाले नईम से 60 हजार रुपये उधार लिए थे, जिसे वह ऑनलाइन गेम में हार गया था। इसके बाद नईम अपने उधार के रुपये वापस करने का दबाव बना रहा था। बढ़ते तकादे के बीच परिजनों से पैसे लेने के लिए उसने खुद ही अपने अपहरण व दो लाख रुपये की फिरौती का षड्यंत रचा था। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि इस पैसे से इंजमामुल हक को अपना उधार निपटाना था तथा बाकी पैसे ऑनलाइन गेम में दांव पर लगाने थे। माफी मांगने तथा भविष्य में दोबारा ऐसी गलती कभी नहीं करने पर आरोपी का शांतिभंग की धारा में चालान किया गया है।

# भंडारे में खाना बनाते गांव की युवती पर आया दिल

### मौका देकर दोनों हुए फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भंडारे में मजदूरी करने आया युवक गांव की एक युवती को लेकर भाग गया। तलाश में नाकाम महिला ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अब युवती संग आरोपी की तलाश में जुटी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाली एक महिला के पति की नौ साल पहले मृत्यु हो चुकी है। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती है। महिला के मुताबिक हर साल श्रावण मास में लोकेश यादव नाम का एक व्यक्ति गांव में आकर शिवभक्तों के लिए आठ दिन का भंडारा करता है। लेवर के रूप में उसके साथ में कुछ युवक भी आते हैं। घटना बीती 28 जुलाई की दोपहर की है। महिला की बेटी अचानक घर से गायब हो गई। काफी तलाश किया लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। तलाश के बीच शाम में मिलीं गांव की दो युवतियों ने बताया कि भंडारे की लेवर का युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। महिला ने आरोपी युवक व भंडारा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में लोकेश यादव व अज्ञात युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर युवती को जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# स्पेलर संचालक की दीवार के नीचे दबकर मौत

### भारी बारिश के कारण से घर की दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बरसात के कारण भर भराकर गिरी दीवार के नीचे दबकर स्पेलर स्वामी की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई किये हुए जनाजे को सपुर्द खाक कर दिया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी मोहम्मद मुरसलीन पुत्र यामीन का गांव में ही धान निकालने का स्पेलर लगा हुआ है। बुधवार को मोहम्मद मुरसलीन ठेकेदार को धान की भूसी बेच रहे थे। इस दौरान पास में खड़ी दीवार भर भराकर मुरसलीन के ऊपर गिर गई। जिससे वह उसके नीचे पूरी तरह से दब गये। वहां काम कर रहे मजदूरों एंव परिजनों ने दीवार के मलबे के नीचे से मुरसलीन को बाहर निकाला तथा रहरा के अस्पताल में उपचार के दिखाया। उसके बाद परिजन मुरसलीन को हसनपुर के अस्पताल में लेकर पहुंच गये। लेकिन चिकित्सकों ने मुरसलीन आयु 38 वर्ष को देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है की बारिश अधिक होने के कारण दीवार के नीचे पानी भर गया था। जिसके चलते दीवार भर भराकर गिरी है। स्पेलर संचालक की मौत की खबर से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने बिना कानूनी कार्रवाई किये हुए जनाजे को सपुर्द खाक कर दिया।

# पेड़ से लटका मिला लापता विवाहिता का शव

### हत्या के आरोप को लेकर मायके व ससुराल पक्ष में नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। लापता विवाहिता का शव पेड़ पर लटका मिलने से दहशत फैल गई। मायके व ससुराल पक्ष के लोगों के बीच नोंकझोक हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी सोनू की पत्नी पिंकी मंगलवार की दोपहर 12 बजे से लापता हो गई थी। ससुराल के लोगों ने उसे रात भर तलाश किया लेकिन उसका कही सुराग नहीं लग सका। बुधवार की दोपहर जंगल में घास काट रही महिलाओं की नजर पिंकी आयु 25 वर्ष की लाश गांव निवासी सतवीर की ईख के खेत पर खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ पर लटकी हुई पड़ी तो उन्होंने शोर मचा दिया। कुछ ही



देर में आसपास के गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर पिंकी की हत्या कर लाश को पेड़ पर लटकाये जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। मायके एवं ससुराल पक्ष के लोगों के बीच नोंकझोक होने लगी। पिंकी की बहन गीता ने बताया सोमवार को उसकी बहन ने फोन कर बताया था कि पति ने उसे कमरे में बंद कर बहुत मार लगाई है। उसे यहां से ले जाओ। बहन के पति सोनू ने भी उसे फोन पर गालियां दी थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। बाद में मायके वाले कोतवाली पहुंच गये। मायके वाले दहेज की खातिर पिंकी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देने की तैयारी कर रहे थे। विवादिता पिंकी की लाश को पुलिस ने उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिंकी अपने पीछे आठ माह की बेटी काव्या को छोड़ गई है। पिंकी की मौत से मायके वालों का रो रोकर बुरा हाल है।



हसनपुर। विवाहिता की मौत पर विलाप करते परिजन।

# भाकियू नेताओं को किया घर में नजरबंद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को किसानों की मांगो का एक ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया था, लेकिन पुलिस ने भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी व अन्य पदाधिकारियों को उनके घर पर ही

**सीओ को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन**

हाउस अरैस्ट कर लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों, ब्लॉकध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों को पुलिस ने घर में नजर बंद करने का काम किया है। भारत में यह कैसी बड़ी विडंबना है कि मुख्यमंत्री



किसानों से बात करने को तैयार नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है और भाजपा सरकार किसानों को पराया समझती है। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सीओ धनौरा अंजलि कटारिया को सौपा गया। नरेश चौधरी ने कहा कि 19 अगस्त को गजरौला भानपुर फाटक पर किसानों की मांगों को लेकर एक महापंचायत करके आवाज बुलंद की जाएगी और किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेश अध्यक्ष कामिल चौधरी भी नजर बंद किए गए, उधर संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष राहुल सिद्धू को उनके आवास नगलिया गांव पर पुलिस ने हाउस अरैस्ट कर लिया। इस अवसर पर अमित चीमा, जितेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, अभिषेक भुल्लर, रवि उपाध्याय, समीर चौधरी, कमल चौधरी, पंचम सिंह, कामिल चौधरी, अरुण सिद्धू, विजयवीर सिंह, अभय चौधरी, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# रंगबिरंगी राखियों से सज गए बाजार

### भाई-बहनों को रक्षाबंधन का बेसब्री से इंतजार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भाई-बहन के अटूट प्रेम की निशानी रक्षा बंधन को लेकर तैयारियों जोरों पर है। बाजार में रंग बिरंगी राखियां सज गई है। जबकि गली मौहल्लों में भी ठेले वाले मनमोहक राखी लेकर पहुंच रहे है। जिनकी खरीदारी शुरू हो गई है। बहनों का भी अपने मायके आने का सिलसिला शुरू हो गया है।

9 अगस्त को रक्षा बंधन का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाई पर प्रेम का धागा बांधकर तिलक लगा उनकी लम्बी उम्र की कामना करती है तथा भाईयों से अपनी रक्षा का वचन लेती है। इस त्यौहार का भाई व बहन को बेसब्री से इंतजार रहता है। कई दिन पहले से ही बहनों का मायके आने का दौर शुरू हो जाता है। इस समय बाजार में राखी की दुकानें सज गई है। जिन पर खरीदारी का दौर भी शुरू हो गया है। हालांकि अभी दुकानों पर ज्यादा

**मिठाई तैयार करने में जुट गए कारीगर**

भीड़ नजर नहीं आ रही। इसका एक कारण यह भी है कि अब गली मौहल्लों में ठेले वाले राखियां लेकर पहुंच रहे है। जिन पर महिलाएं व युवतियां अपनी पसंद की राखी खरीद रही है। उन्हें आकर्षित करने के लिये एक से बढ़कर एक राखी सजी है। रक्षा बंधन के गीतों की मधुर धुन सभी को इस त्यौहार की याद दिला रही है। हालांकि अब इस त्यौहार में दो दिन का समय शेष है। ऐसे में सभी ने इसे धूमधाम से मनाने की तैयार कर ली है। इस दिन भाई भी अपनी बहनों को गिफ्ट भेंट करते है। कोई कपड़े बनाकर देता है तो कोई अन्य उपहार देकर उनका मान रखता है। इसके अलावा जिन बहनों के भाई बार्डर पर देश की रक्षा में लगे है उनके लिये कई दिन से राखी भेजने का सिलसिला जारी है। ताकि उनकी कलाई भी सूनी न रहे। हर तरफ रक्षा बंधन की ही धूम दिखाई दे रही है। इस दिन भाई को तिलक करने के बाद उसका मुंह मीठा कराने के लिये मिठाई भी खिलाई जाती है। पिछले कई दिन से मिठाई दुकानदार अपना माल तैयार कराने में लगे है। इस त्योहार पर मीठे की काफी बिक्री है इस कारण खादय विभाग भी सक्रिय हो गया है। वह भी आये दिन मिठाई विक्रेताओं के यहां छापेमारी कर रहा है। अब हर स्तर पर रक्षा बंधन की तैयारी जोरों पर है। सभी को 9 अगस्त को बेसब्री से इंतजार है।

# इंग्लैंड में सीरीज बराबर करने के बाद भारतीय टीम घर लौटी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर की, लेकिन जीत के बाद टीम इंडिया ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया। खिलाड़ियों ने मैच खत्म होने के बाद अपने परिवारों के साथ समय बिताया और मंगलवार सुबह अलग-अलग बैचों में भारत के लिए रवाना हो गए।

मोहम्मद सिराज समेत कई खिलाड़ी फ्लाइट से दुबई पहुंचे, जहां से वे अपने-अपने शहरों के लिए रवाना होंगे। कुछ खिलाड़ी इंग्लैंड में कुछ दिनों के लिए रुक गए हैं। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारतीय मैनेजमेंट ने सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर मेडल दिया। वहीं हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, श्मैं टीम परफारमेंस से बहुत खुश हूं।

मैच खत्म होने के करीब चार घंटे बाद अर्शदीप और प्रसिद्ध कृष्णा को लंदन की सड़कों पर अपने परिवारों के साथ घूमते हुए देखा गया। कुलदीप यादव, जिन्हें सीरीज में मौका नहीं मिला, पूर्व खिलाड़ी पीयूष चावला के साथ नजर आए। बुमराह को पहले ही आराम के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, कोई खास सेलिब्रेशन नहीं हुआ।

**● जीत के बाद टीम इंडिया ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया, वाशिंगटन सुंदर इम्पैक्ट प्लेयर बने गंभीर बोले: बहुत खुश हूं**

सीरीज काफी लंबी और थकाऊ रही। खिलाड़ी अपने परिवारों के साथ या अकेले समय बिता रहे थे। ज्यादातर खिलाड़ी भारत लौट चुके हैं, कुछ छुट्टियां मना रहे हैं। अब टीम इंडिया की अगली चुनौती अगले महीने न्म में एशिया कप होगी। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द सीरीज और मोहम्मद सिराज को ओवल टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पांचवें टेस्ट में भारत की 6 रन से रोमांचक जीत के बाद वाशिंगटन सुंदर को सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया। इस दौड़ में मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा भी थे, लेकिन सुंदर के प्रदर्शन ने उन्हें सबसे आगे रखा। सीरीज में सुंदर ने लगातार चार टेस्ट खेले। उन्होंने कुल 284 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक और एक शानदार शतक शामिल था।

गेंदबाजी में भी उन्होंने 7 विकेट लिए। तीसरे टेस्ट में लार्ड्स पर उन्होंने बेन स्टोक्स, जो रूट और जेमी स्मिथ जैसे बड़े बल्लेबाजों को आउट किया और 4 विकेट झटके। मैनचेस्टर टेस्ट में उन्होंने जडेजा के साथ पांच सेशन तक बल्लेबाजी की और मैच ड्रा कराया। वहां उन्होंने नाबाद 101 रन बनाए।

# करियर की बेस्ट रैंकिंग पर सिराज-कृष्णा



- **जसप्रीत बुमराह नंबर-1 पर कायम**
- **सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर**
- **प्रसिद कृष्णा 25 स्थान की छलांग लगाकर 59 वें स्थान पर**
- **बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में शामिल**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा अपने-अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इस टेस्ट में सिराज ने 9 और कृष्णा ने 8 विकेट लिए थे। सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए।

उनकी रेटिंग 674 अंक हो गई। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 25 स्थान की उछाल के साथ 59वां स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 368 अंक है। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 889 रेटिंग अंक हैं। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में पहुंच गए हैं। सिराज ने सीरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में सिराज ने सभी पांच टेस्ट खेले और 23 विकेट के साथ सीरीज के टॉप विकेट टेकर रहे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन टेस्ट मैचों में 14 विकेट लिए। वे सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर रहे। बल्लेबाजी रैंकिंग में, भारत के जायसवाल ने आखिरी टेस्ट की दूसरी पारी में 164 गेंदों पर 118 रन बनाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और आईसीसी मेन्स टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-5 में जगह बनाई। उनकी रेटिंग अब 792 अंक है। वहीं, इंग्लैंड के जो रूट व हैरी ब्रूक ने पहला और दूसरा स्थान बरकरार रखा। रूट ने दूसरी पारी में 152 गेंदों पर 105 रन और ब्रूक ने 98 गेंदों पर 111 रन बनाए। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच हुई टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने चार स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-10 में जगह बनाई। उनके साथी मैट हेनरी ने तीन स्थान की उछाल के साथ गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 817 अंक है, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है। हेनरी ने छोटे प्रारूपों के अपने फार्म को टेस्ट क्रिकेट में भी बरकरार रखा। एटकिंसन और जोश टंग भी करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन का फायदा रैंकिंग में मिला। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आठ-आठ विकेट लिए। एटकिंसन पहली बार टॉप-10 में शामिल हुए, जबकि टंग 14 स्थान की छलांग लगाकर 46वें स्थान पर पहुंच गए। दोनों ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। ऑलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर कायम, स्टोक्स नंबर-3 पर द ओवल में 53 रन की पारी खेलने वाले भारतीय आलराउंडर जडेजा आलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप पर कायम हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विलियम ओ रूर्के दूसरे टेस्ट से हुए बाहर

**बुलावाया, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओ' रूर्के पीट की चोट के कारण दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गये है। उन्हें पहले टेस्ट के तीसरे दिन पीठ में अकड़न के बाद चिकित्सीय सलाह के लिए स्वदेश भेज दिया गया था। दूसरे टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर नाथन स्मिथ पेट में खिंचाव के कारण पहले ही बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह ऑलराउंडर जकारी फॉल्केस को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वहीं ऑकलैंड एसेस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को भी ओ' रूर्के के कवर के तौर पर बुलाया गया है। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच जैकब ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह कोई बहुत बड़ी सीरीज नहीं होगी।

### पावरलिफ्टिंग: स्वर्ण पदक विजेता नमी राय ने साय से की मुलाकात

**रायपुर, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नमी राय पारेख ने मुलाकात की। साय को रायपुर निवासी नमी राय पारेख ने बताया कि पांच से 13 जुलाई तक जापान के हिमेजी में एशियन पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस चैंपियनशिप में उन्होंने 57 किलोग्राम डेडलिफ्ट वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। सीएम वष्णुदेव साय ने नमी राय पारेख को एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई दी।

# हमारी टीम में सुधार की गुंजाइश है: मैकुलम



**मुख्य कोच मैकुलम का मानना है कि पांचवें टेस्ट में भारतीय टीम जीत की हकदार थी**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का कहना है कि उन्होंने उन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां इंग्लैंड को एशेज से पहले सुधार करना होगा, जब भारत के खिलाफ एक रोमांचक सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई और मुख्य कोच का मानना है कि पांचवें टेस्ट में भारतीय टीम जीत की हकदार थी। भारत ने इस एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के 25वें और आखिरी दिन 56 मिनट के शानदार खेल में 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए छह रन की जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज से उनकी सबसे कम अंतर की जीत थी। इसका मतलब यह था कि इंग्लैंड 2018 के बाद से भारत के खिलाफ पहली सीरीज जीत से चूक गया। मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में उन्होंने अभी तक भारत या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई सीरीज जीत दर्ज नहीं की है। चूंकि इंग्लैंड अब सितंबर में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज में उतरेगा, इसलिए खिलाड़ियों के पास आराम करने का समय है। साल की शुरुआत से ही कोच के रूप में मैकुलम दोनों चुनौतियों में शामिल रहेंगे। लेकिन उनका तात्कालिक ध्यान, एक बार सब कुछ शांत हो जाने के बाद, पिछले सात हफ्तों पर रहेगा कि क्या काम आया और क्या नहीं। नवंबर में पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से पहले तैयारी करना उनका प्राथमिक लक्ष्य होगा। मैकुलम ने कहा कि हम पहले सब कुछ शांत होने देंगे और हम यह पता लगाएंगे कि क्या अच्छा रहा है और फिर यह तय करना शुरू करेंगे कि हम कैसे सुधार कर सकते हैं, ताकि जब हम ऑस्ट्रेलिया पहुंचें, तो हमारे पास एक बड़ा मौका हो। हम जानते हैं कि हमारे पास सुधार की कुछ गुंजाइश है। जब आप खिलाड़ियों को दबाव में अपनी सीमाओं से परे जाकर प्रदर्शन करते हुए देखते हैं, तो आप हमेशा कुछ न कुछ सीखते हैं। बहुत सी चीजें हैं जिन पर हमें ध्यान देना है क्योंकि हम इसे समझने और उन क्षेत्रों का पता लगाने के लिए समय देंगे जिनमें हम अपनी अगली चुनौती के लिए सुधार कर सकते हैं। कुल मिलाकर, मुझे लड़कों और उनके प्रयासों पर बहुत गर्व है। यह एक प्रतिस्पर्धी सीरीज रही है, जिसमें, कुछ खिलाड़ी चोटिल भी हुए। यह सीरीज़ ड्रॉ हो चुकी है। आप निराश हैं लेकिन आपको उनके प्रयासों पर गर्व है। स्कोरलाइन 2023 के घरेलू एशेज की तरह है, और हालांकि इंग्लैंड ने दो साल पहले ड्रॉ हासिल करने के लिए वापसी की थी, लेकिन इस गर्मी में भारत के खिलाफ कुछ समानताएं थीं, जिनमें से कुछ ऐसे पल थे जिन्हें मेज़बान टीम ने जाने दिया।

# पूर्व काउंटी कोच यौन दुराचार के आरोप में निलंबित

**● कोच ने अपने दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी है और सच्चा पश्चाताप व्यक्त किया है**

**लंदन, वार्ता।** एक अज्ञात पूर्व काउंटी क्रिकेट कोच को यौन दुराचार के आरोप स्वीकार करने के बाद नौ महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।

स्वतंत्र क्रिकेट अनुशासन पैनल ने पाया कि उस व्यक्ति ने 2023 और 2024 की गर्मियों में स्टाफ की दो महिला जूनियर सदस्यों को यौन रूप से स्पष्ट तस्वीरें भेजी थीं। उसने पेशेवर आचरण नियमों के पांच उल्लंघनों को स्वीकार किया, जिसमें दो सहकर्मियों को अनच. ाही यौन तस्वीरें भेजना भी शामिल है। पैनल ने 'असाधारण' स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों और नाम सार्वजनिक करने पर 'गंभीर नुकसान' के खतरे के कारण व्यक्ति की पहचान बताने से इनकार कर दिया। पैनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी महिला 'प्रतिवादी से बहुत छोटी थी और वह क्रिकेट क्लब में उससे कहीं अधिक वरिष्ठ पद पर था।

उसके व्यवहार के कारण उसे बर्खास्त कर दिया गया और तब से वह खेल में कार्यरत नहीं है। पैनल को दिए गए आवेदनों में, यह उल्लेख किया गया कि कोच ने 'अपने दुर्व्यवहार के लिए माफ़ी मांगी है और सच्चा पश्चाताप व्यक्त किया है'। बीबीसी की एक खबर के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने स्वेच्छा से एक शिक्षा पाठ्यक्रम लिया था और 'अवांछित स्पष्ट संदेशों के प्रभाव को समझने के लिए एक पूर्व पेशेवर खिलाड़ी के साथ काम किया था'। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें उम्मीद थी कि अब वह एक बेहतर इंसान बन रहे हैं। उन्हें कार्यस्थल की सीमाओं, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और यौन उत्पीड़न के बारे में बेहतर समझ थी। यह प्रतिबंध आरोपों के दर्ज होने से छह महीने पहले लगाया गया है, साथ ही तीन महीने का निलंबन और एक अनिवार्य शिक्षा पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।


# हाइजिया वेंचर्स ने सानिया मिर्जा को बनाया ब्रांड एंबेसडर



नई दिल्ली, वार्ता। गौरव अग्रवाल की कनाडा समर्थित निवेश फर्म हाइजिया वेंचर्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सीजन से पहले गुरुग्राम ग्रैंड स्लैमर्स टीम को खरीदने के साथ ही दिग्गज स्टार सानिया मिर्जा को टीम का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। टीपीएल भारत की चौथी ऐसी स्पोर्ट्स लीग बन गई है जो लगातार सातवें सीजन में पहुंची है। इसकी फास्ट-पेस्ड और दर्शकों को पसंद आने वाली प्रारूप की वजह से ये लीग लगातार निवेशकों और दर्शकों को आकर्षित कर रही है।

गौरव अग्रवाल कहा कि टेनिस और खेलों से मेरा व्यक्तिगत जुड़ाव है। एक पिता के तौर पर भी मैं युवा टेनिस खिलाड़ियों को सपोर्ट करना चाहता हूं। यह निवेश खेल और फेंचाइज़ी मैनेजमेंट में हमारे कदम को मजबूत करता है। सानिया मिर्जा ने कहा कि मैं एक ऐसी टीम से जुड़कर खुश हूं जो टैलेंट और इनोवेशन दोनों को महत्व देती है। गौरव का विजन भारतीय टेनिस के लिए जरूरी लॉन्ग-टर्म इनवेस्टमेंट को दर्शाता है।

# एशिया कप में अफगान टीम की अगुवाई करेंगे राशिद



**● अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने संयुक्त अरब अमीरात में 9 से 28 सितम्बर तक होने वाले एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा की**

**काबुल, वार्ता।** स्टार लेग स्पिनर राशिद खान की अगुवाई में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम आगामी एशिया कप में खेलेगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में नौ से 28 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। एसीबी की चयन समिति के सदस्य मीर मुबारिज ने बताया कि राशिद खान अफगानिस्तान के सुपरस्टार हैं। उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। फॉर्म में होना या खराब होना, यह खेल का हिस्सा है, लेकिन वह अच्छी तरह जानते हैं कि कैसे मजबूती से वापसी करनी है और टीम और देश के लिए बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करना है।

मुबारिज ने कहा कि हमने त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप से पहले तैयारी शि. विर के लिए एक प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है, जहां नए खिलाड़ियों की परख कोचिंग स्टाफ और कप्तान, दोनों प्रशिक्षण और तैयारी शिविर के दौरान करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर चोटों के कारण उन्हें अपनी योजना में बदलाव नहीं करना पड़ा, तो वे प्रारंभिक शिविर के 22 सदस्यों में से ही अपनी विश्व कप टीम का चयन करेंगे। उन्होंने टीम में शामिल तेज गेंदबाजो को लेकर कहा कि हां , हम शायद आगामी एशिया कप में इन्हीं 22 खिलाड़ियों के साथ उतरेंगे, लेकिन चोट लगने की स्थिति में बदलाव हो सकते हैं, और हम समय के साथ इन मुद्दों का ध्यान रखेंगे। हमने अब्दुल्ला अहमदजई, बशीर अहमद को टीम में शामिल किया है, और सलीम सफी भी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। इसलिए, वे सभी 140 की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि अफगानिस्तान के पास राशिद खान, मुजीब, मोहम्मद नबी और अल्लाह मोहम्मद गजनफर जैसे बेहतरीन स्पिन गेंदबाज हैं। हमने नांग्याल खारोटी और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले शराफुद्दीन अशरफ को भी टीम में शामिल किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ की तैयारियां जोरों पर

**माउंट आबू, वार्ता।** राजस्थांन में पर्यटन स्थल माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी संगठन की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के मौके पर 17 अगस्त को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में आयोजित की जा रही सातवीं अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ की तैयारियां जोरों से की जा रही हैं।

मैराथन संयोजक समिति सदस्य बी के सचिन ने बुधवार को बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ के लिए करीब साढ़े तीन हजार सहभागियों का पंजीकरण हो चुका है। विदेशों के भी करीब पांच दर्जन धावक दौड़ में भाग ले रहे हैं।

## शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में शुरू होगी प्रो वॉलीबॉल लीग

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** गौतमबुद्धनगर जिले में पहली बार प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन होने जा रहा है। प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन गुरुवार से ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में किया जाएगा। लीग को लेकर खेल परिसर में आयोजकों द्वारा प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया,जिसमें 15 दिवसीय लीग को लेकर जानकारी दी गई। आदि योगी फाउंडेशन के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश प्रो वालीबॉल लीग के फाउंडर कुलवंत ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 अगस्त से ग्रेटर नोएडा स्थित शहीद पथिक सिंह खेल परिसर में पहली बार प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। यूपी प्रो वालीबॉल लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी जिनमें लखनऊ टाइगर्स, गोरखपुर, नोएडा, मथुरा, अयोध्या, मुरादाबाद, काशी व मुजफ्फरनगर लायंस होंगी।

# पंत ने छात्रा की कॉलेज फीस में मद्द की



**● ज्याति के परिवार ने अनिल नाम के एक स्थानीय शुभचिंतक से संपर्क किया, जिन्होंने क्रिकेट से जुड़े अपने सपर्कों के माध्यम से पंत तक छात्रा की परेशानी को पहुंचाया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने कर्नाटक के बागलकोट जिले की एक आर्थिक रूप से संघर्षरत छात्रा की मदद की है, जिससे वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। विकेटकीपर-बल्लेबाज के इस नेक काम की व्यापक सराहना हो रही है।

बिलागी तालुक के रबकवी गाँव की रहने वाली ज्योति कनबुर मथ ने अपने प्री-यूनिवर्सिटी कोर्स (पीयूसी ) में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे और कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (बीसीए) पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया था। हालांकि, आर्थिक तंगी के कारण, उनका परिवार कॉलेज की फीस का भुगतान करने में असमर्थ था। आर्थिक सहायता प्राप्त करने के प्रयास में, ज्योति के परिवार ने अनिल नाम के एक स्थानीय शुभचिंतक से संपर्क किया, जिन्होंने क्रिकेट से जुड़े अपने संपर्कों के माध्यम से उनसे संपर्क किया। यह अपील अंततः ऋषभ पंत तक पहुंची, जिन्होंने तुरंत कॉलेज को 40,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए, जिससे ज्योति के दाखिले का रास्ता साफ हो गया। पंत को लिखे एक आभार पत्र में, ज्योति ने अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

उन्होंने लिखा कि मैं बीसीए करना चाहती थी, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण, मेरे माता-पिता ने हमारे गाँव के ही अनिल से संपर्क किया और पूछा कि क्या कोई छात्रवृत्ति या आर्थिक मदद उपलब्ध है। फिर अनिल ने अपने दोस्त अक्षय से संपर्क किया, जो बेंगलुरु में रहता है। अक्षय ने मेरी स्थिति से भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को अवगत कराया। ऋषभ पंत ने 40,000 रुपये ट्रांसफर किए ताकि मैं बीसीए कर सकूं। मैं ऋषभ पंत की बहुत आभारी हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि वह उन्हें अच्छी सेहत प्रदान करें। मैं अनिल अन्ना और अक्षय नाइक सर की भी आभारी हूं। मैं उनकी मदद को कभी नहीं भूलूंगी। कॉलेज प्रबंधन ने भी पंत को उनके समय पर दिए गए सहयोग के लिए एक प्रशंसा पत्र जारी किया।

# मणिपुर, उत्तराखंड, तमिलनाडु, मप्र और झारखंड जीते

**● 15वें हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन डिवीजन बी के सभी मैच समाप्त हो गए है**

**काकीनाडा, वार्ता।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के छठे दिन बुधवार को डिवीजन 'बी' के सभी मैच समाप्त हो गए, जिसमें मणिपुर, उत्तराखंड और तमिलनाडु ने अपने-अपने लीग मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि हिमाचल ने बिहार के साथ ड्रॉ खेला। यहां दिन के पहले मैच में मणिपुर ने असम को 3-1 से हराया।

मणिपुर के लिए कंगजम सिल्विया चानू ने (27वें, 49वें) मिनट में दो गोल और देवी मुतुम प्रिया ने (26वें) मिनट में एक गोल किया। असम की ओर से एकमात्र गोल अश्मिता तिग्गा ने (20वें) मिनट में किया। अगले मैच में उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केरल को 7-0 से रौंद दिया। उत्तराखंड की कप्तान सलोनी पिलखवाल ने (नौंवें, 31वें, 46वें) मिनट में गोल कर हैट्रिक बनाई, जबकि राईन कहकशा अली ने (चौथे, 14वें) और आरती ने (40वें, 45वें) ने दो-दो गोल किए। अन्य मैच हिमाचल और बिहार के बीच 1-1 से ड्रॉ रहा। हिमाचल के लिए भूमि ने (12वें) और बिहार की ओर से खुशी कुमारी ने (11वें) मिनट गोल किया। यह मुकाबला एक-एक गोल से ड्रा रहा। अंतिम डिवीजन 'बी' मैच में तमिलनाडु ने अरुणाचल को 5-0 से हराया। तमिलनाडु की ओर से प्रियधरसिनी ने (39वें, 52वें) मिनट में दो गोल किए, जबकि अक्षता आर ने (43वें), सुबलक्ष्मी एल (40वें) मिनट और जयशालिनी एस (46वें) मिनट में एक-एक गोल किए। इसके साथ ही 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सभी डिवीजन 'बी' मैच समाप्त हो गए। पूल 'ए' से मणिपुर और पूल 'बी' से हिमाचल को अगले साल होने वाले डिवीजन 'ए' मैचों में पदोन्नत किया गया। इस सप्ताह की शुरुआत में, डिवीजन 'सी' के पूल 'ए' से गोवा हॉकी और पूल 'बी' से मिजोरम को भी अगले साल होने वाली जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन 'बी' में पदोन्नत किया गया। दिन के दूसरे भाग में डिवीजन 'ए' लीग मैच हुए, जिसमें मध्य प्रदेश और झारखंड ने अपने-अपने पूल मैच जीते, जबकि हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। पहले डिवीजन 'ए' मैच में मध्य प्रदेश ने पंजाब को 4-0 से हराया। मध्यप्रदेश की काजल ने (13वें, 52वें) और स्नेहा पटेल ने (36वें, 45वें) ने दो-दो गोल किए। अगले मैच में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला जिसमें हरियाणा की कप्तान शशि खासा (पांचवें) मिनट और उत्तर प्रदेश की रश्मि पटेल ने (54वें) मिनट ने एक-एक गोल किया। तीसरे डिवीजन 'ए' मैच में झारखंड ने छत्तीसगढ़ को 7-1 से हराया।

## भारतीय एथलीट विश्व खेल 2025 के पांच खेलों की 23 पदक स्पर्धाओं में लेंगे हिस्सा

**चीन, वार्ता।** भारतीय एथलीटों की 17 सदस्यीय टीम आज से शुरु हो रहे विश्व खेल 2025 के 12वें संस्करण की पांच खेलों की 23 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेगी। इस बार विश्व खेलों में 34 खेलों और 60 विधाओं में 253 पदक स्पर्धाएं होंगी।

पॉवरबोटिंग और चीयरलीडिंग को पहली बार इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। भारत इनमें से कुल पांच खेलों तीरंदाजी, बिलियर्ड्स, रैकेटबॉल, रोलर स्पोर्ट्स या स्केटिंग और वुशु में 23 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारत के तीरंदाजी दल में अभिषेक वर्मा और परनीत कौर, स्पीडस्केटर वेल. कुमार आनंद कुमार और आर्यनपाल सिंह घुमन, तथा वुशु एथलीट नाओरेम रोशिबिना देवी, मधुरा धमनगांवकर शामिल हैं। भारत मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में भी भाग लेगा, जो कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में भी शामिल होगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 7 अगस्त 2025

# टैरिफ पर घमासान

आखिरकार टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बराबर दी जा रही धमकी से भारत का अब धैर्य टूटता दिखाई दे रहा है। ट्रम्प लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं। ऐसा वह इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भारत रूस के साथ बड़ा कारोबार कर रहा है। बड़े पैमाने पर उससे तेल और गैस खरीद रहा है।

सैन्य सामानों में भी वह अमेरिका के सामने रूस को तरजीह दे रहा है। जबकि रूस इन सब बातों से शक्ति पाकर यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। भारत ने काफी हद तक धैर्य से काम लिया और ट्रम्प की किसी भी बात का सीधे जवाब नहीं दिया, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि भारत जवाब नहीं दे सकता, बल्कि भारत चाहता है कि सारा मामला कूटनीति स्तर से निपटे, जोकि सबसे बेहतर तरीका भी है, लेकिन बात बनती न देख सीधे सोमवार को अमेरिका व ई-यू को सीधे निशाने पर ले लिया और कहा कि यह देश स्वयं बड़े पैमाने पर रूस से कारोबार कर रहे हैं और हमें नसीहत दे रहे हैं। भारत का कहना है कि अमेरिका अभी भी रूस से यूरेनियम, हैक्साफ्लोराइट, खाद्य और कैमिकल्स मंगा रहा है।

जहां तक ईयू की है, पिछले 2024 में करीब 85 बिलियन यूरो का व्यापार किया। असल में सारा झगड़ा इस बात पर है भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा आयातक रहा है और दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2024 में करीब 130 अरब डॉलर का कारोबार हुआ है। इसमें 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत की तरफ से अमेरिका को होता है, तो वहीं अमेरिका को भारत की तरफ से 42 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। इस तरह व्यापार घाटा करीब 46 अरब डॉलर का है जो भारत के पक्ष में जाता है। अमेरिका को यही व्यापार घाटा खल रहा है और वह चाता है कि यह घाटा किसी भी कीमत पर कम किया जाए। इसी को कम करने के लिए अमेरिका बराबर टैरिफ की धमकी दे रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प इस टैरिफ के जाल में इस तरह उलझ गए हैं कि उन्हें दोस्त दुश्मन में भी कोई अंतर नजर नहीं आ रहा है और वह अमेरिका के साथ अन्य देशों के संबंधों की परवाह नहीं कर रहे हैं। कई देशों से उनकी ठन सी गई दिखती है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा तो उनसे इतने खफा हैं कि उन्होंने उनसे बात करने से ही मना कर दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है।

हालांकि ट्रम्प उनसे बातचीत करने की पेशकश कर चुके हैं, लेकिन लूला बात करने के लिए तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि वह चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग, भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना ज्यादा पसंद करेंगे। रूस के साथ व्यापार को लेकर अमेरिका का नाम लेने पर अब डोनाल्ड ट्रम्प कह रहे हैं कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं, जांच कराएंगे। सभी अपने-अपने विकल्प तलाश करते दिखाई दे रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ऐसे माहौल में इस समय रूस के मोस्को में मौजूद हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि भारतीय विदेश मंत्री इस महीने के आखिर में रूस जा सकते हैं, जाहिर है भारत ने भी अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका ज्यादा हठधर्मी से काम लेगा तो भारत के लिए विकल्प खुले हैं।

## अडानी के खिलाफ जांच से मोदी चुप



अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चहेते उद्योगपति अडानी के खिलाफ जांच चल रही है, इसलिए श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिल रही धमकियों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं, श्री ट्रम्प की बार-बार की धमकियों पर श्री मोदी की चुप्पी अमेरिका, अडानी और रूस के बीच वित्तीय संबंधों का खुलासा भी करती है, यही वजह है कि ट्रम्प के सामने श्री मोदी खड़े नहीं हो पा रहे हैं, भारत, कृपया समझे, प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति ट्रम्प की बार-बार की धमकियों के बावजूद, उनके सामने खड़े नहीं हो पा रहे हैं, मकी मोदी, एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करती है। मोदी के हाथ बंधे हुए हैं।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# हमें सिर्फ कश्मीर चाहिए, कश्मीरी नहीं





**पवन सिंह**

देश के नागरिकों की रूचि इस हकीकत को जानने में होगी कि सत्तारूढ़ दल की नजरों में कश्मीर और कश्मीरियों की हैसियत क्या है ? क्या वही है जो दुनिया के सामने प्रदर्शित की जाती है या कुछ अलग है ? उस कश्मीर की जिस पर हक़ को लेकर पाकिस्तान अगरजुबान भी खोलता है तो देशभक्तों का खून खौलने लगता है। भगवा तलवारें म्यानों से बाहर आने लगतीं हैं।

सवाल यह है कि हुक्मरानों और उनके समर्थकों की नजरों में क्या कश्मीर धरती पर बसा कोई स्वर्ग है? एक सैरगाह है या केवलजमीन का टुकड़ा है और इसी के साथ यह कि उनकी नजरों में वहां बसने वाले कश्मीरियों की औकात क्या है? क्या उन्हें भी विशालभारत देश की आत्मा का ही हिस्सा माना जाता है या फिर उनकी मौजूदगी में किसी अदृश्य पाकिस्तान की हरदम तलाश चलती रहती है? यानी हमें कश्मीर की तो जरूरत है कश्मीरियों की नहीं?

कश्मीर और कश्मीरियों के दर्द को समझने के लिए हमें 29 जुलाई की रात लोकसभा में दिए गए सिर्फ छह मिनटों के एक भाषण कीआत्मा में प्रवेश करना पड़ेगा। ऑपरेशन सिंदूर पर हुई धुआंधार बहस का यह दूसरा दिन था। देर रात हो चुकी थी, सदन लगभगखाली-सा था फिर भी कुछ सांसद थे जिन्हें बोलना था और सुनना था।

यह भाषण नगर से चुने गए नेशनल कांफ्रेंस के बेहतरीन सांसद आगा रूहुल्ला मेहंदी ने दिया था। मेहंदी अपनी गैर-सांप्रदायिकराजनीति के लिए पूरी कश्मीर घाटी में एक खास पहचान रखते हैं। मेहंदी ने सिर्फ छह मिनटों में अपनी बात को इतने ताकतवर लहजे मेंरख दिया कि प्रधानमंत्री पौने दो घंटों में भी नहीं रख पाए होंगे।

मेहंदी के कहे को अगर सार में बताना हो तो उन्होंने कहा पहलगाम में जब खूनी दहशतगर्दी हुई तो उसके खिलाफ पूरी घाटी सड़कों परनिकल आई, दुकानें और रोजगार बंद हो गए। घाटी की जनता को पता है कि खून का बहना क्या होता है, कत्ल क्या होता है। कश्मीर के लोगों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निभाई।

सांसद मेहंदी ने आगे कहा अफसोस इस बात का है कि जब भी इस तरह की घटनाएं होतीं हैं पाकिस्तान के साथ जंग छिड़ने के पहले कश्मीर के अवाम के साथ जंग छेड़ दी जाती है। बाकीयों के साथ बाद में छेड़ी जाती है। पुलवामा (14 फरवरी 2019) के लोग जब आज भी नगर के लिए ट्रैवल करते हैं, हर पांच किलोमीटर पर उनकी गाड़ियों को रोका जाता है।

पहलगाम के वाकए के बाद भी ऐसा ही हुआ। बाकी के साथ जंग बाद में छेड़ी गई कश्मीर के अवाम के साथ पहले छेड़ दी गई। दो हजार से ज्यादा लोगों को किसी भी कानून का लिहाज किए बगैर घरों से उठाकर जेलों में बंद कर दिया गया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सौ से ज्यादा कश्मीरियों को पीटा गया, सड़कों से हटाया गया और उनकी दुकानें बंद करवाई गई। सिर्फ शक की बुनियाद पर कश्मीर में 12 घरों में यह मानकर ब्लास्ट कर दिया गया कि वे मुलजिमों के हो सकते हैं।

सत्ता पक्ष के सांसद अपना धैर्य खोने लगे थे, उनके सब्र का बांध टूटने लगा था। दो दिन से चल रही बहस के दौरान किसी ने भी ऐसे सवाल नहीं उठाए थे जो सांसद मेहंदी पूछ रहे थे। मेहंदी ने जब सत्ता पक्ष की ओर रुख करते हुए सवाल किया कि क्या कश्मीर आपके के लिए सिर्फ एक जमीन है? क्या मुल्क में कोई कानून है? सत्ता पक्ष की बेंचों की तरफ से किसी की आवाज सुनाई दी 'तो इसमें गलत क्या है?'

जवाब सुनकर सांसद मेहंदी बिफर पड़े। अब तक सदन में शोर बढ़ने लगा था और काफी गर्माहट पैदा हो चुकी थी। अपनी सीट पर वापस बैठने से पहले मेहंदी ने पलटवार करते हुए आखिरी बात कह दी तो यही है कश्मीर आपके लिए। यह है आपकी हकीकत? यही है आपकी जम्हूरियत?

यकीन किया जाना चाहिए कि सांसद मेहंदी के द्वारा कही गई एक-एक बात 29 जुलाई की कार्रवाई के रिकॉर्ड में दर्ज हुई होगी। मेहंदी जब पुलवामा का जिक्र कर रहे थे, मुझे रह-रहकर याद आ रहा था कि उस हादसे के दौरान किस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीर से आकर अध्ययन करने वाले बच्चों और छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ मारपीट की गई थी। उन्हें आतंकवादी बताया गया था। उन्हें अपने घरों को वापस लौटने की धमकियां दी गई थीं। सीआरपीएफ की हेल्पलाइन की मदद से उन्हें वापस भेजा गया था।

पुलवामा के कोई एक सप्ताह बाद (23 फरवरी 2019 को) राजस्थान के टोंक में हुई चुनावी सभा में पीएम ने कहा था हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है। कश्मीर और कश्मीरियों के खिलाफ नहीं है। देश के किसी भी कोने में कश्मीरी बच्चों के साथ बुरा व्यवहार नहीं होना चाहिए। वे अपने ही हैं। पीएम के कहे के बावजूद कश्मीरियों के खिलाफ तब हिंसा की घटनाएं बंद नहीं हुई थी।

पहलगाम हादसे के बाद कश्मीरियों के खिलाफ घाटी-स्थित उनके घरों और देश के विभिन्न हिस्सों में हुई हिंसा की घटनाओं के खिलाफ पीएम ने न तो संसद के भीतर कुछ कहा और न ही बाहर किसी सभा में। सांसद आगा मेहंदी जब लोकसभा में बोल रहे थे मोदी उपस्थित नहीं थे। उन्हें बाद में तो पता चला ही होगा कि क्या कहा गया। क्या ऐसा मान लिया जाए कि सत्ता पक्ष की बेंचों ओर से किसी के द्वारा की गई टिप्पणी तो गलत क्या है? सरकार की भी मौन सहमति है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सवाल जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता का

**जाहिर है इस कथन के तहत जांच एजेंसियों की रिपोर्ट्स का अति सूक्ष्म अध्यन व गवाहों से भरसक जिरह करना अदालत का दायित्व है परन्तु हम जांच एजेंसियों की दोषसिद्धि दर की भी अनदेखी नहीं कर सकते। मिसाल के तौर पर जब विपक्षी नेताओं के विरुद्ध सीबीआई और ईडी की कार्रवाई करती है तो सजा की दर केवल एक प्रतिशत होती है। जैसा कि राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में बताया गया था। हो सकता है कि यह आंकड़ा विशेष रूप से राजनीतिक मामलों तक ही सीमित हो परन्तु इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि क्या जांच एजेंसियों की कार्रवाइयां भी पूर्वाग्रह से प्रेरित तथा सत्ता के इशारे पर की जाती हैं? इसी तरह आतंकवाद से संबंधित मामलों में ठोस सबूत जुटाना मुश्किल होता है, क्योंकि कई बार गवाह डर के कारण सामने नहीं आते या सबूत अपर्याप्त होते हैं। तो भी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। कई बार हमारे देश में लंबी व जटिल कानूनी प्रक्रिया के चलते ATS द्वारा गिरफ्तार किए गए संदिग्धों को निचली अदालतों में सजा मिलती है, लेकिन उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में अपील के बाद वे बरी हो जाते हैं।**



**निर्मल रानी**

पिछले कुछ दिनों के भीतर विभिन्न न्यायालयों द्वारा कई बहुचर्चित व हाई प्रोफाइल मामलों से संबंधित कई ऐसे फैसले सुनाए गए, जिससे एक बार फिर जांच एजेंसियों की कारगुजारियों पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल भी दो तरह के। एक तो यह कि यदि सम्बद्ध मामले में अदालत के अनुसार आरोपी बेगुनाह थे तो आखिर अपराध करने वाले कौन थे? उन्हें सामने लाने की जिम्मेदारी आखिर किस एजेंसी की है ? और दूसरा बड़ा सवाल यह कि लंबे समय तक जेल में रहने, कथित रूप से प्रताड़ना सहने, पूरे समाज में अपनी व अपने परिवार की बदनामी उठाने, इतने वर्षों तक अपने काम काज से मुक्त होकर जांच व जेल का सामने करने गोया आरोपियों का पूरा जीवन बर्बाद होने की भरपाई कैसे हो और कौन करेगा इसकी भरपाई ?

गत 21 जुलाई को बॉम्बे हाई कोर्ट की जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट मामले से संबंधित मामले में 19 साल बाद, ऐतिहासिक फैसला सुनाया। इस फैसले में 12 में से 11 आरोपियों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया, जबकि कमाल अहमद अंसारी नाम के एक आरोपी की 2021 में कोरोना के चलते जेल में ही मृत्यु हो चुकी थी। गौरतलब है कि 11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में केवल 11 मिनट के भीतर सात स्थानों पर सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 189 बेगुनाह लोग मारे गए थे तथा 800 से अधिक घायल हुए थे। यह बम धमाका मुंबई की उन लोकल ट्रेन्स को लक्षित करके किया गया था, जिसमें रोजाना लाखों यात्री सफर करते हैं।

इसी तरह का दूसरा फैसला गत 31 जुलाई 2025 को मुंबई की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए की अदालत ने सुनाया। यह मामला 29 सितम्बर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में हुए बम धमाके से संबंधित था। मालेगांव बम विस्फोट मामले में 17 साल बाद सुनाए गए इस फैसले में भी अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया। मुस्लिम बहुल इलाके में हुए इस मोटरसाइकिल बम विस्फोट में फरहीन उर्फ शगुफ्ता शेख लियाकत, शेख मुश्ताक यूसुफ, शेख रफीक मुस्तफा, इरफान जियाउल्लाह खान, सैयद अजहर सैयद निसार और हारून शाह मोहम्मद शाह जैसे 6 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 29 सितंबर 2008 को रमजान के पवित्र महीने और नवरात्रि से ठीक पहले, मालेगांव के भीकू चौक पर एक मोटरसाइकिल में बम विस्फोट कर इस घटना को अंजाम दिया गया था।

इस घटना के बाद देश में व्यापक विवाद व सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया था। यही वह घटना थी जिसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद कांत पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी जैसे लोगों पर गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम UAPA, भारतीय दंड संहिता IPC और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। अभियोजन पक्ष ने यह दावा किया था कि जिस मोटरसाइकिल में विस्फोटक लगाकर उड़ाया गया था वह प्रज्ञा ठाकुर के नाम पर थी जबकि कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक सामग्री यानी आरडीएक्स उपलब्ध कराई थी। उस समय एटीएस ने यह दावा भी किया था कि यह हमला दक्षिणपंथी संगठन अभिनव भारत की साजिश के तहत किया गया था।

इसी तरह एक और बहुचर्चित मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन से जुड़ा है। गत 4 अगस्त 2025 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली। इस मामले में सत्येंद्र जैन पर लोक निर्माण विभाग में अनियमित नियुक्तियों का आरोप था परन्तु अदालत ने पिछले दिनों इसी मामले में अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि सीबीआई को लंबी जांच के बाद भी जैन के खिलाफ कोई आपराधिक सबूत नहीं मिले। अब आरोप लग रहा है कि ईडी ने जैन के विरुद्ध बिना ठोस सबूतों के कार्रवाई की, क्योंकि ED ने जैन के घर से नकद या सोना बरामद होने का जो दावा किया था अदालत ने उन दावों को ही झूठा माना और ईडी को फटकार भी लगाई। इन आरोपों में अपनी संलिप्तता से पूर्व दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य, बिजली, गृह और पी डब्लू डी जैसे महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री जैसे गरिमामई पद पर थे।

उदाहरणार्थ उपरोक्त तीनों मामलों का जिक्र यहां इसीलिए किया जा रहा है, क्योंकि यह मामले न केवल हैं प्रोफाइल थे बल्कि इन मामलों का गहरा सम्बन्ध देश की राजनीति से भी था। मीडिया में इन सभी मामलों ने भरपूर सुर्खियां बटोरी थीं और पक्षपाती मीडिया ने भी इन मामलों में अपने तरीके से मीडिया ट्रायल भी चलाया था। अन्यथा निश्चित रूप से ऐसे और भी फैसले आए दिन होते होंगे जिनमें वर्षों तक जेल भुगतने के बाद या जेल में मौत हो जाने के बाद आरोपियों को सुबूतों, साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के चलते बरी कर दिया जाता हो। इन परिस्थितियों में कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठने लाजिमी हैं। अदालतें यदि किसी भी आरोपी को साक्ष्यों व गवाहों के अभाव के कारण बरी करती हैं तो वह निश्चित रूप से स्वागत योग्य है, क्योंकि हमारे देश की न्याय व्यवस्था का यह कथन है कि भले ही सौ गुनहगार रिहा हो जाएं परन्तु किसी एक भी बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रक्षाबंधन: नारी रक्षा का संकल्प, एक सामाजिक चेतना

भारत की सांस्कृतिक परंपराओं और त्योहारों की भूमि पर रक्षाबंधन एक ऐसा पर्व है जो केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज में आत्मीयता, कर्तव्यबोध और नैतिक मूल्यों के पुनर्संवेदन का पर्व है। यह पर्व नारी अस्मिता, समानता, सुरक्षा और प्रेम की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करता है। राखी का धागा जितना कोमल दिखता है, उतनी ही उसमें गहराई और दृढ़ता होती है, यह एक ऐसा लौकिक बंधन है, जो प्रेम, आदर्शों और जिम्मेदारियों से बंधा होता है।

रक्षाबंधन कोई साधारण पर्व नहीं, यह आदर्शों का हिमालय है, संकल्पों का सोपान है। यह पर्व सिर्फ भाई-बहन के प्रेम की रस्म नहीं, बल्कि पुरुष समाज द्वारा नारी को आश्वस्त करने, उसका मान-सम्मान बनाए रखने की शपथ का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि नारी केवल स्नेह की पात्र नहीं, वह शक्ति, श्रद्धा और समाज की दिशा तय करने वाली एक सशक्त प्रेरणा भी है। आज जब महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में बुलंदियों को छू रही हैं, सेना से लेकर विज्ञान, शिक्षा से लेकर खेल तक तब रक्षाबंधन उन्हें केवल भावनात्मक सुरक्षा नहीं, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सम्मान दिलाने का भी माध्यम बनता है।

रक्षाबंधन की महत्ता को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक संदर्भों को जानना आवश्यक है। भविष्य पुराण में उल्लेखित कथा के अनुसार जब देव-दानव युद्ध में दानव भारी पड़ने लगे, तब इंद्राणी ने अपने पति इन्द्र की रक्षा हेतु रेशम का धागा मंत्रों के साथ उनके हाथ पर बांधा, जिससे इंद्र विजई हुए। मुगल काल में रानी कर्मवती ने जब चितौड़ पर संकट देखा, तो बादशाह हुमायूं को राखी भेजकर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने धर्म, संप्रदाय और सत्ता से ऊपर उठकर उस धागे की लाज रखी और चितौड़ की रक्षा में अपनी ताकत झोंक दी।

महाभारत में जब भगवान कृष्ण की उंगली से रक्त बहा, द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर पट्टी बांध दी। कृष्ण ने उस प्रेम को जीवन भर निभाया और चीरहरण के समय द्रोपदी की रक्षा की। यह केवल ऋण चुकता नहीं था, यह आदर्शों की प्रतिज्ञा थी। इसी तरह सिकंदर और पुरू की कथा इस बात को दर्शाती है कि राखी का एक धागा युद्ध भूमि में भी जीवनदान का कारण बन सकता है। यह प्रसंग हमें बताते हैं कि राखी केवल प्रेम का प्रतीक नहीं, बल्कि रक्षा, आदर्श और सम्मान की जीवंत प्रतिमा है।

रक्षाबंधन आज सिर्फ पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन जैसा है, लेकिन दुख इस बात का है कि इस पर्व की आत्मा धीरे-धीरे खोती जा रही है। आज बहनों के लिए यह पर्व सजने-संवरने और उपहार पाने का माध्यम बनता जा रहा है, जबकि भाइयों के लिए यह केवल एक औपचारिकता बनकर रह गया है। राखी के धागों की वह पवित्रता, भावनाओं की वह गहराई, अब कम होती जा रही है। यह पर्व अब बाजारवाद और दिखावे के जाल में उलझता नजर आ रहा है। इस बदलती सोच को थामना और मूल भावनाओं को पुनः प्रतिष्ठित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर्व का मूल उद्देश्य नारी के प्रति श्रद्धा, सुरक्षा और कर्तव्य का निर्वहन है न कि केवल उपहार और दिखावे का आदान-प्रदान। भाइयों को चाहिए कि वे बहन की रक्षा की शपथ केवल शब्दों में नहीं, जीवन के प्रत्येक व्यवहार में निभाएं। बहनें भी राखी को केवल संबंध या औपचारिकता न समझें, बल्कि इस पर्व को नारी स्वाभिमान और सामाजिक बदलाव के एक माध्यम के रूप में लें। आज जब समाज में महिलाओं के साथ अपराध बढ़ रहे हैं, जब बच्चियों से लेकर वृद्धाओं तक को भय और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, तब रक्षाबंधन एक ऐसा अवसर है जब हम केवल बहन नहीं, संपूर्ण नारी समाज की रक्षा का संकल्प लें।



एक ऐसा संकल्प जो केवल राखी तक सीमित न हो, बल्कि जीवन भर के आचरण में झलके। यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि नारी केवल स्नेह की नहीं, सम्मान की अधिकारिणी है। रक्षाबंधन भारत के विभिन्न अंचलों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह भाई-बहन के रिश्ते का पर्व है, वहीं महाराष्ट्र में नारली पूर्णिमा के रूप में समुद्र देवता को नारियल अर्पण कर मछुआरे समुद्र से अपने रिश्ते की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। दक्षिण भारत में 'अवनी अविट्टम' के रूप में यह ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संकल्प का पर्व है। वहीं स्कन्द पुराण और मद्भागवत में उल्लिखित वामन अवतार की कथा में रक्षाबंधन को 'बलेव' के रूप में जाना जाता है, जब भगवान विष्णु ने तीन पग भूमि मांगकर राजा बलि का अभिमान तोड़ा था। इन सब कथाओं में एक ही संदेश है-अहंकार के स्थान पर समर्पण, दंभ के स्थान पर रक्षा और स्वार्थ के स्थान पर सेवा। आज रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक और सांस्कृतिक पर्व भी कृत्रिम बुद्धिमता एवं संचार-क्रांति की आंधी में अपनी मूल आत्मा और संवेदना खोते जा रहे हैं। उपहारों की होड़, ब्रांडेड राखियों का प्रदर्शन, सोशल मीडिया पर दिखावे की होड़ ने इस पर्व को एक उपभोक्तावादी उत्सव में बदल दिया है। जहां पहले राखी एक भावनात्मक संबंध का प्रतीक थी, वहीं आज यह अधिकतर लेन-देन और औपचारिकता का माध्यम बनती जा रही है। इस प्रवृत्ति से पर्व की आत्मा, जिसमें बहन के प्रेम और भाई की जिम्मेदारी का गहन बोध निहित था, वह पीछे छूटता जा रहा है। इसलिए आवश्यक है कि हम रक्षाबंधन की प्रासंगिकता को केवल उपहारों और खर्च की दृष्टि से नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मीय रिश्तों और सामाजिक जिम्मेदारियों के दृष्टिकोण से समझें और मनाएं।

राखी का पर्व हमें मानवीय रिश्तों की फिर से व्याख्या करने का अवसर देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हर स्त्री हमारी बहन है, समाज की, संस्कृति की, मानवता की। उसकी रक्षा केवल सामाजिक कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म है। जब हर पुरुष स्त्री के प्रति अपने कर्तव्य को राखी की तरह पवित्र समझेगा, जब हर बहन अपने भाई में केवल उपहार देने वाला नहीं, बल्कि एक मूल्य-धारी रक्षक देखेगी, तब रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, एक क्रांति का आरंभ बनेगा। रक्षाबंधन कोई मंच या मंचन नहीं है। यह प्रदर्शन का नहीं, आत्मचिंतन का पर्व है। हमें इस पर्व को बाजारवाद और औपचारिकता से निकालकर पुनः उसकी असली पहचान देना होगा। यह प्रेम और कर्तव्य के बीच की एक खूबसूरत कड़ी है। इस बार राखी के धागों को केवल कलाई तक न सीमित रखें, इन्हें हृदय से बांधें, ताकि यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों से आगे बढ़कर पूरे समाज में एक सशक्त और सुरक्षित वातावरण का निर्माण कर सके। तभी राखी के यह धागे सच्चे अर्थों में आदर्श बनेंगे और संकल्पों का सोपान।

**-ललित गर्ग**

# रूस से अमेरिकी खरीद पर ट्रम्प अंजान



## पत्रकार के सवाल का अमेरिकी राष्ट्रपति ने कोई जवाब नहीं दिया

- भारत ने कहा था: रूस से यूरेनियम-खाद ले रहा यूएस-निक्की हेली बोलीं: भारत से रिश्ते खराब न करें
- भारतीय एनएसए डोभाल मास्को पहुंचे, भारत रूसी तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार

**वाशिंगटन।/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नहीं जानते हैं कि अमेरिका रूस से क्या खरीद रहा है। रूस से अमेरिका के केमिकल और खाद आयात करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्राकारों के सवाल पर कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता।

हमें इसकी जांच करनी होगी। यह बयान तब आया जब भारत ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका अब भी रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, खाद और केमिकल्स मंगा रहा है। ट्रम्प ने इससे एक दिन पहले भी उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीद कर ओपन मार्केट में बेच रहा है। भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि रूस के हमले से यूक्रेन में कितने लोग मारे जा रहे हैं। इस वजह मैं भारत पर टैरिफ में भारी इजाफा करूंगा। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इंपोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है।

भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा है कि अमेरिका को भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ रिश्ते खराब नहीं करने चाहिए और चीन को छूट नहीं देनी चाहिए। साउथ कैरोलीना की पूर्व गवर्नर हेली ने एक्स पर लिखा कि भारत को रूस से तेल खरीदने से रोका जा रहा है, लेकिन चीन, जो विरोधी है और रूसी-ईरानी तेल का नंबर एक खरीदार है, उसे 90 दिन के लिए टैरिफ से छूट दी गई है। चीन को छूट न दें। भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ संबंध खराब न कीजिए। निक्की हेली ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी की नेता हैं। वे संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजनयिक भी रह चुकी हैं। निक्की हेली ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी की नेता हैं।

वे संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजनयिक भी रह चुकी हैं। भारत और अमेरिका के बीच रूस से तेल खरीद को लेकर बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल रूस की राजधानी मास्को पहुंचे हैं। हालांकि, उनका यह दौरा पहले से तय था। डोभाल के दौरे का मकसद भारत-रूस संबंधों को और मजबूत करना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस महीने के आखिर तक विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मास्को जा सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का रूसी तेल खरीदना दोनों देशों के लिए फायदेमंद रहा है। यूक्रेन युद्ध से पहले रूस अपना क्रूड आयल यूरोपीय यूनियन की तरफ से तय 60 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर बेचता था, लेकिन वार के बाद से भारत इसे छूट पर खरीदता है।

# भारत को लेकर ट्रम्प का दोगलापन

**नई दिल्ली।** रूस से कारोबार को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं।

भारत ने बीते कुछ महीनों से लगातार अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का हवाला देते हुए रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर किसी भी दबाव में न झुकने की बात कही है। हालांकि, ट्रम्प की तरफ से लगातार तीखी होती टिप्पणियों के बाद भारत ने पहली बार पलटवार किया और भारत को निशाना बनाए जाने को अन्यापूर्ण और अनुचित करार दे दिया। नई दिल्ली ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहने के बावजूद रूस से अलग-अलग उत्पाद खरीद रहे हैं। भारत ने अमेरिका पर परमाणु कार्यक्रम के लिए उत्पाद खरीदने और ईयू पर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से लगातार कारोबार जारी रखने की बात कही। साथ ही तेल खरीद के लिए भारत को बेवजह निशाना बनाए जाने की आलोचना की। भारत की तरफ से अमेरिका और ईयू को इस तरह तथ्यों के साथ जवाब देने की मुख्यत: दो वजहें हैं। पहला: ट्रम्प ने हाल ही में रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ के साथ-साथ जुर्माना लगाने की धमकी दी है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि भारत पर बढ़े हुए टैरिफ का एलान अगले 24 घंटे में हो सकता है। दूसरी तरफ यूरोपीय संघ ने जुलाई के अंतिम हफ्ते में भारत की बड़ी तेल रिफाइनिंग कंपनी नायरा पर प्रतिबंध लगाने का एलान किया था। इतना ही नहीं ईयू ने भारत से रिफाइन होकर आने वाले रूसी तेल के आयात को भी प्रतिबंधित कर दिया था। ईयू के इस फैसले के बाद अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट ने नायरा एनर्जी के अकाउंट्स को बंद कर दिया।

### रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद यूएस-यूरोप का मास्को से कितना कारोबार, आंकड़े खोल रहे पोल

## संक्षिप्त समाचार

### कैलिफ़ोर्निया में जंगल में लगी आग से सैकड़ों इमारतें खतरे में

**लॉस एंजिल्स।** मध्य कैलिफ़ोर्निया में तेज़ी से फैल रही एक जंगल की आग से सैकड़ों इमारतों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आग ने पांच दिनों से भी कम समय में 82000 एकड़ (लगभग 332 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। अमेरिकी वन सेवा और कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, गिफ़र्ड फ़ायर नामक यह जंगल की आग शुक्रवार अपराह्न भड़की थी।

### चीन के गुआंगझो में भूस्खलन में सात लोग लापता

**गुआंगझो।** दक्षिणी चीन के गुआंगझो प्रांत की राजधानी गुआंगझो में बुधवार सुबह बारिश के बाद हुए भूस्खलन में सात लोग लापता हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे हुए इस भूस्खलन में बेयून जिले के दायुआन गांव में कई मकान ध्वस्त हो गए और कुल 14 लोग वहां फंस गए। दोपहर तक सात लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया और इन सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस हादसे के बाद आस-पास के सभी घर खाली करा लिए गए हैं। अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 14 मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने बुधवार को तमिलनाडु के 14 मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे समुद्र में मछली पकड़ रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनाथपुरम जिले के ये मछुआरे कल रात मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे तभी श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार करने के बाद अपने जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मछुआरे कच्चातीवु द्वीप के पास दो नावों (एक नाव में दस और दूसरी में चार) में मछली पकड़ रहे थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी नावों को श्रीलंकाई नौसेना ने जब्त कर लिया।

### मछलियों के जीवन चक्र में आ रहा है बदलाव: विशेषज्ञ

**कोच्चि।** वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन से मछलियों के जीवन चक्र में बदलाव हो रहा है जिससे मछलियों की प्रजनन दर प्रभावित हो रही है। केन्द्रीय समुद्रीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थ्थान के निदेशक के निदेशक डॉ. ग्रिसन जॉर्ज ने यह चौंकाने वाली जानकारी यहां आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में दी।

# गाजा में इजरायली हमलों में 83 फलस्तीनी मारे गए

## मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतिक्षा कर रहे 58 लोग शामिल

- पूर्वी लेबनान के ब्रिटल गांव में वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला का सदस्य मारा गया

**गाजा/बेरूत।** गाजा में मंगलवार को इजरायली हमले में कम से कम 83 फलस्तीनी मारे गए। गाजा नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ से कहा कि मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतीक्षा कर रहे 58 लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इज़रायली हमलों में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए गाजा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

इन घटनाओं पर इज़रायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा, अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसने अल-कुद्स ब्रिगेड और नासिर ब्रिगेड के साथ मिलकर गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस के उत्तर में इज़रायली सैनिकों और वाहनों को मोर्टार के गोले दागे हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि 18 मार्च को इज़रायल द्वारा गाजा में तीव्र हमलों को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 9519 फलस्तीनी मारे गए हैं और 38630 अन्य घायल हुए हैं। इसके बाद अक्टूबर 2023 से गाजा में इजरायल की ओर से शुरू किये गए अभियान में मरने वालों फलस्तनीनियों की कुल संख्या 61020 हो गई है और 150671 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में भुखमरी और कुपोषण के कारण आठ नई मौतें दर्ज की गईं, जिससे अक्टूबर 2023 से इस तरह की कुल मौतों की संख्या 188 हो गई, जिनमें 94 बच्चे शामिल हैं। दूसरी ओर पूर्वी लेबनान के ब्रिटल गांव में मंगलवार को एक वाहन पर इजरायली ड्रोन हमले में हिजबुल्ला का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि मृतक हुसम घरायब हिजबुल्ला का सैन्य कार्यकर्ता था। एक अलग घटनाक्रम में, स्थानीय टीवी चैनल अल-जदीद ने बताया कि लेबनानी कैबिनेट ने मंगलवार को सेना को हिजबुल्लाह को हथियारविहीन करने के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस वर्ष के अंत तक सभी हथियार सरकार के पूर्ण नियंत्रण में हों। सेना को यह योजना इस माह के अंत तक कैबिनेट को सौंपने के लिए कहा गया है।

# अमेरिका के एरिजोना में विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**एरिजोना।** अमेरिका में एरिज़ोना प्रांत के नवाजो नेशन में बुधवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई। नवाजो नेशन पुलिस ने फेसबुक पर बताया कि दुर्यघटना के समय यह छोटा विमान पास के एक अस्पताल से एक मरीज को लेने जा रहा था। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना अपराह्न करीब 12:40 बजे एरिज़ोना के चिनले के पास हुई। सीएनएन न्यूज चैनल ने अपनी रिपोर्ट में नवाजो पुलिस के हवाले से बताया कि हम पीड़ितों के परिवार और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। संघीय उड्डयन प्रशासन के अनुसार राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने बताया कि विमान बीचक्राफ्ट 300 था, जो नवाजो नेशन के चिनले म्यूनिसिंपल हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एनटीएसबी की प्रवक्ता सारा टेलर सुलिक ने सीएनएन को बताया कि एनटीएसबी के जांचकर्ता घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं।




नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के दौरान (SIR) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद प्रियंका गांधी, संजय राउत, सुप्रिया सुले और काकोली घोष व अन्य।

# कंबोडियाई अधिकारियों की हत्या की योजना के आरोपों का खंडन

**बैंकॉक।** थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने उन रिपोर्टों का कड़ा खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि उनका देश कथित तौर पर कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेत और सीनेट के अध्यक्ष हुन सेन की हत्या की योजना बना रहा है।

थाई विदेश मंत्रालय ने कहा कि कंबोडिया ने विदेशी खुफिया सूत्रों का हवाला देते हुए यह निराधार आरोप लगाया है कि थाईलैंड, हुन सेन और हुन मानेत की हत्या की साजिश रच रहा है लेकिन थाईलैंड सरकार इस निराधार आरोप का स्पष्ट रूप से खंडन करती है। उल्लेखनीय है कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 24 जुलाई को सीमा को लेकर एक सशस्त्र टकराव में बदल गया था। सीमा क्षेत्र में झड़पों के बाद, दोनों पक्षों ने भारी गोलाबारी की और इसमें कई लोग हताहत भी हुए। इसके बाद गत सप्ताह कुआलालंपुर में मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की मध्यस्थता में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुई बैठक हुई और तत्काल युद्धविराम समझौते की घोषणा की गई।

# पीएम मोदी गलवान झड़प के बाद पहली बार जाएंगे चीन

- एसओसी समिट में शामिल होंगे मोदी, 11 साल में पांच बार चीन जा चुके हैं भारत के प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एसओसी समिट में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। यह 2020 में गलवान घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद मोदी की पहली चीन यात्रा होगी।

मोदी इससे पहले 2018 में वहां गए थे। प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी का यह छठा चीन दौरा होगा, जो 70 सालों में किसी भी भारतीय पीएम की सबसे ज्यादा चीन यात्रा है। चीन से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी।

# पाक के सिंधु डेल्टा में पानी 40% घटा

## ऊपरी इलाकों में नहरों और बांधों में रोका, समुद्र का पानी भरने से जमीन हुई खारी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी सिंधु के डेल्टा में जिंदगी खत्म होने की कगार पर है। सिंधु का पानी ऊपर के इलाकों में नहरों और बांधों में रोक लिया गया है।

इसकी वजह से सिंध प्रांत और डेल्टा क्षेत्र में पानी पहुंचना लगभग बंद हो गया है। 1950 के दशक से अब तक सिंधु डेल्टा में बहने वाले पानी में 80 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। दूसरी तरफ इसमें अरब सागर का खारा पानी घुस आया है। इससे यहां की जमीन खारी हो चुकी है। खेती बंद हो गई है। मछलियों की आबादी घटी है और झींगा-केकड़ों का जीवन संकट में है। डेल्टा में कभी 17 छोटी नदियां, दलदली जमीन, मैंग्रोव जंगल और मछलियों से भरे कीचड़ भरे मैदान थे। आज वह मिट्टी नमकीन, पानी जहरीला और जमीन रहने लायक नहीं बची। सिंध सरकार के मुताबिक, यहां 80 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं बचा। समुद्र का खारा पानी अब जमीन के अंदर तक घुस आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 1960 के दशक से अब तक मैंग्रोव का 86 प्रतिशत हिस्सा खत्म हो गया है। इससे मछलियों की आबादी में 80 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो दशकों में अब तक 12 लाख से अधिक लोग डेल्टा छोड़कर कराची जैसे शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। पाकिस्तान फिशरफोक फोरम का कहना है कि तटीय इलाकों से हजारों मछुआरे परिवार विस्थापित हो चुके हैं। 54 साल के हबीबुल्लाह खट्टी ने अपना अब्दुल्ला मीरबहार गांव को छोड़ने दिया है। गांव छोड़ने से पहले उन्होंने अपनी मां की कब्र पर आखिरी सलाम किया। वो बताते हैं, कभी 40 गांवों वाले खारो चान इलाके में अब ज्यादातर गांव समंदर निगल चुका है।

# टैरिफ विवाद, ट्रम्प बोले: ब्राजील राष्ट्रपति जब चाहें, बात करें

- लूला दा सिल्वा का दो टूक जवाब-उनसे नहीं मोदी और जिनपिंग से चर्चा करना चाहूंगा

**ब्रासीलिया।** ब्राजीली राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने राजधानी ब्रासीलिया में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प से बातचीत से इन्कार कर दिया।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रम्प ने कहा था कि लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं। लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा। अमेरिका ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। ब्राजील इससे निपटने के लिए विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में जाने पर विचार कर रहा है।

लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रम्प से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवम्बर में होने वाले डब्ल्यूटीओ-30 क्लाइमेट समिट में ट्रम्प को न्योता जरूर भेजेंगे। अमेरिका ने हाल ही में ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रम्प प्रशासन के मुताबिक यह टैरिफ पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के चलते लगाया गया है।

# नेतन्याहू ने पूरा गाजा कब्जाने का बनाया मन, आर्मी चीफ बोले: यह गलती मत कर देना

**तेल अवीव।** गाजा युद्ध शुरू होने के करीब दो साल बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अब पूरे गाजा पर कब्जा करने की योजना (बिग गाजा प्लान) पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन, नेतन्याहू के इस बिग गाजा प्लान पर इजरायली सेना सहमत नहीं है। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जमीर ने योजना पर आपत्ति जताई है।

इससे इजरायली राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच तनाव और अधिक बढ़ गया है। जमीर ने चेतावनी दी है कि गाजा पर कब्जे की कोशिश से वहां बंधक 20 इजरायली नागरिकों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है। जमीर के मुताबिक इससे इजरायल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा।



जमीर के मुताबिक इससे इजरायल गाजा में एक थकाऊ युद्ध में उलझ जाएगा

फिलहाल गाजा के करीब 75 प्रतिशत हिस्से पर इजरायली सेना का नियंत्रण है। अब नेतन्याहू संपूर्ण गाजा पर कब्जा चाहते हैं। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। नेतन्याहू के करीबी सहयोगियों ने बिग गाजा प्लान के खिलाफ जाने पर आर्मी चीफ जमीर का इस्तीफा मांगा है। उनके एक करीबी अधिकारी ने एक इजरायली वेबसाइट से कहा कि अब फैसला हो चुका है, हम गाजा पर पूर्ण कब्जे की ओर बढ़ रहे हैं। अगर चीफ आफ स्टाफ जमीर को यह मंजूर नहीं है, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। गाजा युद्ध के दौरान इजरायली अधिकारियों ने पीएम नेतन्याहू के फैसलों पर सवाल उठाए हैं। आंतरिक खुफिया एजेंसी शिन बेट प्रमुख रानन बार को हटाने की नेतन्याहू की योजना कोर्ट ने रोक दी थी। आईडीएफ चीफ हर्शी हलेवी ने मार्च 2025 में इस्तीफा दे दिया था। नवम्बर 2024 में तत्कालीन रक्षा मंत्री गैलेंट को नेतन्याहू ने 'विश्वास संकट' का हवाला देकर हटा दिया था।

# संरा ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियानों के विस्तार को लेकर दी चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र गाजा पट्टी के माध्यम से इजराईली सैन्य अभियानों के संभावित विस्तार के खिलाफ चेतावनी दी है। यूरोप पश्चिम एशिया और अमेरिका के लिए संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव मिरोस्लाव जेंका ने मंगलवार को कहा कि इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा पूरे गाजा पट्टी में इज़रायली सैन्य अभियानों का विस्तार करने के संभावित निर्णय से संबंधित नवीनतम रिपोर्टें यदि सच हैं, तो बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद को बताया कि इससे लाखों फलस्तीनियों के लिए विनाशकारी परिणाम सामने आएंगे और गाजा में शेष (इजरायली) बंधकों के जीवन को और भी खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून स्पष्ट है। गाजा फलस्तीनी राज्य का एक अभिन्न अंग है और उसे बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने जुलाई 2024 में कहा था कि इज़रायल का दायित्व है कि वह सभी नई बस्तियां बसाने की गतिविधियों को तुरंत बंद करे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॅान कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108